सुप्रभात
रांची, सोमवार
05.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | बैशाख, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 288



12 देश जैसा चाहता है, वैसा ही दिया जायेगा जवाब

### न्यूज डायरी

#### घाटी में बड़ा हादसा, सैन्य वाहन गिरा, तीन शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बैटरी चश्मा के पास सेना का एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है जिसमें 3 सैनिकों के शहीद होने की खबर है। जानकारी के अनुसार सेना का एक ट्रक 600 फीट गहरी खाई में लुढ़क गया। शहीद सैनिकों की पहचान अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर के रूप में हुई है।

#### तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत

**रांची।** खूंटी शहर के आजाद रोड के रहने वाले दो मासूम बच्चों की रविवार को तालाब में डूबने से मौत हो गयी। मृतकों में 11 वर्षीय अब्दुल समद और नौ वर्षीय हमजा अंसारी शामिल हैं। एक साथ दो मासूमों की इस तरह की मौत ने सभी की आंखों को नम कर दिया। अब्दुल समद, रांची के टेंडर हर्ट स्कूल में कक्षा चार का छात्र था। हमजा अंसारी, आईडियल स्कूल में पढ़ता था और सब्बन अंसारी का इकलौता पुत्र था।

#### एमइएस का इंजीनियर घूस लेते गिरफ्तार

**रांची।** सीबीआई ने मिलिटरी इंजीनियर सर्विस (एमइएस) के सिविल असिस्टेंट इंजीनियर कौशलेश कुमार को 50 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ़्तार किया है। साथ ही इंजीनियर के घर पर छापेमारी के दौरान मिले आठ लाख नकद और बैंक खाते में जमा 63 लाख रुपये जब्त किये हैं। गिरफ़्तार इंजीनियर एयरफोर्स स्टेशन दरभंगा में पदस्थापित है। दिल्ली की एक कंपनी ने सीबीआई से इस इंजीनियर के खिलाफ घूस मांगने की शिकायत दर्ज करायी थी।

#### जासूसी के आरोप में पंजाब में दो गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर में सैन्य छावनी क्षेत्रों और वायुसेना अड्डों की संवेदनशील जानकारी और तस्वीरें लीक करने में कथित भूमिका को लेकर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार लोगों के नाम पलक शेर मसीह और सूरज मसीह है। प्रारंभिक जांच में उनके जेल में बंद हरप्रीत सिंह के जरिये पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों से संबंध होने का पता चला।

#### छह बांग्लादेशी महिलाएं हिरासत में

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर बिना वैध दस्तावेजों के राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न इलाकों में रह रहीं छह बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त के अनुसार, मंडावली पुलिस थाने को मिली सूचना के बाद यह कार्रवाई शुरू की गयी। सभी को हिरासत में ले कर जेल भेज दिया गया है।

## पहलगाम का बदला: भारत ने पाकिस्तान को हर मोर्चे पर घेरा, एक और कड़ा फैसला

# चिनाब का पानी रोका, अब झेलम की बारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। भारत ने चिनाब नदी पर बने बागलीहार बांध से पाकिस्तान की ओर पानी का बहाव रोक दिया है। इतना ही नहीं, भारत झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध पर भी ऐसा ही कदम उठाने की योजना बन रहा है। यह कदम भारत ने तब उठाया है, जब पहलगाम हमले के बाद 1960 में हुई सिंधु जल समझौते को निलंबित करने का फैसला लिया गया। भारत का यह कदम पाकिस्तान को सख्त संदेश देने की कोशिश है। बागलीहार बांध के स्लुइस स्पिलवे के गेट बंद कर दिया गया, ताकि



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पानी का बहाव कम हो। भारत, पाकिस्तान के खिलाफ हर मोर्चे पर जवाब देने को तैयार है। पाकिस्तान सिंधु जल समझौते को रद्द करने के फैसले को युद्ध की कार्रवाई करार दिया था । इसे कूटनीतिक तौर पर पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत की ओर से उठाया गया सबसे बड़ा कदम माना जा रहा है।

**लंबे समय से था बांधों का विवाद :** सिंधु जल समझौते के तहत भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी का बंटवारा होता है।

(शेष पेज 11 पर)

### एयरमार्शल ने पीएम को दी तैयारियों की जानकारी



**नयी दिल्ली।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। वायुसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी को सुरक्षा की तैयारियों को लेकर जानकारी दी है। दोनों की यह मुलाकात रविवार को पीएम आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से तनाव के बीच पीएम मोदी लगातार सेना प्रमुखों के साथ मीटिंग कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने नेवी चीफ के साथ मीटिंग की थी। कुछ दिन पहले ही उन्होंने तीनों सेना प्रमुखों के साथ मीटिंग की थी। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी शामिल हुए थे। बैठक में पीएम ने सेनाओं को एक्शन लेने की खुली छूट दे दी। पीएम मोदी ने अंगोला के राष्ट्रपति के साथ मुलाकात के बाद एक बार फिर मीडिया के सामने दोहराया कि पहलगाम में आतंकवादी हमले को अंजाम देने वालों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### पानी को तरसाने और डुबाने की तैयारी

पानी जिंदगी का दूसरा नाम है और बूंद-बूंद पानी को तरस जायें तो तबाही। पानी बेहिसाब बरसने या बहने लगे तो तबाही। पहलगाम आतंकी हमले में 26 सैलानियों की मौत के बाद भारत ने सबसे पहला और सबसे बड़ा फैसला ये किया कि पाकिस्तान के साथ सिंधु नदी समझौता स्थगित कर दिया। जल प्रहार से भारत, पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर करने और अचानक पानी और मिट्टी छोड़ कर पाकिस्तान को जल प्रलय से तबाह करने की तैयारी में हैं।

### हीर-रांझा की कहानी में भी चिनाब का जिक्र

चेनाब भारत और पाकिस्तान की एक प्रमुख नदी है, जो हिमालय पर्वत श्रृंखला से निकलती है और पाकिस्तान में सिंधु नदी में मिल जाती है। नदी की कुल लंबाई लगभग 960 किलोमीटर है। चंद्र और भागा नदियां हिमाचल प्रदेश के तांदी नामक स्थान पर मिलकर चेनाब बनाती हैं। यह नदी सिंधु जल संधि (1960) के तहत भारत और पाकिस्तान के बीच बांटी गयी नदियों में से एक है। भारत में चेनाब नदी पर बगलीहार बांध (जम्मू-कश्मीर) जैसे कई पनबिजली और सिंचाई परियोजनाएं बनी हैं। यह नदी कई लोक कथाओं का हिस्सा रही है, विशेष रूप से हीर-रांझा की प्रेम कहानी में इसका जिक्र आता है।

### हजारीबाग में विशेष व्यवस्था, पिछले साल यहीं से लीक हुआ था पेपर

# कड़ी सुरक्षा के बीच नीट यूजी की परीक्षा संपन्न

#### राजधानी के 22 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट यूजी 2025) परीक्षा रविवार झारखंड समेत पूरे देश में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गयी। रांची में 22 परीक्षा केंद्रों पर करीब 10 हजार छात्रों ने परीक्षा दिया। वहीं हजारीबाग में इस साल परीक्षा को लेकर अति सावधानी बरती गयी थी। साल 2024 में हजारीबाग से ही प्रश्न पत्र लीक हुआ था। जिसकी जांच अब भी जारी है। इसी कारण पूरे देश की नजर इस परीक्षा को लेकर हजारीबाग में टिकी थी। स्ट्रॉन्ग रूम से प्रश्न पत्र विभिन्न केंद्र में कड़ी सुरक्षा के बीच में पहुंचाया गया।



#### अफवाह फैलानेवालों पर कार्रवाई

देशभर में रविवार को नीट-यूजी की परीक्षा का आयोजन देश के 5,453 केंद्रों और विदेश के 13 शहरों में किया गया। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली। इस बार 22.7 लाख से ज्यादा छात्रों ने परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बताया कि कुछ लोग परीक्षा से पहले छात्रों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। इन लोगों ने टेलीग्राम और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फर्जी दावे किये कि वे पैसे लेकर अच्छे मार्क्स दिलवा सकते हैं। इस तरह की भ्रामक जानकारी फैलाने वाले 165 से ज्यादा टेलीग्राम चैनल और 32 इंस्टाग्राम अकाउंट्स के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। यह कार्रवाई गृह मंत्रालय के साइबर अपराध विभाग की मदद से की गयी।

परीक्षा के बाद उसी तरह उत्तर पुस्तिका स्ट्रांग रूम लाया गया।

**इस बार कई बदलाव :** इस साल परीक्षा में कई बदलाव किये गये थे। परीक्षा में 180 सवाल पूछे गये।

(शेष पेज 11 पर)

### इसीआइ की बड़ी पहल- अब एकल ऐप में मिलेगी सभी सेवाएं

#### चुनावी सेवाएं सुगम बनेंगी, डेटा प्रबंधन में आसानी होगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एक बड़ी पहल के तहत चुनाव आयोग (इसीआइ) मतदाताओं और चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और नागरिक समाज जैसे अन्य हितधारकों के लिए एक नया उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल इंटरफेस विकसित कर रहा है। इस डिजिटलीकरण के तहत चुनाव अधिकारी से लेकर वोटर, राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन सभी को सुविधा के लिए आयोग एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म इसीआईनेट लॉन्च करने की तैयारी में है। यह एक ऐसा ऐप होगा, जिसमें आयोग के 40 से ज्यादा मौजूदा मोबाइल ऐप्स होंगे। इसीआइ-नेट में एक सुंदर यूजर इंटरफेस (यूआइ) और एक सरलीकृत यूजर एक्सपीरियंस (यूएक्स) होगा, जो चुनाव-संबंधित सभी गतिविधियों के लिए एक एकल प्लेटफॉर्म उपलब्ध करायेगा। यह प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं को कई ऐप डाउनलोड करने और नेविगेट करने तथा अलग-अलग लॉगिन याद रखने के बोझ को कम करने के लिए भी डिजाइन किया गया है। इसकी परिकल्पना मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन के दौरान की थी। ईसीआईएनईटी उपयोगकताओं को अपने डेस्कटॉप या स्मार्टफोन पर प्रासंगिक चुनावी डेटा तक पहुंचने में सक्षम बनायेगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि डेटा यथासंभव सटीक है। ईसीआईएनईटी पर डेटा केवल अधिकृत ईसीआई अधिकारी द्वारा दर्ज किया जाएगा। किसी भी संघर्ष की स्थिति में, वैधानिक प्रपत्रों में विधिवत भरा गया प्राथमिक डेटा मान्य होगा।

(शेष पेज 11 पर)

### मोदी के भाषण में छा गया बिहार का लाल वैभव

**पटना।** बिहार में आयोजित 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो संदेश के जरिये खिलाड़ियों और आयोजकों को बधाइ दी। उन्होंने भोजपुरी में अपने संबोधन की शुरूआत की। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने आईपीएल के सबसे छोटे (उम्र) खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ की। पटना में रविवार शाम को सीएम नीतीश कुमार ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स का विधिवत उद्घाटन किया और मोदी का वीडियो संदेश लोगों को सुनाया। पीएम मोदी ने कहा कि यह मंच आपकी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को सामने लायेगा और सच्ची खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा।

उन्होंने क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की तारीफ में कहा, इतनी कम उम्र में एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। इसका मतलब है कि जो जितना खेलेगा, वो उतना ही खिलेगा। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में बिहारी व्यंजनों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी बिहार के बाहर से आये हैं, वे बिहार में लिट्टी-चोखा का स्वाद जरूर लें। साथ ही, वहां का मखाना भी खाना नहीं भूलें। पीएम मोदी ने कहा कि देश में खेलों के विकास के लिए इस साल के 4,000 करोड़ रुपए के बजट में से एक बड़े हिस्से का उपयोग खेलों के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है।

## नक्सली व स्प्लिंटर ग्रुप के खौफ से लातेहार अशांत

#### खौफ में कारोबारी व कर्मचारी

**विवेक राज**

रांची। झारखंड के लातेहार में नक्सलियों ने अपनी खौफ की एक बार फिर दस्तक देनी शुरू कर दी है। चार दिनों के अंदर दो बड़ी वारदातों को अंजाम देकर नक्सलियों ने पुलिस के सामने खुली चुनौती दी है। नक्सली संगठन बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम देकर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा है। बहुत कम बार ऐसा होता था जिसमें आगजनी के दौरान नक्सलियों ने किसी व्यक्ति की हत्या की हो, पर महुआटांड़ में गुरुवार को हुए नक्सली हमले में कंस्ट्रक्शन कंपनी के मुंशी की गोली मारकर हत्या कर दी।

शनिवार की रात एक सरकारी प्रतिष्ठान के साइट पर हमला किया गया, जिसमें छह वाहनों को आग के हवाले किया गया। लातेहार में केंद्र और राज्य सरकार के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में प्राइवेट के साथ-साथ सरकारी कर्मचारी भी काम कर रहे हैं। चार दिन के भीतर दो बड़ी नक्सली वारदात की वजह से लातेहार में काम करने वाले कर्मचारी दहशत में हैं। यह चिंता की बड़ी बात है।


**दोनों ग्रुप हावी होने के प्रयास में :** लंबे समय बाद लातेहार में एक बार फिर से स्प्लिंटर ग्रुप और माओवादी दोनों ही हावी होने की कोशिश कर रहे हैं। गुरुवार से शनिवार तीन दिन के भीतर इन वारदातों से यह आशंका बढ़ गयी है। पिछले महीने बोकारो में आठ नक्सलियों को मार गिराने के बाद झारखंड पुलिस टॉप गेयर में चल रही थी, लेकिन लातेहार में हुई दो लगातार वारदातों ने अभियान पर सवाल उत्पन्न कर दिया है।

**गत साल के अंतिम माह से बढ़ी वारदात :** 2024 में भी नक्सली और स्प्लिंटर ग्रुप ने लातेहार में जमकर उत्पात मचाया गया था। तब एसपी कुमार गौरव की कार्रवाई से चार महीने तक लातेहार शांत रहा। इधर अचानक एक बार फिर दहशत कायम हो गया है। पिछले साल एक महीने में ही आगजनी और गोलाबारी की 10 घटनाएं सामने आयी थी। जांच में यह बात सामने आयी कि फायरिंग और आगजनी करने वाले उग्रवादी संगठन स्प्लिंटर ग्रुप के हैं। ये सिर्फ और सिर्फ पैसे वसूलने के लिए घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पर इस बार लातेहार में हुई दो वारदातों में नक्सलियों के शामिल होने की बात सामने आ रही है।

#### नक्सलियों का उत्पात, आठ वाहन फूंके



**लातेहार।** नक्सलियों ने सीएमपीडीआई के साइडिंग पर हमला बोलते हुए दो ड्रिलिंग मशीन समेत 8 गाड़ियों में आग लगा दी। नक्सलियों ने शनिवार की रात जमकर उत्पात मचाया। चंदवा थाना क्षेत्र के तोरीसोत गांव के पास खनिज सर्वे करने वाली कंपनी सीएमपीडीआई के साइड पर धावा बोला और वहां खड़ी दो ड्रिलिंग मशीन समेत 8 गाड़ियों में आग लगा दी। इस दौरान फायरिंग भी की। एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर बालूमाथ डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन आरंभ कर दी है।



कल्याण मंत्री ने किया बुंडु स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास का औचक निरीक्षण

# आदिवासी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को प्रतिबद्ध है झारखंड सरकार : चमरा लिंडा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने बुंडु स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास का रविवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की मूलभूत सुविधाओं, प्रबंधन व्यवस्था और विद्यार्थियों की स्थिति का गहराई से मूल्यांकन किया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री चमरा ने छात्रावास में रह रहे छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। छात्रों ने भोजन, पढ़ाई, स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें सामने रखीं, जिन पर मंत्री ने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर तमाड़ विधायक विकास मुंडा, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, प्रबंधन समिति के सदस्य और कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**सभी आदिवासी छात्रावास में हो समुचित व्यवस्था :** श्री लिंडा ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी इस राज्य का भविष्य हैं। हमारी सरकार आपकी शिक्षा, सुरक्षा और सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। मेरी प्राथमिकता है कि सभी छात्रावास में समुचित खानपान, पढ़ाई, पुस्तकालय, स्वच्छता और देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित हो।

**आदिवासी छात्रावास को जल्द मिलेगा कुक, लाइब्रेरियन, वार्डन और सफाईकर्मी :** मंत्री ने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से विशेष बैठक कर आदिवासी छात्रावासों की स्थिति में व्यापक सुधार के लिए योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आने वाले समय में राज्य के हर आदिवासी छात्रावास में कुक, लाइब्रेरियन, वार्डन और सफाईकर्मी की स्थायी नियुक्ति की जाएगी। बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण भोजन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

**संघर्ष की प्रेरणादायक बातों से छात्रों को किया उत्साहित**

कल्याण मंत्री ने अपने संघर्षों की कहानी साझा करते हुए छात्रों से कहा कि मैं भी आप लोगों की तरह एक साधारण आदिवासी परिवार से आया हूं। जो कुछ भी आज हासिल किया है, वह माता-पिता के त्याग और अपनी मेहनत का परिणाम है। आप सबको आगे बढ़ने के लिए सिर्फ अवसर चाहिये और वह अवसर सरकार उपलब्ध करा रही है। अब बारी आपकी है, कि आप मेहनत से अपने और अपने समाज का भविष्य संवारें।

**भवन निर्माण में अनियमितता पर सख्ती :** निरीक्षण के दौरान श्री लिंडा ने छात्रावास के नए भवन निर्माण कार्य में पाई जा रही अनियमितताओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

कोयला एवं खान राज्यमंत्री ने सीसीएल की समीक्षा की

# सीसीएल को निर्धारित समय सीमा में परियोजनाओं को पूरा करने के निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने रविवार को सीसीएल की समीक्षा की। इस बैठक में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान मंत्री ने गत वित्तीय वर्ष के प्रदर्शन की गहन समीक्षा की। उन्होंने कंपनी की उपलब्धियों, उत्पादन, सुरक्षा मानकों और गतिविधियों का विश्लेषण किया। वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना और भविष्य की रणनीतिक पहलों का भी निरीक्षण किया।

मंत्री ने कंपनी को ऊर्जा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सीसीएल और सीएमपीडीआई जैसे सार्वजनिक उपक्रमों की भूमिका भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में सशक्त बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

बैठक में सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्षनाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी-संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (परियोजना एवं योजना) शंकर नागाचारी भी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान श्री दुबे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजनाओं को पूर्ण करें। तकनीकी नवाचारों को अपनाएं। स्थायी एवं पर्यावरणीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता दें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल उत्पादन ही नहीं, बल्कि गुणवत्ता, सुरक्षा और पारदर्शिता के साथ-साथ राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा एवं प्रगति को सुनिश्चित करना है।

### मनरेगा में बिना कार्य निर्गत नहीं किया जायेगा मस्टर रोल

रांची। मनरेगा आयुक्त मृत्यूजंय कुमार बरनवाल ने जिला व प्रखंड स्तर के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि बिना कार्य के किसी भी हाल में मस्टर रॉल जारी न हो। पहले काम प्रारंभ करा देने के बाद ही मस्टर रॉल की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। मनरेगा आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से बन रहे आवास का विंडो सिल तक पूर्ण होने के बाद तथा अबुआ अवास योजना में प्लींथ लेबल तक कार्य होने के उपरांत उसमें मनरेगा से मस्टर रॉल प्रावधाननुसार ही निकालने को कहा है।

**शपथ पत्र**

मैं धृतपाल बड़ाईक पिता स्वर्गीय बीरबल बड़ाईक उम्र 70 वर्ष, ग्राम-ईचा, पोस्ट-ईचा, थाना- घाघरा, जिला-गुमला, झारखंड शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि:- यह है कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं।यह है कि आधार कार्ड नंबर 421863233356 में मेरा नाम धृतपाल बड़ाईक, पिता स्वर्गीय बीरबल बड़ाईक दर्ज है तथा जन्म तिथि 1/1/1955 दर्ज है। जो सही है। यह है कि FUTURE GENERALI INSURANCE कंपनी में पॉलिसी नंबर 01096296, कस्टमर आई.डी. 22782889 है। जिसमें मेरा नाम GHRITAPAL BARAIK दर्ज है। जिसमें मेरा जन्म तिथि 1/1/1965 दर्ज है। जो गलत है। यह है कि GHRITAPAL BARAIK और DHRITAPAL BARAIK दोनों नाम मेरा ही है। मैं ही दोनों नाम से जाना जाता हूं।
शपथ पत्र संख्या 1565/2025

**AFFIDAVIT**

Series No. 23-24/U1.. 12485
I, Vidhi Jalan, W/o Kunal Jalan, Resident of 101, 1st Floor, Jalan Niwas, Harmu Road Bylane, Opp. Indian Oil Petrol Pump, Poddar Bagan, Garikhana Chowk, P.O. G.P.O., District-Ranchi (Jharkhand) - 834001 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
(1) THAT I am a law abiding Indian Citizen by birth and residing at above mentioned address.
(2) THAT my name as mentioned in my AADHAR CARD is VIDHI JALAN.
(3) THAT my name as mentioned in my passport bearing number-W2543759 is VIDHI AGARWAL.
(4) THAT both the names i.e. VIDHI JALAN and VIDHI AGARWAL are of ONE AND SAME PERSON, namely myself.
(5) THAT the statement furnished above is true and correct to my knowledge and belief.
Ref No.119
Date. 3 MAY 2025

**AFFIDAVIT**

Series No. 23-24/T1.. 29797
I **APARNA KUMARI**, D/o Late Uma Shankar Prasad, Wife of Md. Arshi, Resident of House No-08, Judge Colony, Nepal House, P.O+P.S-Doranda, Dist Ranchi, Jharkhand-834002 and permanent resident of C-20, 2nd Phase, Adityapur Industrial Area, Near Jusco Substation Phase-2, P.S-Adityapur, Dist Seraikela Kharsawan, Jharkhand 832109, do here by solemnly affirm and state as follows:-
1. That I am an Indian Citizen by birth.
2. That I have performed Nikah with MD. ARSHI on dated 23-03-2021 in presence of witnesses (i) Sri Rakesh Ranjan (S.D.P.O Seraikela Kharsawan) (ii) Vandana Kumari @ Vandana Singh and after that my name became change as BAITULLA
3. That from the date of this affidavit I will be known as "BAITULLA" in place of "APARNA KUMARI"
4. That above mentioned affidavit have been sworn on for the purpose of to correct my name in my Aadhar Card bearing no 3606 3829 5421.
5. That above mentioned statements are true and binding upon me.

## संविधान बचाओ रैली को ऐतिहासिक बनाने में जुटी कांग्रेस

**राजधानी में जबरदस्त तैयारी, खड़गे, वेणुगोपाल और के राजू करेंगे नेतृत्व**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी रांची में 6 मई को आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली को ऐतिहासिक और जन-सैलाब से भरा बनाने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में गठित समितियां दिन-रात तैयारी में जुटी हैं। रैली को लेकर हर स्तर पर गंभीरता और संकल्प दिख रहा है। चाहे वह राजधानी के मोहल्लों की बैठकें हों या सुदूर प्रखंडों में आमजन से सीधा संवाद। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से लेकर शहर के हर चौक-चौराहे तक, रैली को लेकर जनजागरूकता फैलाई जा रही है। जातिगत जनगणना के लिए जननायक राहुल गांधी आभार, जय बापू, जय भीम, जय संविधान, और झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए जैसे नारे वाले होर्डिंग्स पूरे रांची में लगाए जा रहे हैं, जो न सिर्फ कार्यक्रम का संदेश दे रहे हैं, बल्कि जनता को भावनात्मक रूप से जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं।

रैली की तैयारियों का जमीनी जायजा लेने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं झारखंड प्रभारी डॉ बेला प्रसाद स्वयं रांची में मौजूद हैं और पल-पल की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। रविवार की सुबह 6:30 बजे ही उन्होंने पुराना विधानसभा मैदान का निरीक्षण किया। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश महासचिव आलोक कुमार दुबे, वरिष्ठ नेता शशिभूषण राय, हिमांशु, संजय प्रसाद और मेहुल दुबे भी मौजूद रहे। सभी नेताओं ने मंच निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, कार्यकर्ताओं की बैठने की व्यवस्था, मीडिया एरिया, मेडिकल सहायता केंद्र समेत हर पहलू की बारीकी से समीक्षा की। रैली के बाद होटल बीएनआर में पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी, जिला कांग्रेस अध्यक्षों और प्रदेश कार्यकारिणी की अलग-अलग महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और झारखंड प्रभारी के। राजू की उपस्थिति तय है। वे सभी नेताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे और आगामी रणनीति पर गहन विमर्श करेंगे।

इस बीच कांग्रेस भवन में एक और महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला अध्यक्षों एवं नोडल ऑफिसरों के साथ संवाद कर यह सुनिश्चित किया गया कि राज्य के हर कोने से कार्यकताओं की भागीदारी हो। बैठक में आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, सूर्यकांत शुक्ला,डॉ राजेश गुप्ता,सुंदरी तिर्की, अख्तर अली, प्रभात कुमार, जितेंद्र त्रिवेदी, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, फिरोज रिजवी मुन्ना और कामेश्वर गिरी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। तैयारी की समीक्षा के उपरांत मीडिया कर्मियों से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में क्लीन चिट दिए जाने के बावजूद, अहमदाबाद अधिवेशन में देश भर से जुटे कांग्रेसजनों की हुंकार से घबरा कर प्रधानमंत्री ने ईडी के माध्यम से सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर आरोप गठित किए।

# कांग्रेस पार्टी का संविधान बचाओ रैली एक नौटंकी : बाबूलाल मरांडी

**तुष्टीकरण केलिये कांग्रेस ने 79बार किया संविधान में संशोधन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस के संविधान बचाओ रैली पर बड़ा निशाना साधा है। श्री मरांडी रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान की मयार्दाओं पर जितना प्रहार किया, वो देश के इतिहास में काले पन्ने के रूप में दर्ज है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता केलिये संविधान की मूल भावना को भी बदल दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने 60 वर्षों के शासन में 79 बार संविधान में संशोधन किये। कांग्रेस ने संविधान को तुष्टीकरण का घोषणापत्र बना दिया। उन्होंने कहा कि प्रथम संविधान संशोधन अभिव्यक्ति की आजादी पर पहला प्रहार पंडित नेहरू ने किया। संविधान लागू करने के कुछ ही समय बाद नेहरू द्वारा इसमें संशोधन दिखता है की नेहरू सविंधान की कितनी इज्जत किया करते थे।

उन्होंने कहा कि चुनी हुई राज्य सरकारों को गिराना कांग्रेस की फितरत रही है। गैर.कांग्रेसी सरकारों को बार-बार गिराने के लिये राष्ट्रपति शासन का दुरुपयोग किया गया। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने का यह गंभीर उदाहरण था। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका में हस्तक्षेप करते हुए इंदिरा गांधी ने 25 अप्रैल 1973 को तीन वरिष्ठतम न्यायाधीशों को दरकिनार कर एएन रे को सीजेआई नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि 42वां संविधान संशोधन इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल के दौरान पारित यह संशोधन इतना व्यापक था कि इसे मिनी संविधान कहा गया।यह न्यायपालिका, संसद और मूल अधिकारों को कमजोर करने की साज़िश थी। कांग्रेस सरकार ने आपातकाल के दौरान समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और राष्ट्रीय अखंडता जैसे शब्द जोड़े।यह कार्य बिना आम सहमति या जनमत के किया गया और इसे मुस्लिम तुष्टिकरण से प्रेरित माना गया। आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला दिन माना जाता है। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह के समय तो किचन कैबिनेट सोनिया गांधी के घर में शिफ्ट हो गया था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा मुस्लिम महिला को गुजारा भत्ता देने का फैसला दिया गया।राजीव गांधी सरकार ने एक विशेष कानून बना कर यह फैसला पलट दिया।यह संविधान के अनुच्छेद 14 ;समानता का अधिकार का खुला उल्लंघन था। उन्होंने कहा कि संसद की गरिमा का अपमान द्द राहुल गांधी द्वारा कैबिनेट पेपर फाड़ना संवैधानिक संस्थाओं का बड़ा अपमान है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व के नेताओं द्वारा खुलेआम ऐसे बयान दिये गये, जिनमें शरीयत को संविधान से ऊपर बताया गया। संविधान की सर्वोच्चता पर सीधा प्रश्न खड़ा हुआ। वक़्फ़ कानून पर हो रहे हिंसक विरोध और कांग्रेस को इसका समर्थन इसका सीधा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने कृत्यों केलिये जनता से माफी मांगे। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज एवं योगेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे।

### पाकिस्तानियों भारत छोड़ो नारे के साथ भाजपा का प्रदर्शन आज

**रांची।** भाजपा ने कहा है कि पहलगाम आतंकी घटना के बाद केंद्र सरकार पीएम के नेतृत्व में लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है। देश की जनता प्रधानमंत्री के साथ आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में एकजुट होकर खड़ी है। भारत सरकार ने आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान को सबक सिखाने केलिये अनेक कठोर निर्णय लिये हैं। इसी क्रम में गृह मंत्रालय भारत सरकार ने विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3,1 के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुये वीजा को निलंबित किया है। भाजपा भारत सरकार के समर्थन में पाकिस्तानियों भारत छोड़ो आंदोलन के तहत सभी जिलों में प्रदर्शन करते हुये जिला में डीसी को ज्ञापन सौंपेगी।

## संविधान को चुहें जैसा कुतर रहें है मोदी : बंधु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। वक्फ अमेंडमेंट एक्ट के खिलाफ रविवार को विरोध सभा का आयोजन झारखंड मुस्लिम युवा मंच एवं मुस्लिम समाजिक संगठनों के द्वारा किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि जिन लोगों का देश की आजादी और संविधान के निर्माण में कोई भूमिका नहीं है। वो सत्ता का दुरुपयोग कर संविधान को चूहें की तरह कुतर रहें है। अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह माथरू ने कहा कि वक्फ की जमीन अल्लाह की है जिसे किसी भी रूप छीनने नही दिया जा सकता। अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि मोदी सरकार बहुमत का दुरुपयोग कर काला कानून बनाया है। आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली ने कहा भारत में हर समुदाय और संस्थाओं को अपने धार्मिक मान्यता के अनुसार सम्पत्तियों का प्रबंध करने का अधिकार है। सभा की अध्यक्षता शाहिद अय्यूबी ने किया। सभा को राजद नेता कैलाश यादव, डां मजीद आलम, अधिवक्ता ए. आल्लाम, ए के राशीदी, भुनेश्वर केवट, प्रवीर पीटर, कांग्रेस नेता मंजूर अंसारी, खालीद खलील, दरगाह कमिटि के अध्यक्ष अयूब गद्दी, मौलान तलहा, अकील्लुर रहमान, जेएमएम नेता फरीद खान, कांग्रेस नेता हुसैन खान,मौलान आबिद, अधिवक्ता अजहर खान, जुल्फिकार अली भुप्तो, मो रिजवान , पप्पू गद्दी, , सदाब खान, सैफ गद्दी, अनीस गद्दी आदि ने भी सम्बोधित किया।

## संविधान बचाओ रैली में जातिगत जनगणना की सच्चाई बतायेगी कांग्रेस

**रांची।** राजधानी में 6 मई को प्रदेश कांग्रेस की ओर से संविधान बचाओ रैली आयोजित की जा रही है। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे सहित अन्य लीडर भी शामिल होंगे। इसके लिए पुराना विधानसभा स्थित ग्राउंड में तैयारी जारी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के मुताबिक, रैली के दौरान कांग्रेस जातिगत जनगणना की सच्चाई से कांग्रेस कार्यकताओं को अवगत करायेगी ताकि आम लोगों तक पूरा सच सामने आ सके। जातिगत जनगणना की मांग का मोदी सरकार लंबे समय से मजाक उड़ाती रही और इसके विरोध में बातें करती थी लेकिन कांग्रेस के निरंतर दबाव और राहुल गांधी द्वारा मुखर होकर जातिगत जनगणना को सामाजिक न्याय के लिए आवश्यक बताकर लगातार संघर्ष करने के कारण केंद्र सरकार इस मांग को मानने को बाध्य हो गई और जातिगत जनगणना करने की घोषणा की। इन मांगों में प्रमुख रूप से संविधान के अनुच्छेद 15 (5) को तत्काल लागू करना शामिल है ताकि दलित, आदिवासी, ओबीसी समुदाय को निजी शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण मिल सके। जातिगत जनगणना में देरी नहीं होनी चाहिए। श्री कमलेश ने कहा कि संविधान बचाओ रैली में जातिगत जनगणना के संदर्भ में इन मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया जाएगा। खासकर अनुच्छेद 15 (5) के अविलंब क्रियान्वयन की मांग को लेकर रैली में आने वाले लोगों को भाजपा के बहुजन विरोधी सोच जातिगत जनगणना के विरोध और सामाजिक न्याय को दबाने के प्रयासों को विस्तार से बताया जाएगा ताकि पंचायत स्तर तक के ग्रामीणों तक यह बात पहुंचे कि किस तरह भाजपा उनके संवैधानिक अधिकारों को लगातार कुचल रही है।

### कोयला मंत्री ने की सीएमपीडीआई के परफॉर्मेंस की समीक्षा

**रांची।** कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने रविवार को रांची में सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट (सीएमपीडीआई) के प्रदर्शन (परफॉर्मेंस) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीक/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/आरडीएंडटी) अजय कुमार, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण तथा संस्थान के वरीय अधिकारी भी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान वर्ष 2024-25 के दौरान गवेषण, रिपोर्ट की तैयारी, पूंजीगत व्यय, अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं, सौर परियोजनाएं, सीएसआर पहल जैसे संचालित विभिन्न क्षेत्रों में सीएमपीडीआई के प्रदर्शन (परफॉर्मेंस) के साथ-साथ वर्ष 2025-26 के लक्ष्य भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर मंत्री श्री दुबे ने सीएमपीडीआई के प्रदर्शन (परफॉर्मेंस) की सराहना की और कोयला धुलाई में नई प्रौद्योगिकियों की शुरूआत करने, महत्वपूर्ण खनिजों की खोज व कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने के महत्व पर बल दिया।

# वैश्य मोर्चा का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन 14 मई से

**वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित, आरक्षण बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को रेडियम रोड़ स्थित आलोका सभागार मेंआयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन उप-प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता ने किया। यह बैठक राजभवन के समक्ष हुए वैश्य अधिकार महाधरना की समीक्षा, आगामी कार्यक्रमों की तैयारी, रणनीति, सांगठनिक सुदृढ़ीकरण एवं सदस्यता अभियान के मुद्दे पर रखी गयी थी। बैठक में महाधरना की समीक्षा करते हुए कहा गया कि लोकतंत्र में धरना-प्रदर्शन जनविरोध का एक तरीका है और सरकार को इसका आदर करते हुए मांगों पर विचार करना चाहिए,फिर भी सत्ता में बैठे लोग अगर चुप्पी साध जाते हैं तो यह लोकतंत्र के समाप्ति का प्रतीक है। लेकिन वैश्य मोर्चा हार मानने वाली नहीं है। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना, छोटे दुकानदारों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज की लूटी गयी जमीन वापसी, वैश्यों पर हो रहे अत्याचार आदि मुद्दों को लेकर आंदोलन जारी रखा जायेगा।

बैठक में तय किया गया कि पांचों प्रमंडल में फिर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करके अपनी मांगों को उठाया जायेगा। इसकी शुरूआत 14 मई को उत्तरी छोटानागपुर के रामगढ़ में सम्मेलन करके किया जायेगा। जबकि 19 मई को देवघर में तथा 25 मई को रांची में प्रमंडलीय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। वहीं बैठक में ही केंद्रीय पदाधिकारियों को रसीद का वितरण किया गया और अपने-अपने क्षेत्र में सदस्यता अभियान जारी रखने का निर्णय लिया गया. साथ ही दुलमी के नंदकिशोर भगत को केंद्रीय समिति का सदस्य बनाया गया। इस बैठक में दो प्रस्ताव भी पारित किए गए. पहले प्रस्ताव में केन्द्र सरकार द्वारा जाति आधारित जनगणना कराने के निर्णय का स्वागत किया गया और यथाशीघ्र शुरू करने की मांग की गई। जबकि दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि बिहार सहित कई राज्यों में पिछड़ा वर्ग मंत्रालय है, इसलिए झारखंड में भी पिछड़ा वर्ग विकास मंत्रालय का गठन किया जाए और उसके लिए अलग से बजट का प्रावधान किया जाये।

इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल (धनबाद), हीरानाथ साहु (कांके), मोहन साव (गोमिया), वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु, सुरेश साहु अधिवक्ता रामसेवक प्रसाद, केंद्रीय उपाध्यक्ष अधिवक्ता सहदेव चौधरी, लक्ष्मण साहु, उप-प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता, केंद्रीय महासचिव दिलीप प्रसाद, कपिल प्रसाद साहु, रामाशंकर राजन, संगठन महासचिव कृष्णा प्रसाद साहु, अनिल वैश्य, जगदीश साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डु साहा, केंद्रीय संगठन सचिव लखन अग्रवाल, राजेन्द्र साहु, आर.डी. साहु, केंद्रीय सदस्य नरेश साहु, विजय प्रसाद, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणू देवी, कार्यकारी अध्यक्ष दीपारानी कुंज, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहु, सचिव आदित्य पोद्दार आदि उपस्थित थे।

# ब्राह्मण के शौर्य और वीरता से ही अखंड विश्व का कल्याण संभव है : कमल किशोर

- ऋत्विक शांडिल्य न्यायिक सेवा में उत्तीर्ण होकर समाज का गौरव बढ़ाने वाले हुए सम्मानित
- ऋत्विक के पिता मनोज ठाकुर है सी सी आर पुलिस उपाधीक्षक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रविवार को बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति द्वारा भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत 21 ब्राह्मण विप्रवर द्वारा विहंगम शंखनाद और स्वस्ति-वाचन के साथ हुई फिर भगवान श्री परशुराम जी की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर आरती हुई। कार्यक्रम में 31अभिभावक ब्राह्मण विप्र को जिनकी आयु करीब 80 वर्ष हुई है जो समाज का एक स्तंभ की भूमिका में अपने आप को समाजिक रूप से मजबूती प्रदान किया है।





परशुराम जन्मोत्सव में एकता प्रदर्शित करते ब्राह्मण और ब्रह्मर्षि समाज के लोग और ऋत्विक शांडिल्य के न्यायिक सेवा में उत्तीर्ण होने पर सम्मानित करते झारखंड बार एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन अधिवक्ता राजेश शुक्ला।

उन्हें ब्राह्मण गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया वही ऋत्विक शांडिल्य को जो न्यायिक सेवा में उत्तीर्ण हो कर ब्राह्मण कुल का नाम रौशन कर शहर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में ब्राह्मण परिवार का गौरव बढ़ाया है उन्हें भी भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति ने प्रशस्ति पत्र दे उन्हें सम्मानित किया।

कार्यक्रम की विशेषता पर समिति के संयोजक कमल किशोर ने बताया कि भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति का उद्देश्य ब्राह्मण परिवार को एकत्रित कर उनके दुःख सुख के साथ उनके वैसे जरूरतों को पूरा करना है जिससे उनके बच्चे शिक्षा ,स्वास्थ्य, और अन्यत्र व्यवस्थाएं इत्यादि शामिल है इसके अलावे समिति शहर के वैसे ब्राह्मण विप्रवर को भी चिन्हित कर उन्हें समाज में उनके योगदान या उनके अनुभव को भी शामिल करने का कार्य करेगी। और वैसे लोगो को सम्मानित कर उनके परिवार को भी सामाजिक कार्यों में रुचि पैदा करने का कार्य करेगी ।साथ ही यह कार्यक्रम से बताने का प्रयास करते है कि ब्राह्मण एक मजबूत स्तंभ है ।

कमल किशोर ने कहा कि ब्राह्मण ही ब्रह्मर्षि है और ब्रह्मर्षि ही ब्राह्मण है क्योंकि भगवान परशुराम वंशी है हमलोग और हमें एकजुटता के साथ समाज के उन्नति और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करना है क्योंकि हमारी मजबूती ही हमारी पहचान है और यह पहचान हमारे शौर्य और वीरता से हमारे तप त्याग और समर्पण से मिली है जो अखंड विश्व का कल्याण करना संभव करते है।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका श्रद्धा दास और प्रेशा झा ने अपने सुमधुर आवाज में भजन गा कर सभी का मन मोह लिया।

इन्हें मिला ब्राम्हण गौरव सम्मान

ब्राह्मण गौरव सम्मान पाने वाले पंडित श्री डी के मिश्र , पंडित श्री सरोज कुमार मिश्रा, पंडित श्री चंद्रेश्वर खान, पंडित गणेश चंद्र झा, पंडित उमाकांत झा, पंडित चंद्रशेखर मिश्रा, पंडित नेम, पंडित राजकिशोर पांडेय, पंडित हरेंद्र मिश्रा, पंडित चंद्रयान मिश्रा, पंडित अवधेश मिश्रा, पंडित केशव तिवारी, पंडित नकुल तिवारी, पंडित शावरलाल शर्मा।

**कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट जन**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश शुक्ल, अनिल तिवारी, सुधांशु ओझा, चंद्रशेखर मिश्रा, रामबाबू तिवारी, विजय खान, नकुल तिवारी, आनंद बिहारी दुबे, ओमप्रकाश उपाध्याय, अप्पू तिवारी, मुन्ना चौबे, अरविंद पांडेय, संतोष जोशी, अरुण शुक्ला, पवन ओझा, सीपी शुक्ला, अंबुज ठाकुर, डीडी त्रिपाठी, तो ब्रह्मर्षि विकास मंच से विकास सिंह, दीपू सिंह, देवानंद सिंह, बबुआ सिंह, अनिल ठाकुर, प्रमोद राय जी मनु साही, धनंजय राय, मृत्युंजय जी, अमिताभ चटर्जी, वेदप्रकाश उपाध्याय, बिनोद उपाध्याय, रविशंकर तिवारी, अरुण पांडेय, शालिनी पांडेय, किरण ठाकुर, ब्यूटी तिवारी, विनीता मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

# अपनी क्रेटा कार में जिंदा जल गये सीमेंट कारोबारी सुनील अग्रवाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** यहां भाटिया पार्क कदमा से मरीन ड्राइव जाने वाली सड़क पर अहले सुबह क्रेटा कार में आग लग गयी। आग इतनी भीषण थी कि कार चालक एवं सीमेंट कारोबारी सुनील अग्रवाल की निकलने का मौका नहीं मिला और वे जिंदा जल गये। उनकी सीट के बगल में एक गैस सिलिंडर भी रखा हुआ था और समझा जाता है कि क्रेटा में गैस सिलिंडर लीक हो रही थी और जैसे ही कारोबारी ने सिगरेट जलाया, कार में आग लग गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर टाटा स्टील की दलकल गाड़ी पहुंची और आग बुझाने के बाद पता चला कि चालक का अस्थिपंजर सीट पर ही है।





बीच सड़क पर धू-धू कर जलती क्रेटा कार और सुनील अग्रवाल की फाइल फोटो।

बताया जाता है कि सुनील अग्रवाल 55 वर्ष विजया हेरिटेज निवासी थे और जेके लक्ष्मी सीमेंट के सीएनएफ एजेंट थे। उनके परिवार में पत्नी और बेटा-बेटी हैं। बेटा मुंबई में एक एमएनसी में अधिकारी पद पर कार्यरत है जबकि बेटी अमेरिका में है।

सुबह 5.15 बजे के आस-पास हुई इस दर्दनाक हादसे के बाद पहुंची पुलिस बड़ी मुश्किल से सुनील अग्रवाल के शव की पहचान कर पायी। जैसे ही घर सूचना पहुंची वहां परिजन चित्कार कर उठे। बताया जाता है कि सुनील अग्रवाल एक सप्ताह से घर से बाहर थे, और शनिवार को ही वे शहर लौटे थे। यद्यपि लोग इस बात से हैरान है कि सीमेंट कारोबारी ने आग लगने पर कार से निकल कर भागने की कोशिश क्यों नहीं की। प्रत्यक्षदर्शी भी इस बात की तस्दिक करते हैं।

पुलिस ने पाया कि बुरी तरह जले शव पर सीट बेल्ट बंधा हुआ है और बगल की सीट पर एक फटा हुआ गैस सीलिंडर भी है। कार से सिगरेट के जले हुए टुकड़े भी बरामद हुए हैं।

# रांची में कांग्रेस की रैली कल, रिकार्ड संख्या में आयें कार्यकर्ता : नेहा तिर्की

- कृषि मंत्री जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंच कर रैली तैयारी का समीक्षा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार की माननीय कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर पहुंची।

जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने प्रोटोकॉल के तहत माननीय मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की का स्वागत शॉल, गांधी टोपी एवं बुके प्रदान कर अभिनंदन किया।

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती तिर्की ने संविधान बचाओ रैली का समीक्षा किया और सभी पदाधिकारी से कहा कि अगामी 6 मई को राँची में पुराना विधान सभा मैदान, धुर्वा में संविधान बचाओ रैली को मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महामंत्री के. सी. वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी के. राजू , प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेतागण संबोधित करेंगे। रैली को सफल बनाने के लिए अधिक संख्या में कांग्रेसजन रांची पहुंचें तथा अपने नेता के भाषण को सुन कर लाभ उठाए।



कृषि मंत्री का अभिनंदन करते जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी।

जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला के 18 प्रखण्ड क्षेत्र से हजारों की संख्या में प्रखण्ड अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, वरिष्ठ नेतागण, जिला पदाधिकारीगण, अग्रणी संगठन विभाग के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण बहुत उत्साह के साथ तैयारी कर रहे है।

## गीता थिएटर व रॉबिन हुड आर्मी का संयुक्त समर कैंप आज से

**जमशेदपुर।** गीता थिएटर एवं रॉबिन हुड आर्मी जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान से स्पेशल समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह समर कैंप शहर के निम्न -मध्यवर्गीय एवं कृष्ट परिवारों के विषेश बच्चों के लिए आयोजित किया जाता रहा है जो पूरी तरह निःशुल्क है। गीता थिएटर की अध्यक्ष गीता कुमारी ने बताया कि यह समर कैंप पहले शहर के तीन अलग-अलग स्थानों में होगा जिसकी जानकारी निम्नलिखित है : 05 मई से 10 मई तक आदित्यपुर, 10 मई से 15 मई तक दोमुहनी सोनारी और 15 मई से 20 मई तक देवनगर गांधी आश्रम बाराद्वारी में आयोजित किया जायेगा। इन छोटे छोटे 5 दिवासीय समर कैंप के बाद 25 मई से 10 जून मेगा समर कैंप आयोजित होगा।

# पूर्णिमा साहू पर इरफान अंसारी की टिप्पणी अमर्यादित : भाजपा

- पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने दिया करारा जवाब, कहा- मंत्री के बड़बोलेपन और अक्षमता की भेंट चढ़ा एमजीएम हादसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने एमजीएम अस्पताल हादसे के बाद अपनी संवेदनहीनता और अक्षमता का एक बार फिर से प्रदर्शन किया है। उनके विभाग की अक्षमता और नकारापन के कारण तीन गरीब जिंदगियों के असमय चले जाने से पूरा झारखंड शोक में डूबा है, लेकिन इरफान अंसारी ने इस दुख की घड़ी में भी जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू पर अभद्र और हल्की टिप्पणी कर लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई। उन्होंने कहा कि पूर्णिमा साहू अस्पताल जब पहुंचीं तो उनके चेहरे पर केक लगा हुआ था। इस गैर जिम्मेदाराना और अपमानजनक बयान ने न केवल एक महिला विधायक का अपमान किया है बल्कि उन परिवारों के जख्मों को कुरेदा, जो अपने प्रियजनों को खोने के असहनीय दर्द से गुजर रहे हैं।



पूर्व जिला अध्यक्ष गुंजन यादव।

## परशुराम परिवार ने शास्त्रीनगर में मनाया ब्रह्मर्षि परशुराम जन्मोत्सव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार की देर शाम कदमा के शास्त्री नगर ब्लॉक नंबरः- 4 में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के प्रांगण में परशुराम परिवार के तत्वावधान में परशुराम जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सच्चिदानंद पांडे (वरिष्ठ अधिवक्ता हजारीबाग) और विशिष्ट अतिथि दिनेश मिश्रा (बागबेड़ा चंद्र ज्योति प्रभा हाई स्कूल के प्राचार्य) थे। मौके पर बागबेड़ा परशुराम भवन के अध्यक्ष, सुभाष चंद्र मिश्रा सेवा निवृत पदाधिकारी (जुस्को), कमल किशोर पांडे (पूर्व आइएएस), विष्णु भगवान पाठक व परशुराम परिवार, जमशेदपुर के अध्यक्ष अवधेश पाठक आदि भी उपस्थित थे।

# विधानसभा चुनाव बिहार में, मिथिला समाज से टाटा में वोट मांग रहे भाजपाई

- एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत भाजपा ने की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर ने एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत रविवार को जमशेदपुर परिसदन में बिहार सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में मिथिला सांस्कृतिक परिषद के पदाधिकारियों और मिथिला समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की प्रचंड जीत सुनिश्चित करने के लिए मिथिला समाज के समर्थन पर केंद्रित रहा। एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के जमशेदपुर महानगर संयोजक और जिला मंत्री विजय तिवारी की अगुवाई में आयोजित सम्मेलन में बिहार भाजपा के पूर्व महामंत्री सुशील चौधरी, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत समाज के प्रबुद्धजन मुख्य रूप से मौजूद रहे।

वक्ताओं ने मिथिला समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकजुटता और बिहार के विकास में इस समाज की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।



मिथिला समाज के साथ बैठक करते भाजपाई।

बताया गया कि मिथिला समाज की एकजुटता और सक्रिय भागीदारी बिहार में एनडीए की जीत की मजबूत नींव बनेगी। सम्मेलन में उपस्थित मिथिला समाज के प्रतिनिधियों ने बिहार में एनडीए की जीत के लिए एकजुट होकर समर्थन देने का संकल्प लिया। इससे पहले, परिषद के सदस्यों ने मिथिला पाग और अंगवस्त्र भेंटकर पूर्व महामंत्री सुशील चौधरी का स्वागत किया।

बिहार भाजपा के पूर्व महामंत्री सुशील चौधरी ने आग्रह करते हुए कहा कि मिथिला समाज के प्रत्येक व्यक्ति अपने सामाजिक नेटवर्क के माध्यम से बिहार के मतदाताओं तक पहुंचकर एनडीए की विकासोन्मुख नीतियों और उपलब्धियों को साझा करें जिससे बिहार में मजबूत एनडीए सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं, जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने मिथिला समाज के लोगों से आग्रह किया गया कि वे बिहार में बसे अपने रिश्तेदारों, मित्रों और परिचितों से संपर्क करें और उन्हें एनडीए के पक्ष में बहुमूल्य समर्थन और आशीर्वाद के लिए प्रेरित करें।

इस दौरान सुबोध झा, मोहन ठाकुर, शिशिर झा, धर्मेंद्र झा, पंकज राय, किशोर मिश्र, रमन सिंह, दिलीप झा, विद्यानंद मेहता, ललन चौधरी, रंजीत झा भी थे।

## स्पीड न्यूज

### लायंस क्लब ने किया पौधरोपण कार्यक्रम

**जमशेदपुर।** लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर भारत के अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन भरत सिंह के निदेर्शानुसार आज बारिडीह विद्यापतिनगर स्थित न्यू काली पूजा मैदान (बिरसा मुंडा टाउन हॉल के समीप) में फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और हरियाली को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर क्लब के अनेक सदस्यगण उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से लायन करण गोराई, आकाश रजक, विप्लव चंद्रा, महावीर गोराई, राजेश कुमार साव, सनातन गोराई, आशीष कुमार चंद्रा एवं संजय कुमार सेन शामिल थे। सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के बारे में अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन भरत सिंह ने कहा कि,वृक्ष केवल पर्यावरण की शुद्धि ही नहीं करते, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक हराभरा भविष्य भी सुनिश्चित करते हैं। लायंस क्लब हमेशा समाजसेवा और पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

### अलमनार सोशल सर्विस के शिविर में 31 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर।** कपाली स्थित अलमनार स्कोलर पब्लिक स्कूल प्रांगण मे अलमनार सोशल सर्विस के रक्तदान शिविर मे 31 युनिट रक्त संग्रह किया गया ।इस अवसर पर उपस्थित संस्था के अध्यक्ष खलील अंसारी ने बताया कि संस्था द्वारा यह 17 वां रक्तदान शिविर है ।उन्होंने शिविर की सफलता पर खुशी जाहिरकी।

### तनावग्रस्त जिमरी गांव का सांसद बिद्युतबरण ने किया दौरा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बिद्युत बरण महतो ने आज सरायकेला खरसावां जिला के अंतर्गत नीमड़ीह प्रखंड के ग्राम जिमरी का दौरा किया। उल्लेखनीय है कि उक्त ग्राम में विगत दिनों रीता महतो नामक एक लड़की को घर से अगवा करके बंगाल में ले जाकर के धर्म परिवर्तन करके फिजा खातुन करके तस्लीम अंसारी नामक एक व्यक्ति ने शादी कर लिया। इसके कारण पूरे क्षेत्र में सामाजिक असंतोष व्याप्त है। साथ ही पुलिस द्वारा उल्टे ग्रामीणों पर झूठा मुकदमा दायर कर दिया गया है। इस मामले में जमशेदपुर लोकसभा सांसद श्री विद्युत बरन महतो ने मुरूगडीह में आम सभा कर के जिमरी के ग्रामीणों से संवाद किए और पीड़ित परिवार के लोगों की बातों को सुने। सांसद ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज नीमड़ीह ही नहीं पूरे राज्य में एक समुदाय विशेष के चन्द लोगों के द्वारा धर्मांतरण एवं लव जिहाद का कार्यक्रम चल रहा है। समाज के सभी वर्गों को ऐसे लोगों से सावधान होने की जरूरत है ।ये लोग कहीं ना कहीं सत्ता के संरक्षण में ऐसे कार्य करने का साहस करते हैं।

### एमजीएम की घटना दुःखद, सरकार पीड़ितों के साथ : बन्ना गुप्ता


**जमशेदपुर।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने एमजीएम अस्पताल में हुए दर्दनाक पर घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा हैं कि सरयू राय इस घटना को लेकर राजनीतिक बयानबाजी को छोड़कर सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए और जनहित के मामले में अड़ंगाबाजी बंद करना चाहिए। बन्ना गुप्ता ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने महसूस किया कि पुरानी बिल्डिंग जर्जर हो चुकी हैं, अब मरीजों का इलाज संभव नहीं कभी भी कोई घटना हो सकती हैं इसलिए मैंने एक तरफ साकची एमजीएम अस्पताल में ही नए स्थित अस्पताल को शुरू करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल किये।

### डीसी ने नीट परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा नीट परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था संधारण का जायजा लिया गया। जिला प्रशासन द्वारा पांच शैक्षणिक संस्थानों के 8 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित किया गया।

## एक नजर में

### धर्म परिवर्तन के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने राज्य सरकार को घेरा



**जमशेदपुर/रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राज्य में बढ़ रही धर्मांतरण की घटनाओं के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए इस मुद्दे पर कई गंभीर सवाल उठाये हैं। राज्य की महागठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होनें पूछा कि- आखिर किस के संरक्षण में यह गोरखधंधा चल रहा है? सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे धनबाद की एक युवती के एफिडेविट के बारे में जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में एफिडेविट के आधार पर धर्म परिवर्तन अथवा विवाह वैध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह लव जिहाद का हिस्सा है और लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि नीमडीह की घटना की तरह ही, इस बार भी युवती की उम्र 19 वर्ष बताई जा रही है, जो संदेहास्पद प्रतीत होती है। एफिडेविट में न तो तस्वीर है, न ही किसी प्रकार का प्रमाण पत्र संलग्न है। फिर उसे कैसे सही माना जाए?

### मिलानी में बांग्ला नववर्ष के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम, लोगों ने उठाया लुत्फ



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था बंगीय उत्सव समिति व बंगबंधु के संयुक्त तत्वावधान में रविवार मिलनी प्रेक्षागृह में बांग्ला नववर्ष 1432 के उपलक्ष्य पर मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजसेवी शांति घोष, अंजलि बोस, अमिताभ बक्शी, बंगीय उत्सव समिति के अध्यक्ष अमित पत्रों, बंगबंधु के अध्यक्ष अपर्णा गुहा, महासचिव उत्तम गुहा, बंगाल क्लब के उपाध्यक्ष अंशुमान चौधरी, पार्थ मुखर्जी, श्रीजन हाइट के बबलू महतो उपस्थित थे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। अपर्णा गृह ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्य के लिए अमिताभ बक्सी, मिलानी के राजू दत्ता, कृष्णेंदु चटर्जी, अमल संघ के सामंत कुमार, समाजसेवी विश्वनाथ राय, सुकुमार राय, बापी पात्र, अनूप गांगुली, अंजलि बोस, शांति घोष, दुर्गा ज्वेलरी व श्रीजन हाइट को सम्मानित किया। पत्रकारिता के क्षेत्र में पत्रकार अजय महतो, रीमा दे, चित्रदीप भट्टाचार्य, सुमित झा, अरूप मजूमदार को सम्मानित किया गया। बंगीय उत्सव समिति के योग पुरुष अंशु सरकार, उपाध्यक्ष पूरबी घोष, अशोक दत्ता, प्रणब सरकार, अमित माइति, सुभाष सिंह राय, मिथिलेश घोष, सुबीर कुंडू, चयन गुहा, बिनोद दे, इंद्राणी भट्टाचार्य, प्रकाश मुखर्जी, कपिल हुई, नानटू सरकार, सपन मजूमदार, जावेद अंजुम, इंद्रजीत घोष, शुभम सेन, बाबूलाल चक्रवर्ती, डी सरकार को सम्मानित किया गया। संस्थान में महिला संगठन ३मैत्री३, बंगाल क्लब, मिलानी, मानवता, बंग बंधु, गोविंदपुर दुर्गा बड़ी, सुस्वागतम कमिटी, स्टाल कमिटी को सम्मानित किया गया।

### तुलसी भवन में सुमित्रानंदन पंत और रविंद्र नाथ ठाकुर की जयंती धूमधाम से मनायी गयी



**जमशेदपुर।** साहित्य समिति, तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में मासिक 'काव्य कलश' सह साहित्यकार छायावाद के चार स्तम्भों में से एक सुमित्रा नन्दन पंत एवं विश्वविख्यात कवि रविन्द्रनाथ टैगोर की जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष श्री सुभाष चन्द्र मुनका तथा संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ० यमुना तिवारी 'व्यथित' ने किया। इस अवसर पर स्वागत वक्तव्य तुलसी भवन कार्यकारिणी के प्रसन्न वदन मेहता एवं धन्यवाद ज्ञापन समिति के सचिव डॉ० अजय कुमार ओझा द्वारा किया गया। मौके पर तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रुप में मंचासीन रहे ।कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्पण कर किया गया ।तत्पश्चात कार्यक्रम में सुश्री पुनम महानंदन के सरस्वती वंदना के बाद श्री अशोक पाठक 'स्नेही' द्वारा साहित्यकार सुमित्रानन्दन पंत तथा डॉ वीणा पाण्डेय 'भारती' ने कवि रविन्द्रनाथ टैगोर का साहित्यिक जीवन परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अगले सत्र में 'काव्य कलश' के अन्तर्गत उपस्थित शहर के 31 नामचीन कवियों ने स्वरचित काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में तुलसी भवन के प्रायः हर कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले वरीय पत्रकार, झारखंड प्रदीप पत्रिका के सम्पादक सिद्धनाथ दुबे के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट की मौन प्रार्थना की गयी।


### जाति जनगणना पर जागरूकता अभियान चलायेगा मुंडा समाज



**जमशेदपुर।** मुंडा समाज की एक बैठक समाज के अध्यक्ष श्री रुद्र मुंडा की अध्यक्षता में पूर्वी काली माटी पंचायत भवन सोपोडेरा गांधी मैदान में संपन्न हुई। बैठक में जाति जनगणना पर चर्चा करते हुए श्री राम सिंह मुंडा ने कहा कि आदिवासी मुंडा समाज जाति जनगणना में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेगा, एवं अपना अपना जाति मुंडा एवं अपना धर्म सरना बतायेगा। इसके लिए समाज की ओर से जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। बैठक में पिछले 13 अप्रैल 2025 को संपन्न हुए सरहुल महोत्सव आयोजन की समीक्षा की गई। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि मुंडा समाज ग्रामीण क्षेत्रों के सभी बस्तियों के महिलाओं को मिला कर आदिवासी मुंडा महिला समिति का गठन किया जाएगा, जो समाज में लगातार सामाजिक गतिविधियां, आदिवासी परंपराओं पर जागरूकता अभियान चलाने का काम करेगी।

## स्पीड न्यूज

### हत्या का अभियुक्त गिरफ्तार



**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हत्या के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नावाजयपुर थाना कांड संख्या 03/25 अप्राथमिकी अभियुक्त वीरन साव, पिता - बैजनाथ साव, पता - अखाड़ा, थाना - नावाजयपुर का निवासी है। नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने बताया कि हत्या के आरोपी की तलाश पुलिस को पूर्व से ही थी। हत्या के मामले में पुलिस कार्रवाई करते हुए उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### गरीबों की सेवा करने में मुझे हमेशा सुकून मिलती है : शीला श्रीवास्तव



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था के सदस्यों द्वारा अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल और दातून बेचने वालों के बीच एवं शनि मंदिर परिसर में जरूरतमंदों के बीच रोटी सब्जी लड्डू का वितरण किया गया। मौके पर मिशन समृद्धि की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि मिशन समृद्धि का यह अभियान निर्बाध रूप से संचालित है। अपने कार्यक्रमों के प्रति सभी सदस्य हमेशा जागरूक रहते हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना पुनित कार्य है। गरीबों की सेवा करने में आत्मसंतुष्टि व सुकून मिलती है। भोजन को जरूरतमंदों के बीच पहुंचाने वाले सदस्यों में मीना गुप्ता, बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, रंजीता, ममता, बेबी पाण्डेय समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

### फैशन सिटी मॉल के समीप भारी जाम पुलिस को हटाने में करनी पड़ी मशक्कत



**मेदिनीनगर।** निगम क्षेत्र के निजी बस स्टैंड स्थित फैशन सिटी के सामने जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस कारण आवागमन बाधित हो गया। जाम की सूचना पाते ही यातायात प्रभारी समाल अहमद दल बल के साथ पहुंचकर भारी मशक्कत करने के बाद लोगों को जाम से मुक्ति दिलाया । वहीं अवैध रूप से वाहन पार्किंग करने वाले लोगों के विरूद्ध यातायात प्रभारी ने चालान काटा। गाड़ी के चालक द्वारा सड़क पर गाड़ी छोड़कर गायब हो जाने से भयंकर ट्रैफिक जाम लग गया। इस घटना के कारण सामान से लेकर जेलहाता चौक तक ट्रक, ट्रैक्टर, बस और अन्य वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। एक वाहन का चालक तो मिल गया, लेकिन और 4 वाहनों के ड्राइवरो का कोई पता नहीं चल सका। इस दौरान घटनास्थल पर काफी संख्या में राहगीर भी जमा हो गए, जिससे स्थिति और अधिक बिगड़ गयी। हालांकि पुलिस कार्रवाई के बावजूद, कुछ वाहन घंटो सड़क पर अवैध रूप से खड़े देखे गए। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि इन वाहनों के चालक सिनेमा देखने चले गये हैं, जिसके कारण वाहनों को सड़क पर ही छोड़ दिया गया है।

### तीन साल से चल रहा था प्रेम-प्रसंग अब परिजनों ने किया शादी से इंकार

- प्रेमी ने प्रेमिका के परिजनों को आवश्यक कार्य के लिए दिया था सात लाख रुपये
- प्रेमी ने न्यायालय में प्रेमिका सहित चार पर कराया प्राथमिकी दर्ज

**मेदिनीनगर।** प्रेम प्रसंग में ज्यादातर लड़का पक्ष के लोग शादी करने से इंकार कर दिए जाने का मामला प्रकाश आता रहा है लेकिन आज तीन साल से चल रहें प्रेम प्रसंग में लड़की पक्ष के लोगों ने शादी करने से इंकार कर देने का मामला प्रकाश में आया है। मामला पलामू जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र व बिहार के डिहरी से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार नावाबाजार थाना क्षेत्र के राजहरा कोठी के विशाल कुमार सिंह का बिहार के डेहरी कटार, शंकर पुर ,बरडीहा रोहतास के एक रिश्तेदार की लड़की से पिछले तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी विशाल के के अनुसार दो माह तक दोनों गोवा में एक साथ रह चुके हैं। विशाल गोवा में ही काम करता है। विशाल ने बताया कि उसकी प्रेमिका सहित परिवार के सभी सदस्य दोनों के शादी के लिए तैयार थे। प्रेमिका के परिजनों ने आवश्यक काम के लिए विशाल पांच लाख रुपए डिमांड किया। जिसके बाद विशाल ने जुलाई 2025 में आनलाइन पांच दिनों में पांच लाख रुपए एवं अक्टूबर में दो लाख रुपए दिए थे। प्रेमिका के परिजनों ने आश्वस्त कराया था कि शादी के समय पैसा वापस कर देंगे। हाल के दिनों में विशाल ने गांव में घर बनाने के लिए 24 अप्रैल 2025 को प्रेमिका के माता-पिता से जब विशाल ने पैसे का डिमांड किया तो उन लोगों ने फिलहाल पैसा देने से इंकार कर दिया। विशाल ने जब प्रेमिका से शादी करने की बात बोला तो प्रेमिका व उसके माता-पिता ने शादी करने से भी साफ इंकार कर दिया। आरोप है कि प्रेमिका के माता-पिता, बहन ने विशाल को इस रिश्ता के भूल जाने की बात कही।

**दोनों में कैसे बना था रिश्ता :** लड़का विशाल कुमार पिछले 12 वर्षों से गोवा के निजी कंपनी में काम करता था। विशाल के मामा के गांव की एक लड़की से मोबाइल से बातचीत शुरू हुई थी। बाद में प्रेम ऐस परवान चढ़ा कि लड़की गोवा जाकर विशाल के साथ लगभग दो माह रहीं थीं। बाद में प्रेमिका का भाई गोवा जाकर अपनी बहन को वापस लाया था। उसके बाद भी विशाल अपने प्रेमिका को हर माह खर्च के लिए चार से पांच हजार रुपए भेजता था। दोनों के प्रेम प्रसंग की कहानी परिजनों के साथ साथ अन्य रिश्तेदारों को भी पता है।

**चार के खिलाफ प्राथमिकी :** विशाल ने प्रेमिका के परिजनों के शादी से इंकार करने, फिलहाल पैसे नहीं देने एवं लड़की से बात नहीं करने की धमकी मिलने पर मेदिनीनगर न्यायालय में रिया कुमारी पिता स्व परशुराम सिंह,राखी देवी पति स्व परशुराम सिंह, अरुण सिंह पिता स्व परशुराम सिंह, प्रिया कुमारी पति दिव्य प्रकाश सिंह, सभी ग्राम कटार शंकरपुर, बरडीहा, पोस्ट मानिकपुर, डेहरी, थाना इंद्रपुरी, जिला रोहतास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। (पलामू की खबरें पेज 5 पर भी देखें)

### जिलास्तरीय क्राइम मीटिंग में एसपी ने अधिकारियों को दिया दिशा-निर्देश

# बैठक में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा समेत विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गयी

- थाना स्तर पर बढ़ते अपराध व सड़क सुरक्षा पर प्रभारी ध्यान दें
- लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन करें : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जिलास्तरीय क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में आपराधिक घटनाओं, साईबर अपराध, मादक पदार्थ की तस्करी, सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा, जिले के सभी थाना क्षेत्रों में हो रहे सरकारी निर्माण कार्यों की सुरक्षा समेत विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने पुलिस अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल व कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाकर महिला उत्पीड़न से संबंधित बिंदुओं पर छात्र छात्राओं को जागरूक करें।



बैठक में जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गयी। जिले में हत्या, लूट, डकैती, दहेज हत्या और साइबर क्राइम जैसे अपराधों की समीक्षा की गयी। उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के निर्देश दिये गये। विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि चार साल से अधिक पुराने सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाये। बढ़ते साइबर क्राइम पर रोकथाम के लिए विशेष टीम गठित करने और लोगों को जागरूक करने पर चर्चा की गयी। साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देने और त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश दिये गये। थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों व कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलायेंगे, जिसमें महिला उत्पीड़न, महिलाओं से जुड़े कानून, साइबर फ्रॉड से बचाव और आपात स्थिति में डायल 112 सेवा का उपयोग कैसे करें।

# पुलिस अधीक्षक ने पासपोर्ट शाखा के अधिकारियों को किया सम्मानित

- पलामू जिला के पासपोर्ट शाखा ने उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के पासपोर्ट शाखा द्वारा उल्लेखनीय कार्य राज्यस्तर पर रहा। जिसे लेकर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने पासपोर्ट विभाग के अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। राज्य में पासपोर्ट से जुड़े मामलों के निष्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों में पलामू का नाम शामिल किया गया, जहां 99% मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया।

इस उपलब्धि के लिए के लिए पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान जिले की पुलिस टीम के कुशल कार्य, समर्पण और पारदर्शिता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पलामू पुलिस के लिए गर्व की बात है। पासपोर्ट मामलों में त्वरित कार्रवाई और नागरिकों को समयबद्ध सेवा देना हमारी प्राथमिकता रही है और पासपोर्ट शाखा ने इस दिशा में सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने आशा जताई कि आगे भी इसी तरह की प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए पलामू पुलिस नागरिकों की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी।



पासपोर्ट शाखा के अधिकारियों को सम्मानित करतीं एसपी व उपस्थित अन्य।

### पाटन में राजकीयकृत +2 उवि के भवन निर्माण का शिलान्यास

# विद्यालय भवन बनने से बच्चों का पठन पाठन होगा सुलभ : प्रशांत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के राजकीय कृत प्लस टु उच्च विद्यालय में भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास कांग्रेस के युवा नेता प्रशांत किशोर के नेतृत्व में समाजसेवी अशोक सोनी, केल्हार पंचायत के मुखिया जैनुल सिद्दीकी, सगुना पंचायत के पूर्व मुखिया अखिलेश पांडेय ने किया। मौके पर राजकमल तिवारी, पाटन झामुमो अध्यक्ष उमा शंकर सिंह, ऋषिकांत तिवारी, सतौआ पंचायत के मुखिया अखिलेश पासवान, संतोष पासवान, लक्ष्मण दुबे, आशुतोष पांडेय, विजय कुमार, संवेदक अविनाश कुमार, बिकु सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।




विद्यालय भवन निर्माण शिक्षा विभाग के द्वारा दो करोड़ पचपन लाख रुपये की लागत से कराया जायेगा। कार्यक्रम में युवा नेता प्रशांत किशोर ने कहा कि भवन निर्माण हो जाने से विद्यालय में बच्चों का पठन पाठन सुलभ हो जायेगा। युवा नेता प्रशांत किशोर ने कहा कि भवन निर्माण बेहतर तरीके से हो इसका ख्याल रखना अति आवश्यक है। भवन निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। श्री किशोर ने कहा कि पाटन प्लस टू उच्च विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति के अनुसार भवन निर्माण जरूरी था। अब भवन निर्माण हो जाने पर सभी समस्याएं खत्म हो जायेगा। बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में सहुलियत होगा। उन्होंने कहा कि जहां भी विद्यालय में भवन की कमी है वहां भवन निर्माण कार्य कराया जायेगा। कहा कि बच्चे समाज के भविष्य हैं। शिक्षक अपनी जवाबदेही समझते हुए बच्चों को सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करें, इसके लिए सरकार के द्वारा हर प्रयास किया जा रहा है।

# चिलचिलाती धूप और गर्मी के बीच मौसम का बदला मिजाज

- 37 डिग्री तापमान के बीच हुई वर्षा से पलामूवासियों को मिली राहत

**गजेंद्र कुमार**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में चिलचिलाती धूप एवं गर्म हवाओं की लपटें फागुन माह से चलना प्रारंभ हो जाता है जिसका प्रकोष्ठ ज्येठ माह तक प्रचंड होता है। पलामू की गर्मी सुनते के साथ ही लोग सहम जाते हैं। इस जिला में लू लगने से भी लोगों की मौतें होती है। इस बीच ज्येष्ठ माह में प्रचंड धूप व लू का प्रकोप बढ़ गया है। विगत एक सप्ताह से पलामू में 44.4 डिग्री सेल्सियस तापमान से लेकर रविवार को 37 डिग्री अधिकतम तापमान रहने के कारण लोग घरों में दुबक जा रहे हैं। इस प्रचंड गर्मी में खासकर छोटे बच्चों व बुजूर्गों के लिए आफत का समय कट रहा है। इसी बीच मौसम ने अपना मिजाज बदलते हुए लोगों को प्रचंड धूप व गर्मी से राहत दिया है। रविवार को अपराह्न में हुई बारिश से लोग राहत की सांस ले रहे हैं। आंधी तूफान के कारण कई पेड़ पौधे गिर गये तो कहीं झोपड़ीनुमा मकान ध्वस्त हो गये। वहीं बुंदाबांदी बारिश में बिजली भी गुल हो गयी।



इस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। लेकिन बिजली गुल हो जाने के कारण लोगों को राहत भरी समय इसलिए बितेगा की मौसम में नमी आ चुकी है। बेमौसम के वर्षा होने के कारण खेत खलिहानों में लगे फसल बर्बाद होने से किसान हताश हैं। वहीं गर्मी के मौसम में फल व सब्जी उगाने वाले किसान भी हताश हैं। कारण कि खेतों में लगे फल व सब्जियां बर्बाद हो गये हैं। वहीं दूसरी ओर आम, महुआ पर भी इस मौसम का बुरा प्रभाव पड़ा है। जिस कारण भी लोग हतप्रभ हैं।

## सिक्की कला में शहीद जगदेव शर्मा का 25वां शहादत दिवस मनाया गया

- पाटन में जगदेव शर्मा का तोरण द्वार बनाया जायेगा : पवन विश्वकर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन (पलामू)।** भाकपा माले सिक्की कला ब्रांच कमिटी सचिव सुखी सिंह के नेतृत्व में भाकपा माले के शहीद जगदेव शर्मा का 25 वां शहादत दिवस मनाया गया। मौके पर भाकपा माले प्रखंड सचिव सह इंक्लाबी नौजवान सभा के जिला सचिव पवन विश्वकर्मा ने शहीद कॉमरेड जगदेव शर्मा के तस्वीर पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इसके बाद उपस्थित सभी सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि प्रदान कर याद किये। मौके पर कार्यकर्ताओं ने शहीद जगदेव शर्मा के अधूरे सपनों को मिलजुल कर पूरा करने व जगदेव शर्मा के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मौके पर श्री विश्वकर्मा ने कहा जगदेव शर्मा का एक तस्वीर के साथ तोरण द्वार पाटन में बनाया जायेगा। शहीद कॉमरेड जगदेव शर्मा भाकपा माले लाल झंडे के अगुआई में पलामू की धरती पर सामंती व्यवस्था, शोषण दमन, मान समान, जुल्म अत्याचार, जमींदारों के खिलाफ जन आंदोलन को आगे बढ़ाया था।



## पहलगाम आतंकी घटना में मृत लोगों को शहीदों का दर्जा मिले : तहजीब फाउंडेशन

- 18 मई को एक शाम पहलगाम शहीदों के नाम होगा कार्यक्रम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तहजीब फाउंडेशन द्वारा पहलगाम में हुई आतंकी घटना के संदर्भ में मेदिनीनगर स्थित उर्दू लाइब्रेरी में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ कलाकार प्रेम भसीन ने की, जबकि संचालन डॉ. अशरफ जमाल अश्क द्वारा किया गया। बैठक में शिव शंकर प्रसाद ने प्रस्ताव रखा कि इस आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को शहीद का दर्जा प्रदान किया जाए। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि 18 मई को डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में एक शाम पहलगाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा राष्ट्र की एकता और भाईचारे का संदेश देना होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत स्पॉट पेंटिंग, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संवाद, तथा कवि सम्मेलन सह मुशायरे का आयोजन होगा।

## वैज्ञानिक चेतना व जनसेवा के प्रतीक थे अतुल कुमार



कॉमरेड अतुल कुमार की पहली पुण्यतिथि के मौके पर उपस्थित लोग।

- कामरेड अतुल कुमार का प्रथम पुण्यतिथि मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय किसान सभा एवं इप्टा द्वारा कामरेड अतुल कुमार की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर राष्ट्रीय सचिव केडी सिंह ने किसान सभा के महासचिव कामरेड अतुल कुमार अंजान वैज्ञानिक दृष्टिकोण से संपन्न एक सशक्त नेता थे। वे हर विषय को तार्किक ढंग से प्रस्तुत करते थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन किसानों और मेहनतकशों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया।

अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत उन्होंने 'ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन' से की और आगे चलकर कम्युनिस्ट आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभायी। वे अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर भी कार्यरत रहे। उनके परिजनों ने उनकी इच्छानुसार उनकी संपूर्ण राशि अखिल भारतीय किसान सभा को समर्पित कर दी।

यह उनकी ईमानदारी और निष्ठा का प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद नेता रामनाथ चंद्रवंशी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उमाशंकर सिंह ने संयुक्त रूप से की। स्मृति सभा में पंकज श्रीवास्तव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पलामू जिला सचिव रुचिर तिवारी, लल्लू सिंह, इप्टा से राजीव रंजन और प्रेम प्रकाश सहित अन्य वक्ताओं ने अतुल कुमार अंजान के साथ बिताए क्षणों को साझा करते हुए उन्हें याद किया। वक्ताओं ने उन्हें एक मिलनसार और अनुशासित व्यक्ति बताया। इस अवसर पर गोविंद प्रसाद तिवारी , धीरेंद्र कुमार, संजीत दुबे, संजीव कुमार संजू, रवि शंकर, विजेता तिवारी सहित अनेक लोग उपस्थित थे। सभा के अंत में 2 मिनट मौन रह कामरेड अतुल कुमार अंजन के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## रांची में छह मई को संविधान बचाओ रैली का होगा आयोजन: दीपक लाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/पाटन।** शहर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीपक लाल ने प्रेस वार्ता कर कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा रांची में छह मई को संविधान बचाओ रैली की जा रही है। इसमें पलामू जिले से काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता समेत ग्रामीण भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, राष्ट्रीय महासचिव के सी रेणु गोपाल सहित कई राष्ट्रीय नेता उपस्थित रहेंगे । इसी क्रम में पलामू से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीपक लाल के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता इस रैली में भाग लेने रांची जायेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रांची में आयोजित रैली को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। कहा कि कांग्रेस शुरू से ही संविधान की रक्षा को लेकर संकल्पित है।



### भाजपा का समाहरणालय परिसर में पैदल मार्च आज

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में मेदिनीनगर मुख्यालय स्थित सामाहारणालय परिसर में पलामू भाजपा द्वारा पैदल मार्च 5 मई दिन सोमवार को दिन के 11:30 बजे निकाला जायेगा। जो पलामू जिले में रह रहे पाकिस्तानी एवं बांग्लादेशी नागरिकों को शीघ्र पहचान कर अविलंब कार्रवाई हेतु राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम पलामू उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपेगा। उक्त जानकारी पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने दी।

## गायत्री मंदिर स्थित नाला का निर्माण निगम शीघ्र कराये : परशुराम ओझा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर आठ गायत्री मंदिर रोड सुदना में गायत्री मंदिर के पास बने पुल निजी जमीन के रैयतों द्वारा चारदीवारी कर दिये जाने के कारण जाम हो गया है। जिस कारण वर्षा का पानी नहीं बह पा रहा है। इसलिए इस नाला का निर्माण जनहित को ध्यान में रखते हुए नगर निगम शीघ्र कराये। इस बावत भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम ओझा ने नगर आयुक्त को ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग किया है कि इस नाला का निर्माण शीघ्र कराया जाये। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए वार्ड नंबर आठ की जनता द्वारा एवं पलामू सांसद के द्वारा भी नगर निगम को मांग पत्र दिया गया है इसके बावजूद भी इस नाला का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। कहा कि यदि इस नाला का निर्माण नहीं कराया गया तो आने वाले समय में यह क्षेत्र जलमग्न हो जायेगा।

# रैली की सफलता के लिए पूर्व विस प्रत्यासी सुधीर ने किया क्षेत्र भ्रमण

- बिश्रामपुर विस क्षेत्र से दस हजार लोगों के शामिल होने का किया दावा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी ने रविवार को बिश्रामपुर प्रखंड के दर्जनों गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व आम लोगों से छः मई को रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में शामिल होने का आग्रह किया। मौके पर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार संविधान विरोधी कार्य कर रही है। आम लोगों का हक मारकर पूंजीपतियों को दे रही है।

सामाजिक समरसता को तहस-नहस कर विद्वेष फैला रही है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी लोग जाती धर्म से ऊपर उठकर संविधान को बचाने की लड़ाई में शामिल हों। श्री चंद्रवंशी ने दावा किया कि संविधान बचाओ रैली में बिश्रामपुर विस क्षेत्र से दस हजार लोग शामिल होंगे। मौके पर कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता विवेक शुक्ला, रिंकू सिंह, हाफिज आलम, इरशाद अहमद, रीता देवी, अनीता देवी व कई लोग मौजूद थे।



ग्रामीणों के साथ कांग्रेसी नेता।

# देश में बेरोजगारी चरम पर, इसके लिए केंद्र-राज्य दोनों जिम्मेवार : रूचिर तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय नौजवान संघ का राज्य सम्मेलन रांची प्रेस क्लब में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आईपीएस अधिकारी रानेन्द्र कुमार, सम्मेलन में पर्यवेक्षक शंभू देवा, राज्य सचिव महेंद्र पाठक उपस्थित थे। सम्मेलन में अखिल भारतीय नौजवान संघ के राज्य के प्रभारी रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आज पूरे देश में बेरोजगारों चरम पर है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 करोड़ रोजगार देने एवं राज्य सरकार ने 5 लाख रोजगार देने की घोषणा किया लेकिन रोजगार के नाम पर केवल घलावा किया। सरकारी संपत्तियों को प्राइवेट कंपनियों के हाथों बेंचने का काम किया जा रहा है। नौजवानों के श्रम का सोशल कर आउटसोर्सिंग के माध्यम से बहाल किया जा रहा है। केंद्र सरकार के द्वारा खुलेआम आनलाइन जुआ खेलने के लिए मोबाइल के माध्यम से आंफर किया जा रहा है और देश के सेलिब्रिटी खुल्लेआम प्रचार कर रहे हैं नौजवान इससे डिप्रेशन का शिकार होकर आत्महत्या कर रहे हैं। झारखंड में युवा नशे का शिकार हो रहे हैं।जल जंगल जमीन पर कारपोरेट घरानों का कब्जा हो रहा है राज्य में कोई उद्योग धंधा नहीं है। ऐसी परिस्थिति में अखिल भारतीय नौजवान संघ की प्रासंगिकता बढ़ गई है। झारखंड में नौजवान को गोलबंद कर एक बड़ा आन्दोलन खड़ा किया जाएगा। सम्मेलन में सबिता कुमारी, अंबुज ठाकुर,पावेल कुमार, करीमन पासवान, उमेश सिंह चेरो, रितेश तिवारी, विक्रम कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।




राज्य सम्मेलन में उपस्थित अखिल भारतीय नौजवान संघ के सदस्य।

# गढ़वा के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री से मिल जताया आभार

- गढ़वा के 100 से अधिक अधिवक्ताओं ने रांची में मुख्यमंत्री से की मुलाकात
- अधिवक्ताओं को दिये गये स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए जताया आभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के 100 से अधिक अधिवक्ता शनिवार को रांची पहुंचे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर राज्य के अधिवक्ताओं के लिए शुरू की गई स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए उनका आभार जताया। इस योजना के तहत राज्य के पंजीकृत अधिवक्ताओं को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में आर्थिक मदद मिलेगी। इस योजना के तहत अधिवक्ताओं को सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए स्वास्थ्य बीमा कवर मिलेगा, साथ ही 10 गंभीर बीमारियों को भी कवर किया गया है। इससे अधिवक्ताओं और उनके परिवारों को महंगे इलाज की चिंता से राहत मिलेगी।



एक अधिवक्ता का स्वास्थ्य बीमा योजना का प्रमाण पत्र सौंपते मुख्यमंत्री (फाइल फोटो)।

अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय को ऐतिहासिक बताया और कहा कि इससे उनकी सामाजिक और व्यावसायिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह योजना अधिवक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत है और इससे उनकी न्याय प्रणाली में सहभागिता और अधिक प्रभावी होगी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी सामाजिक और व्यावसायिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह योजना इसी दिशा में एक ठोस कदम है। कार्यक्रम में गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ के कई वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हुए, जिन्होंने सरकार की इस पहल को मील का पत्थर बताते हुए राज्य के अन्य वर्गों के लिए भी ऐसी योजनाओं की अपेक्षा जतायी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गढ़वा व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता परशु राम तिवारी को स्वास्थ्य बीमा योजना का प्रमाणपत्र भी सौंपा।

मौके पर परेश तिवारी, ओमप्रकाश उपाध्याय, धीरज कुमार दुबे, प्रत्यूष प्रतीक शांडिल्य, मंजूर अंसारी, दिग्विजय कुमार, पंचम सिंह, शशि भूषण तिवारी, शिवम तिवारी, अरुण सिंह, सतीश पांडेय, संजय चौबे, ललित पांडेय, अजय तिवारी, शशिकांत तिवारी, अशोक तिवारी, कासिम खान, अभय तिवारी, प्रवीण कुमार पांडेय, शशि शेखर ठाकुर, अनूप ठाकुर, भानु कुमार गोंड, योगेंद्र नाथ चौबे, आयुष आनंद, करुणा निधि तिवारी, महेश चंद्र श्रीवास्तव, आलोक मिश्रा, सच्चिदानंद, कामता कुमार, अजय राम, नितिन केशरी, संजय भारती, रवि शंकर दुबे सहित सैकड़ो अधिवक्ता उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### आठ को होगा प्रबंधन समिति का पुनर्गठन

**कांडी।** राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी की विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के पुनर्गठन की प्रक्रिया एक बार फिर टल गई है। यह चौथी बार है जब तय तिथि को किसी कारणवश पुनर्गठन नहीं हो सका। पहले यह प्रक्रिया 5 मई 2025 को प्रस्तावित थी, लेकिन उसी दिन टीएनए परीक्षा और 5 से 7 मई तक विद्यालय प्रमाणीकरण कार्य होने के कारण पुनर्गठन की तिथि को स्थगित कर 8 मई 2025 कर दिया गया है। इस देरी पर नाराजगी जताते हुए कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम ने बीईईओ रंभा चौबे से इस संबंध में बातचीत की। उन्होंने आशंका जताई कि या तो प्रशासनिक लापरवाही है या फिर किसी प्रकार की मिलीभगत के कारण यह तिथि बार-बार टाली जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुनः ऐसा हुआ तो वे अभिभावकों और ग्रामीणों के साथ उपायुक्त से मिलकर मामले की शिकायत करेंगे। बीईईओ रंभा चौबे ने आश्वस्त किया कि इस बार निर्धारित तिथि पर यानी 8 मई को निश्चित रूप से विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन कराया जाएगा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की गढ़वा जिला इकाई द्वारा संचालित यह प्रक्रिया, विद्यालय के सुचारु संचालन और शैक्षिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक मानी जा रही है। बार-बार तिथि स्थगन से अभिभावकों और स्थानीय लोगों में असंतोष व्याप्त है।

### बारीडारी में मंत्री ने किया योजना का शुभारंभ

**गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत बारीडारी पंचायत में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने एक महत्वपूर्ण परियोजना का शुभारंभ किया। उन्होंने तिरला मुख्य पथ से सोमस्वरवा गोंडरा तक पथ निर्माण कार्य नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। सर्वप्रथम मंत्री योगेंद्र प्रसाद को ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत तिरला मुख्य पथ से सोमस्वरवा गोंडरा तक सड़क का निर्माण किया जायेगा और राज्य सरकार जनता की आवश्यकताओं को पूरा करने और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। क्षेत्र में उच्च गुणवत्तापूर्ण सड़कों का जाल बिछाने के लिए सरकार कृतसंकल्पित है। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा। मौके पर मुखिया तेजलाल महतो, किशुन महतो, संतोष करमाली सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

### केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री का जैनामोड़ में स्वागत

**बेरमो।** जैनामोड़ मे केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीशचंद्र दूबे का जेनह्ममोड चौक में भव्य स्वागत किया गया। साथ ही ढ़ोरी क्षेत्र पिछरी कोलियरी रैयतों का नौकरी एवं मुआवजा देने का आग्रह किया एवं सीसीएल मजदूरों की ज्वलंत समस्या क्षेत्र में इंजीनियरिंग कॉलेज, माइनिंग कॉलेज एवं उच्च स्तर की पढ़ाई की व्यवस्था,क्वार्टर के बदतर स्थिति, विस्थापितों के स्वास्थ्य की सुविधा कोलियरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों तथा बच्चों को कोयले की धूल से कैंसर, टीवी तथा अन्य बीमारी की इलाज के लिए बेहतर हॉस्पिटल की व्यवस्था इत्यादि समस्या को लेकर भाजपा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सह किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक मिश्रा के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। स्वागत करने वाले में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, भाजपा जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार, प्रखंड अध्यक्ष मनोज ठाकुर, अशोक मिश्रा, भाजपा प्रखंड महामंत्री सुनील मंडल शामिल हुए।

### डी ए वी कथारा में विदाई सह स्वागत कार्यक्रम

**बेरमो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा में विदाई सह स्वागत कार्यक्रम किया गया, जिसमें विद्यालय के पूर्व प्राचार्य सह झारखंड जोन जी के निदेशक विपिन राय को भावभीनी विदाई दी गयी तथा नये प्राचार्य गुलाम नबी खान का विद्यालय परिवार ने गर्मजोशी से स्वागत किया। प्राचार्य श्री खान ने पूर्व प्राचार्य को पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

# 143 साल पुराने राज्यकीय मध्य विद्यालय के समक्ष बुनियादी सुविधाओं का संकट

### भूमि अतिक्रमण से विकास ठप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** सिलीदाग पंचायत के अंतर्गत वर्ष 1883 में स्थापित राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग 02 आज भी विकास की बाट जोह रहा है। 21वीं सदी में भी यह विद्यालय चारदीवारी, सुरक्षित भवन और समुचित शिक्षण व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। विद्यालय के परिसर में असमाजिक तत्वों की आवाजाही और मवेशियों को बांधने जैसी गतिविधियों से शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो रहा है।

इस विद्यालय की स्थापना स्व. जमींदार मुनेश्वर सिंह द्वारा दान की गई भूमि पर हुई थी, जिनका उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना था। लेकिन आज यह विद्यालय भारी उपेक्षा और प्रशासनिक अनदेखी का शिकार है। भूमि दाता के वंशज भी इस हालात से दुखी हैं कि जिस उद्देश्य से उनके पूर्वजों ने भूमि दान दी थी, वह आज तक पूरा नहीं हो सका है।


राज्यकीय मध्य विद्यालय।

विद्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार कुल 1 एकड़ 37 डिसमिल भूमि है, जिसमें से लगभग 46 डिसमिल भूमि पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। इस अतिक्रमण के कारण न तो चारदीवारी बन सकी है और न ही बच्चों को खेलने की पर्याप्त जगह मिल रही है, जिससे विद्यार्थियों की प्रतिभा प्रभावित हो रही है। इस संबंध में पहले भी भूमि की मापी और सीमांकन किया गया था तथा अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया था। विद्यालय प्रबंधन समिति ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की थी। नापी में मोती राम, भगत राम, बचा राम, दुःखी राम, सुकठ राम, दुःख हरण राम, सोमारु राम और अमीरका राम द्वारा कब्जा पाए जाने की पुष्टि हुई है। इस पर अंचलाधिकारी विकास पांडेय ने बताया कि कर्मचारी द्वारा दी गई नापी रिपोर्ट में कुछ त्रुटियां थीं, जिसे सुधारने का निर्देश दे दिया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही सुधार कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## एक नजर में

### लातेहार जिला भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को लेकर कमेटी का गठन, संतोष बने संयोजक



**चंदवा।** अखिल विश्व गायत्री शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर गायत्री शक्तिपीठ चंदवा के सभागार में रविवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को लेकर लातेहार जिला समन्वयक लवकुमार तिवारी की अध्यक्षता में गायत्री परिवार कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें जिला स्तरीय एक कमेटी गठित की गई है। जिसमें सर्वसम्मति से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 के लिए संतोष कुमार सिन्हा (पत्रकार) को लातेहार जिला संयोजक, सचिव कृष्णाकांत गुप्ता, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र प्रसाद,तथा सदस्य के रूप में संदीप प्रसाद, सुभाष गुप्ता, समन्वयन समिति के सदस्य के रूप मे कृष्णा सिंह,केदार नाथ महतो, आशीष सिंह को मनोनीत किया गया है।यह परीक्षा स्कूली बच्चों को भारतीय संस्कृति के ज्ञान से अवगत कराने और उसमें निहित महान तत्वों को आत्मसात करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। यह परीक्षा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है और इसका आयोजन देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा किया जाता है।

**कमेटी का उद्देश्य : भारतीय संस्कृति का ज्ञान** - बच्चों को भारतीय संस्कृति के इतिहास, साहित्य, कला, दर्शन, और रीति-रिवाजों का ज्ञान प्रदान करना,संस्कृति के प्रति बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता और प्रेम की भावना विकसित करना,पारम्परिक मूल्यों का संरक्षण हेतु बच्चों को भारतीय संस्कृति के मूल्यों और परंपराओं को समझने और उनका सम्मान करने के लिए प्रेरित करना, तथा आत्म-ज्ञान हेतु बच्चों को अपनी सांस्कृतिक पहचान और विरासत से जोड़ने का अवसर प्रदान करना है। मौके पर जिला समन्वयक लवकुमार तिवारी, आशीष सिंह, अर्जुन राणा, आलोक चौरसिया, संतोष सिन्हा, सुभाष गुप्ता, केदार नाथ महतो व दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

### साइबर अपराधियों से सावधान रहने के लिए बीडीओ, सीओ व थानेदार की संयुक्त अपील



**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए बीडीओ अमित कुमार पासवान, सीओ नंद कुमार राम और थानेदार देवेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से आमजन से सतर्क रहने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि साइबर ठग इन दिनों प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का हवाला देकर लोगों से मोबाइल पर व्यक्तिगत जानकारी मांग रहे हैं। जिससे आमलोग ठगी का शिकार हो जा रहे हैं। बीडीओ अमित कुमार पासवान ने कहा कि हाल के दिनों मे कई लोगों को फर्जी कॉल आ रहे हैं जिनमें खुद को प्रखंड सह अंचल कर्मी बता रहे हैं और कॉल कर आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या, ओटीपी आदि कि जानकारी मांगी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रखंड कार्यालय की ओर से इस तरह का कोई कॉल या संदेश नहीं भेजा जाता है। सीओ नंद कुमार राम ने कहा कि आज के दौर में जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। किसी भी सरकारी योजना का लाभ सीधे लाभुक के खाते में भेजा जाता है। इसके लिए कभी भी फोन या सोशल मीडिया से कोई जानकारी नहीं ली जाती। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि आपलोग के मोबाइल मे कोई संदिग्ध कॉल या संदेश मिले, तो इसकी जानकारी तुरंत प्रशासन या स्थानीय थाना को दें। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने कहा कि साइबर ठग अब नये-नये तरीकों हथकंडे से लोगों को झांसे में ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी कॉल फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप या कोई अन्य ऐप के माध्यम से आधार नंबर, बैंक विवरण, ओटीपी, आवेदन फार्म भरने या अन्य निजी जानकारी मांगी जाये, तो उसे किसी भी स्थिति में साझा न करें। उन्होंने यह भी चेताया कि चाहे वह कॉल किसी परिचित नंबर से ही क्यों न आया हो, उन्होंने आगे कहा कि सोशल मीडिया ई मेल या मैसेज के जरिए भेजे गये लिंक पर क्लिक न करें यह साइबर अपराधियों की चाल है। इससे सतर्क रहना जरूरी है। तीनों ने प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों और आम नागरिकों से आग्रह किया कि वे स्वयं सतर्क रहें एवं दूसरों को भी जागरूक करते हुए अपने अपने गांव टोला मे साइबर जागरुकता फैलायें, ताकि किसी प्रकार की आर्थिक क्षति से बचा जा सके। ज्ञात हो कि एक सप्ताह के अंदर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के नाम पर तीन लोगों से लगभग एक लाख की ठगी हो चुकी है। इसलिए सावधान रहना जरुरी है।

# पंचायत स्तरीय सरहुल महोत्सव मिलन समारोह हुआ आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड प्रखंड के अक्सी पंचायत में सामाजिक सुरक्षा एकता मंच द्वारा पंचायत स्तरीय सरहुल महोत्सव मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के दर्जन गांव सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए। जहां सभी गांवों के बीच सरहुल नाच-नाच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्रमश ग्राम अक्सी बीच टोली, बन्दुवा एंव बांसकरचा प्रथम, द्वितीय और तृतीय आये। वहीं अन्य सभी गांवों के प्रतिभागियों सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजीत पाल कुजूर सहित उपप्रमुख, मुखिया रोजलिया टोप्पो के अलावे ग्राम प्रधान के साथ गांव के बैगा पाहन एंव ग्रामीण उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पूर्व बैगा पाहन द्वारा क्षेत्र में अच्छी बारिश के साथ सुख शांति कायम रहे इस लेकर विशेष पूजा की गयी।

# शराब के नशे में महादलित परिवार के घर घुसा अधेड़, ग्रामीणों ने बनाया बंधक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के आछोडीह गांव में शनिवार की रात एक सनसनीखेज घटना ने पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना दिया। गांव के अधेड़ संजय चौधरी, जो शराब के नशे में धुत था, महादलित समुदाय के एक परिवार के घर में घुस गया और घर की महिला के साथ कथित छेड़छाड़ की कोशिश की। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर बंधक बना लिया और पूरी रात उसी अवस्था में रखा।

आरोपी की पहचान आछोडीह निवासी सूर्यदेव चौधरी के लगभग 40 वर्षीय पुत्र संजय चौधरी के रूप में हुई है। मामले की जानकारी रविवार सुबह पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी को मिली, जिसके बाद एएसआई आलोक कुमार को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने गांव पहुंचकर संजय को ग्रामीणों के कब्जे से मुक्त कराया।

### क्या बोले एएसआई आलोक

एएसआई आलोक कुमार ने बताया कि सोनपुरवा पंचायत के मुखिया अख्तर खान की उपस्थिति में महादलित परिवार ने लिखित रूप से बताया कि संजय चौधरी शराब के नशे में उनके घर में घुसा था और लोगों ने बात को बढ़ा-चढ़ाकर अफवाह फैला दी। इसके बाद पुलिस ने संजय को लगभग 12 घंटे बाद मुक्त कर दिया। मुखिया अख्तर खान ने बताया कि उन्होंने घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पहले संजय चौधरी और महिला की शादी कराने की बात भी उठी, लेकिन पता चला कि दोनों के पहले से ही 17 से 20 वर्ष के बच्चे हैं। इसके बाद पुलिस हस्तक्षेप में दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया और मामला शांत हो गया।

# छतरपुर में खुली एचडीएफसी की पहली शाखा

## वित्त मंत्री ने राधाकृष्ण किशोर ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छत्तरपुर पलामू।** छतरपुर में एचडीएफसी बैंक की पहली शाखा का उद्घाटन सूबे के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस नए बैंक शाखा के खुलने से छत्तरपुर एवं आसपास के क्षेत्रवासियों को अब बेहतर और सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी।

उद्घाटन के अवसर पर वित्त मंत्री श्री किशोर ने कहा कि बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार आमजन की सुविधा के लिए आवश्यक है।


फीता काटकर बैंक की शाखा का उद्घाटन करते मंत्री व मौजूद अन्य।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि लऊऋडउ बैंक अपने ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराएगा और लीड बैंक द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को भी पूरा करने में अपनी भूमिका निभायेगा।

# पेड़ से गिरे उल्लू के बच्चे को एक छोटे बच्चे ने घोंसले तक पहुंचाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में शाम 4:00 बजे के बाद अचानक मौसम ने अपना मिजाज बदला और तेज हवाओं के साथ घने बादलों से अंधेरा सा छा गया। इस हवा के झोंके में आम के पेड़ से एक उल्लू का बच्चा जमीन पर गिर पड़ा। जिसे एक 9 साल के छोटे से बच्चे वनराज ने वापस पेड़ पर बने घोंसले तक पहुंचाया। घटना प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत ग्राम गुड़गुटोली की है। बच्चे के इस दया भावना को देखते हुए स्थानीय लोगों को अनायास ही हाल में हुए पाकिस्तानी घटना की याद आ गई



और मुख से निकल पड़ा की भारत के बच्चे तक में जीवो के लिए भी ऐसी दया की भावना है। काश की ऐसी भावनाएं दुनिया के सभी इंसानों में होती।

## महर्षि वेदव्यास परिषद ने किया विधायक प्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित

# निषाद समाज के उत्थान पर सदस्यों का जोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** महर्षि वेदव्यास परिषद जिला इकाई गढ़वा के तत्वावधान में एक भव्य विधायक प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गढ़वा और विश्रामपुर विधानसभा से मनोनीत विधायक प्रतिनिधियों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के उन प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर या सरकारी सेवा में योगदान देकर समाज को गौरवान्वित किया।


समाज के पदधारियों को सम्मानित करते लोग।

कार्यक्रम में परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूरे झारखंड में निषाद समाज से एक भी विधायक नहीं है, परंतु यह संतोष की बात है कि गढ़वा व विश्रामपुर विधानसभा के विधायकों ने निषाद समाज से प्रतिनिधियों को मनोनीत कर समाज को प्रतिनिधित्व का अवसर दिया है। उन्होंने गढ़वा से दिनेश चौधरी और विश्रामपुर से बसंत चौधरी को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने के लिए विधायकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि भवनाथपुर व डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में भी इस प्रकार के प्रतिनिधियों की आवश्यकता है, ताकि विकास की धारा वहां भी प्रवाहित हो सके। डॉ चौधरी ने जोर देकर कहा कि समाज के लोगों को केवल शिक्षा पर नहीं, बल्कि अपने अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी पर भी ध्यान देना चाहिए, ताकि वे उनका लाभ उठा सकें। उन्होंने मछुआ समुदाय के लिए झारखंड में मछुआ आयोग के गठन की मांग करते हुए कहा कि अन्य राज्यों की तर्ज पर यहां भी इसे लागू किया जाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गढ़वा जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने की और संचालन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सिकन्दर चौधरी ने किया।

### 23वां दक्षिणी भिखारिएट काथलिक आम सभा संपन्न



**महुआडांड़।** महुआडांड छेछाड़ी स्थित पकरीपाठ पारिष में 3-4 मई दो दिवसीय23वां दक्षिणी भिखारिएट काथलिक आम सभा अधिवेशन महुआडांड़ संत जोसेफ पारिष में किया गया। जहां रविवार को मुख्य अतिथि डालटनगंज धर्मप्रान्त के विकार जेनरल फादर संजय गिद्ध थे। उन्होंने ने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार पवित्र बनेगा तो समाज पवित्र बनेगा, अपने को पवित्र रखते हुए दूसरों को पवित्र करने की पवित्रता ही अच्छी जिन्दगी जीना मनूष्य का उद्देश्य होना चाहिए । जितना पवित्रता जितना परिवार शिक्षा होगा वही आगे जाकर समाज के विकास के लिए अच्छा होगा।इन सभी आशिषवचनो द्वारा उपस्थित ग्रामीण को अपना संदेश दिया धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में माता- पिता की भूमिका, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में माता पिता मार्गदर्शन, पवित्र विवाह को पवित्र रखने में पति पत्नी की जिम्मेदारियां सहित धर्मप्रान्तीय सहभागिता एंव विस्थापन जैसी विषयों पर अनेक वक्ताओं द्वारा अपने अपने विचार सभा में रखा गया। कार्यकर्म की शुरूआत पवित्र मिस्सा पूजा से की गई। जिसमें मुख्य अनुष्ठाता संजय गिद्ध ने सभी छेछाड़ी वासियों के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# कोर्स में बदलाव

एनसीईआरटी द्वारा लिये गये एक फैसले में सातवीं कक्षा के पाठ्यक्रम से मुगलों और दिल्ली सल्तनत के अध्याय हटा दिए हैं। भारतीय राजवंशों, महाकुंभ के संदर्भ और 'मेक इन इंडिया' और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी हाल के शासकीय उपक्रमों को नए अध्यायों के रूप में शामिल किया गया है। इसी सप्ताह आई नई पाठ्यपुस्तकों में हुए ये परिवर्तन नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) और शालेय शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा (एनसीएफएसई) 2023 के अनुरूप बताये गये हैं। हालांकि एनसीईआरटी के अधिकारियों के अनुसार यह किताबों का सिर्फ पहला भाग है। दूसरा भाग जल्दी ही आने की उम्मीद है। वैसे अधिकारी यह साफ नहीं कर पाये कि हटाए गए हिस्से दूसरे भाग में शामिल रहेंगे या नहीं। वैसे कोविड-19 के प्रकोप के बाद अध्ययन सामग्री को कम करने के लिये एनसीईआरटी ने भारतीय इतिहास के मुगल काल तथा दिल्ली सल्तनत से जुड़े अध्यायों को पहले से ही संक्षिप्त कर दिया था। इसमें तुगलक, खिलजी, लोदी और मुगल राजवंश के विवरण को संक्षिप्त कर दिया गया था। अब इन्हें पूरी तरह से हटा दिया गया है। एक और बड़े बदलाव के अंतर्गत सामाजिक विज्ञान की किताब 'समाज का अध्ययनः भारत और उसके आगे' में मगध, मौर्य, शुंग और सातवाहन जैसे प्राचीन भारतीय राजवंशों पर लिखे गये अध्याय शामिल हुए हैं। इसका उद्देश्य बच्चों को 'भारतीय लोकाचार' से परिचित कराना बतलाया गया है। इसी किताब में 'भूमि कैसे पवित्र बनती है?' शीर्षक से एक नया अध्याय जोड़ा गया है। इसमें इस्लाम, ईसाई, यहूदी, पारसी, हिंदू, बौद्ध और सिख धर्मों के लिए भारत और बाहर पवित्र माने जाने वाले स्थानों और तीर्थस्थलों की जानकारी दी गयी है। 'पवित्र भूगोल' अध्याय में 12 ज्योतिर्लिंग, चार धाम यात्रा और शक्ति पीठ जैसे स्थानों का विवरण है।इस प्रकार के निर्णय से अपने गौरवशाली इतिहास से छात्र अवगत होंगे।




**मेष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

**मिथुन :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

**कर्क :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

**कन्या :** पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

**तुला :** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

**धनु :** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

**मकर :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

**कुंभ :** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

**मीन :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# उत्तर प्रदेशः बीमारू राज्य से विकसित राज्य की ओर बढ़ा

उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है, जिसकी आबादी 22 करोड़ से ज्यादा है और इसे वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ को सौंपा गया था। किसी भी अन्य राज्य के मुख्यमंत्री की तुलना में यह सबसे कठिन काम था। जबरन वसूली, जबरदस्ती, अपहरण, जमीन जिहाद, लव जिहाद, बलात्कार, डर के कारण कोई बड़ा निवेश नहीं, मध्यम और गरीब वर्गों का माफिया शोषण और वोटबैंक की राजनीति ने राज्य को सबसे खराब स्थिति में डाल दिया था। जब सीएम योगी ने पदभार संभाला तो कई बुद्धिजीवियों और विपक्षी सदस्यों ने उनकी वेशभूषा और साधुता का मजाक उड़ाया। यही बीमारू राज्य अब आर्थिक रूप से दूसरा सबसे विकसित राज्य है तथा कानून-व्यवस्था में बहुमूल्य सुधार हुआ है, जिसकी किसी ने इतने कम समय में कल्पना भी नहीं की थी।

**बेहतर प्रशासक**

प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ का विश्लेषण कर ले। केवल 45 दिनों में, 66 करोड़ व्यक्तियों ने दौरा किया, जो अमेरिका और कई यूरोपीय देशों की आबादी से अधिक था। यहां तक कि विकसित देश भी इस तरह के असामान्य, अप्रत्याशित आयोजन की सफलतापूर्वक कल्पना नहीं कर सकते। एक संन्यासी सामाजिक न्याय, आर्थिक विकास और धर्म के पालन के मामले में चमत्कार कर सकता है। विभिन्न विद्वानों, बुद्धिजीवियों और विश्वविद्यालयों को सीएम योगी की विशेषताओं, आंतरिक और बाहरी ताकत के बारे में जानने के लिए महाकुंभ पर गहन शोध करना चाहिए। उन्होंने किसानों, महिलाओं और व्यापारियों के शत्रु को उनकी राजनीतिक और अवैध रूप से अर्जित धन शक्ति की अनदेखी करके उन्हें मारकर या कैद करके पूरी तरह से अक्षम कर दिया है। राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार किया, निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिससे यूपी दूसरे नंबर की आर्थिक स्थिति में पहुंच गया। उत्तर प्रदेश 2030 तक भारत की 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

योगी सरकार की प्रमुख उपलब्धियाँः

**1. ग्रामीण विकास और कल्याण पहलः** शौचालय निमार्णः स्वच्छ भारत अभियान ने 2.62 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए हैं, जिससे ग्रामीण घरों




में स्वच्छता आई है। मुफ्त राशन वितरणः महामारी के दौरान, सरकार ने लगभग 14.7 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन वितरित किया, जिससे गरीबों की तकलीफें कम हुईं। उज्ज्वला योजनाः 1.86 करोड़ से अधिक उज्ज्वला एलपीजी कनेक्शन वितरित किए गए हैं, जिससे घरों में स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन को बढ़ावा मिला है। **सभी के लिए आवासः** पिछले आठ वर्षों में वंचितों के लिए 56 लाख से अधिक आवास बनाए गए हैं, जिससे जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

**2. मजबूत कानून और व्यवस्था ढांचाः पुलिस सुधारः** सात जिलों में पुलिस कमिश्नरेट की स्थापना, साथ ही विशेष सुरक्षा बल के गठन से कानून प्रवर्तन दक्षता में सुधार हुआ है। अपराध का मुकाबलाः सरकार ने अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है, जिसमें 222 से अधिक कुख्यात अपराधी मारे गए और मुठभेड़ों में 8,000 से अधिक घायल हुए। महिला सुरक्षाः महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एंटी-रोमियो स्क्वॉड और तीन महिला पीएसी बटालियन की स्थापना की गई। इसके अलावा, महिलाएं अब रात के समय पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**3. स्मार्ट सिटीज और इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंटः** योगी सरकार ने शहरी विकास का नेतृत्व किया है, 125 नई नगर पालिकाओं की स्थापना की है और 17 शहरों को स्मार्ट सिटी में बदल दिया है। मेट्रो कनेक्टिविटीः नोएडा, ग्रेटर नोएडा, लखनऊ, कानपुर और आगरा जैसे प्रमुख शहरों ने मेट्रो सेवाओं को लागू किया है, जिससे सार्वजनिक परिवहन में काफी सुधार हुआ है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंटः छह एक्सप्रेसवे के निर्माण और 11 और के लिए जारी परियोजनाओं के साथ, राज्य की कनेक्टिविटी में काफी सुधार हुआ है। गौतम बुद्ध नगर में आगामी जेवर हवाई अड्डा, साथ ही हवाई अड्डों के मामले में देश के शीर्ष के रूप में राज्य की स्थिति महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं।


- पंकज जयसवाल

> जब सीएम योगी ने पदभार संभाला तो कई बुद्धिजीवियों और विपक्षी सदस्यों ने उनकी वेशभूषा और साधुता का मजाक उड़ाया, साथ ही इस विचार का भी मजाक उड़ाया कि एक संन्यासी सीएम के रूप में कैसे काम कर सकता है। सीएम योगी जैसे संन्यासी के लिए यह कठिन काम, जिनकी कोई वंशवादी पृष्ठभूमि नहीं है लेकिन एक मजबूत राष्ट्रवादी मानसिकता और कोई व्यक्तिगत मकसद नहीं था कमाल कर दिया।

**4. कृषि और किसानों पर ध्यान केन्द्रित करें:** कृषि विकासः उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र 8.6% से बढ़कर 13.7% की दर से बढ़ा है। राज्य वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा फल और सब्जी उत्पादक है, जो प्रति वर्ष 4 करोड़ टन से अधिक उत्पादन करता है। किसानों को पीएम कुसुम परियोजना के तहत 76,189 सौर पंप मिले हैं, जिससे खेती के संचालन को और अधिक टिकाऊ बनाया जा सकेगा। बाजार आधुनिकीकरणः 27 नई मंडियों (बाजारों) का आधुनिकीकरण किया गया है, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्ति हुई है।

**5. बेहतर ऊर्जा अवसंरचनाः** सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 20 घंटे, तहसील क्षेत्रों के लिए 22 घंटे और जिला मुख्यालयों के लिए 24 घंटे बिजली प्रदान करती है। इसके अलावा, अयोध्या को सोलर सिटी और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को सोलर एक्सप्रेसवे में बदलने के लिए चल रहे प्रयास अक्षय ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। सब्सिडी और सुविधाएँः निजी ट्यूबवेल वाले किसानों को उनके बिजली बिलों पर 100% छूट मिलती है, और 24 घंटे के भीतर ट्रांसफार्मर बदलने की व्यवस्था लागू की गई है।

6. सांस्कृतिक और धार्मिक विकासः धार्मिक पर्यटन वृद्धिः राज्य एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बन गया है, कुंभ मेले के दौरान 66.3 करोड़ से अधिक भक्तों का स्वागत करता है और लगातार शीर्ष पर्यटन स्थल के रूप में रैंकिंग करता है। तीर्थ स्थल विकासः उल्लेखनीय उपलब्धियों में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, काशी की देव दीपावली का विस्तार और अयोध्या में विशाल दिवाली समारोह का समन्वय शामिल है।

**7. स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों** में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज सुनिश्चित करना शामिल है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना ने लगभग 49 लाख परिवारों को मुफ्त स्वास्थ्य कवरेज की पेशकश की है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में कोई भी पीछे न रहे। चिकित्सा सुविधाओं का विस्तारः 5,000 नए स्वास्थ्य उप-केंद्रों के विकास के साथ-साथ सभी 75 जिलों में मुफ्त डायलिसिस सुविधाओं के प्रावधान ने स्वास्थ्य सेवा की पहुंच बढ़ाई है।

**8. आर्थिक विकास और औद्योगिक विकासः** उत्तर प्रदेश अब देश के मोबाइल विनिर्माण उत्पादन का 45% हिस्सा है। उत्तर प्रदेश धीरे-धीरे उत्तरी औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है, जो प्रमुख निवेश को आकर्षित कर रहा है।

## लेटर टू एडिटर

### अनियंत्रित गति

**सड़कों** पर होने वाले हादसों का एक मुख्य कारण ओवर स्पीडिंग है। जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगाए जाते हैं ताकि वाहनों की स्पीड कम रहे पर वाहन चालक इन्हें भी अनदेखा करते हैं। ओवर स्पीडिंग न केवल दूसरे वाहनों के लिए खतरा है बल्कि पैदल चलने वाले और सड़क किनारे सामान बेचने वालों के लिए भी। क्या सारी जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही है? इसके साथ, ट्रैफिक व सामान्य पुलिस को सतर्क करने तथा यात्रियों को जागरूक करने की भी जरूरत है।

**-अभिलाषा गुप्ता, रांची**

### समाज का नुकसान

**अधिक** पैसे कमाने की चाहत में कई कारोबारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूल रहे हैं। दवाइयां, खाद्य पदार्थ, घी, तेल, दूध, मिठाइयां, मसाले आदि में मिलावट कर वे लोगों को चुपके-चुपके अस्वस्थ बना रहे हैं। यह कोई छोटा अपराध नहीं है, लेकिन लचर सरकारी व्यवस्था, भ्रष्टाचार और कठोर सजा मिले।

**-दिनेश, जमशेदपुर**

## ट्वीट

**प्रदूषण** से युक्त और पथ बाधित गंगा मनुष्यत्व के लिए अभिशाप है। गंगा की अविरलता सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयत्न करें क्योंकि गंगा सबकी है। वह अपने उदर में अनेकों जैव प्रजातियों, वनस्पतियों एवं संस्कृतियों को युग -युगांतर से पोषित करती आई है। गंगा के विलीन होने से मानवता की एक गौरवशाली सांस्कृतिक परम्परा का अंत हो जाएगा।माँ गंगा त्रय-योग सिद्धि कारक है, वह ब्रह्मा के कमंडल से निकलकर कर्म योग ,भगवान विष्णु के चरणों से निकलती है इसलिए भक्ति योग और शिव की जटाओं से धरा धाम पर अवतरित होती है, इसलिए ज्ञान योग सिद्ध करती है। मृत्युलोक में उनका अवतरण सभी के उद्धार के लिए हुआ है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# शंकराचार्यः एकीकृत और आध्यात्मिक रूप से प्रबुद्ध भारत की नींव रखी

**हृदयनारायण दीक्षित**

समाज

शंकराचार्य छठी सदी के मध्य जन्मे थे। अतिविशिष्ट महानुभावों के जन्म स्थल और जन्मतिथि पर अक्सर विवाद रहता है। आर.जी. भंडारकर के अनुसार शंकराचार्य का जन्म सन 680 में हुआ था। प्रख्यात विद्वान मैक्समूलर के अनुसार शंकर का जन्म 788 ईस्वी में हुआ था। यही तिथि मैकडनल को भी मान्य है। शंकराचार्य का जीवन अल्पकाल का था। इस अल्पकाल में उन्होंने दुनिया के सभी विद्वानों की तुलना में सभी विषयों पर बड़ा काम किया। ज्ञान और कर्म दोनों ही उनके जीवन में शीर्ष पर पहुंचे। डॉक्टर राधाकृष्णन ने भारतीय दर्शन (हिंदी अनुवाद पृष्ठ 384) में लिखा है कि, बाल्यावस्था में ही 8 वर्ष की आयु में उन्होंने गहन अभिलाषा प्रसन्नता के साथ सब वेदों को कंठस्थ कर लिया था। वे प्रकट रूप में वैदिक ज्ञान तथा स्वतंत्र प्रज्ञा से युक्त तेजस्वी व्यक्ति थे। वे संन्यासी हो गए थे। किन्तु वीतरागी परिव्राजक नहीं थे आचार्य गृहस्थ जीवन त्याग राग-द्वेष से मुक्त होकर एकांतवास करने वाले सामान्य योगी नहीं थे। मजेदार बात है कि दर्शन में संसार को मिथ्या सिद्ध करने वाले आचार्य शंकर संसार और समाज को सत्य और आनंद से भरने के लिए सक्रिय थे इसलिए उन्होंने पूरे भारत का भ्रमण किया था। उन्होंने जगह-जगह प्रवचन किए। तर्क हुए। सत्य का विशुद्ध प्रकाश था उनके अन्तस्तल में। एक आचार्य के रूप में उन्होंने स्थान-स्थान पर भ्रमण किया। विभिन्न मतों के नेताओं के साथ संवाद और शास्त्रार्थ हुए। परंपरागत वर्णनों के अनुसार, वे अपनी विजय यात्राओं में कुमारिल और मण्डन मिश्र के संपर्क में आए। आगे चलकर मण्डन मिश्र उनके शिष्य बने। अमरूक के मृत शरीर में शंकर के प्रवेश करने की कहानी यह प्रकट करती है कि शंकर योग सम्बंधी क्रियाओं में निपुण थे। उन्होंने राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता के लिए चार मठों की स्थापना की। जिनमें मुख्य मैसूर प्रांत में श्रृंगेरी में है। अन्य तीन मठ क्रमशः पूर्व में पुरी में, पश्चिम में द्वारका में और हिमालय प्रदेश में बद्रीनाथ में है।

समूचे विश्व में दो दिन पहले प्रख्यात दार्शनिक शंकराचार्य की जयंती के उत्सव आयोजित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदि शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि तीन वर्ष पूर्व सितंबर में उन्हें आदि शंकराचार्य के पवित्र जन्मस्थान का दौरा करने का सौभाग्य मिला था। आदि शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा उनके संसदीय क्षेत्र काशी में विश्वनाथ धाम परिसर में स्थापित की गई है। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के पवित्र केदारनाथ धाम में आदि शंकराचार्य की दिव्य प्रतिमा का अनावरण करने का भी उल्लेख किया। मोदी ने रेखांकित किया कि केरल से निकल कर आदि शंकराचार्य ने देश के विभिन्न भागों में मठों की स्थापना करके राष्ट्र की चेतना को जगाया। उन्होंने एकीकृत और आध्यात्मिक रूप से प्रबुद्ध भारत की नींव रखी।

शंकराचार्य ने भारत के अद्वैत दर्शन को लेकर तमाम अभियान चलाए थे। उन्होंने देश की सांस्कृतिक एकता के लिए लगातार अभियान चलाए। उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम एकात्म ब्रह्म-दर्शन की धूम थी। शंकराचार्य विरल थे। अविश्वसनीय शिखर ऊँचाई से भी ऊंचे। पाताल की गहराई से भी गहरे। ब्रह्म की तरह प्रज्ञानी। उन्होंने अद्वैत दर्शन के सूक्ष्म सूत्रों का भाष्य किया। उन्होंने ज्ञान के समकालीन मानदण्डों, विश्वास व प्राचीन सूत्रों का प्राचीन परंपराओं के साथ समन्वय किया।

शंकराचार्य के समय की परिस्थितियाँ विचारणीय हैं। दक्षिण भारत में बौद्ध धर्म का ह्रास हो रहा था। जैन मत शिखर पर था। वैदिक परंपरा का भी ह्रास हो रहा था। शैव मतावलंबी भक्त (उदियार) और वैष्णव मत वाले भक्त (आलवार) भक्ति मार्ग का प्रचार कर रहे थे। मंदिरों में पूजा, पाठ, पर्व, त्यौहार प्रचलित थे। कुमारिल और मण्डन मिश्र ने अपने बौद्धिक ज्ञान के बल पर ज्ञान और संन्यास के महत्व को कम किया था। दोनों ने गृहस्थ आश्रम की उपयोगिता पर अधिक बल दिया था। इसी वातावरण में शंकराचार्य की प्रतिभा का विस्फोट हुआ था। वे सनातन धर्म के रक्षक थे और रूढ़ियों के विरोध में अभियान चला रहे थे। पूरे देश में वैदिक दर्शन की जगह पुराण ले रहे थे। शंकराचार्य ने पुराणों के प्रकाशमान स्वर्ग आकांक्षी युग के स्थान पर उपनिषदों के सत्य को फिर से लौटा लाने का अभियान चलाया।

धर्म की शक्ति को बड़ा बताया। डॉ. राधाकृष्णन ने लिखा है कि, उन्होंने अपने युग को धार्मिक दिशा में मोड़ने के प्रयत्न करने में अपने को विवश पाया। इसकी सिद्धि उन्होंने एक ऐसे दर्शन व धर्म की व्यवस्था के द्वारा सम्पन्न की जो बौद्ध धर्म, मीमांसा तथा भक्ति धर्म की अपेक्षा जनता की आवश्यकताओं को कहीं अधिक सन्तोषप्रद सिद्ध हो सकती थी। आस्तिकवादी सत्य को भावावेश के कुहरे से आवृत्त किए हुए थे।

# जरूरी है मीडिया का भारतीयकरण

**प्रो. संजय द्विवेदी**

मीडिया

हमें सोचना होगा कि आखिर हमारी मीडिया प्रेरणाएं क्या हैं? हम कहां से शक्ति और ऊर्जा पा रहे हैं। हमारा संचार क्षेत्र किन मानकों पर खड़ा है। पश्चिमी मीडिया के मानकों के आधार पर खड़ी हमारी मीडिया के लिए नकारात्मकता, संघर्ष और विवाद के बिंदु खास हो जाते हैं।

यह 'शब्द हिंसा' का समय है। बहुत आक्रमक, बहुत बेलगाम। ऐसा लगता है कि टीवी न्यूज मीडिया ने यह मान लिया है कि शब्द हिंसा में ही उसकी मुक्ति है। चीखते-चिल्लाते और दलों के प्रवक्ताओं को मुर्गों की तरह लड़ाते हमारे एंकर सब कुछ स्क्रीन पर ही तय कर लेना चाहते हैं।

यहां संवाद नहीं है, बातचीत भी नहीं है। विवाद और वितंडावाद है। यह किसी निष्कर्ष पर पहुंचने का संवाद नहीं है, आक्रामकता का वीभत्स प्रदर्शन है। निजी जीवन में बेहद आत्मीय राजनेता, एक ही कार में साथ बैठकर चैनल के दफ्तर आए प्रवक्तागण स्क्रीन पर जो दृश्य रचते हैं, उससे लगता है कि हमारा सार्वजनिक जीवन कितनी कड़वाहटों और नफरतों से भरा है। किंतु स्क्रीन के पहले और बाद का सच अलग है। बावजूद इसके हिंदुस्तान का आम आदमी इस स्क्रीन के नाटक को ही सच मान लेता है। लड़ता-झगड़ता हिंदुस्तान हमारा 'सच' बन जाता है। मीडिया के इस जाल को तोड़ने की भी कोशिशें नदारद हैं। वस्तुनिष्ठता से किनारा करती मीडिया बहुत खौफनाक हो जाती है।

**सूचना और खबर के अंतर को समझिए–**

हमें सोचना होगा कि आखिर हमारी मीडिया प्रेरणाएं क्या हैं? हम कहां से शक्ति और ऊर्जा पा रहे हैं। हमारा संचार क्षेत्र किन मानकों पर खड़ा है। पश्चिमी मीडिया के मानकों के आधार पर खड़ी हमारी मीडिया के लिए नकारात्मकता, संघर्ष और विवाद के बिंदु खास हो जाते हैं। जबकि संवाद और संचार की परंपरा में संवाद से संकटों के हल खोजने का प्रयत्न होता है। हमारी परंपरा में सही प्रश्न करना भी एक पद्धति है। सवालों की मनाही नहीं, सवालों से ही बड़ी से बड़ी समस्या का हल खोजना है, चाहे वह समस्या मन, जीवन या समाज किसी की भी हो। इस तरह प्रश्न हमें सामान्य सूचना से ज्ञान तक की यात्रा कराते रहे हैं। आज 'सूचना' और 'ज्ञान' को पर्याय बनाने के जतन हो रहे हैं। सच यह है कि 'सूचना' तो समाचार,खबर या न्यूज का भी पर्याय नहीं है। सूचना कोई भी दे सकता है। वह कहीं से भी आ सकती है। सोशल मीडिया आजकल सूचनाओं से ही भरा हुआ है। किंतु ध्यान रखें खबर, समाचार और न्यूज के साथ जिम्मेदारी जुड़ी है। संपादकीय प्रक्रिया से गुजरकर ही कोई सूचना,समाचार बनती है। इसलिए संपादक और संवाददाता जैसी संस्थाएं साधारण नहीं है।

**हर व्यक्ति नहीं हो सकता पत्रकार–**

यह कहना आजकल बहुत फैशन में है कि इस दौर में हर व्यक्ति पत्रकार है। हर व्यक्ति फोटोग्राफर है। हर व्यक्ति कम्युनिकेटर, सूचनादाता, मुखबिर हो सकता है, वह पत्रकार कैसे हो जाएगा? मेरे पास कैमरा है, मैं फोटो ग्राफर कैसे हो जाऊंगा। विशेष दक्षता और प्रशिक्षण से जुड़ी विधाओं को हल्का बनाने के हमारे प्रयासों ने ही हमारी मीडिया या संवाद की दुनिया को बहुत बड़ा नुक्सान पहुंचाया है। यह वैसा ही है जैसे कपड़े प्रेस करने वाले या प्रिंटिंग प्रेस वाले अपनी गाड़ियों पर 'प्रेस' का स्टिकर लगाकर घूमने लगें। मीडिया में प्रशिक्षण प्राप्त और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के बिना आ रही भीड़ ने अराजकता का वातावरण खड़ा कर दिया है। लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस, बाबासाहेब आंबेडकर, पं. जवाहरलाल नेहरू, मदनमोहन मालवीय, माधवराव सप्रे जैसे उच्च शिक्षित लोगों द्वारा प्रारंभ और समाज के प्रति समर्पित पत्रकारिता वर्तमान में कहां खड़ी है। भारत सरकार के आग्रह पर प्रेस कौंसिल आफ इंडिया ने पत्रकारों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के निर्धारण के लिए एक समिति भी बनाई थी,

**राज्य के अधिवक्ताओं को सशक्त करने की सोच है। राज्य में न्यायिक व्यवस्था से जुड़ें अधिवक्ता का स्वास्थ्य बीमा कार्ड दिया गया।**





## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### अनिल सिन्हा की मां निधन



रामगढ़। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला के जिला सचिव और गोला निवासी अनिल सिन्हा की मां एवं प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय प्रधान भुवनेश्वर प्रसाद उर्फ भून्ना बाबू की पत्नी प्रेमलता सिन्हा (उम्र 93 वर्ष) का शनिवार की शाम निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को किया गया। जिसमें समाज के कई लोग शामिल हुए। वह अपने पीछे छह पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। उन्हें मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र संजय कुमार सिन्हा ने दी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण सिन्हा ने अनिल सिन्हा की मां के निधन पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से कायस्थ समाज Nको अपूरणीय क्षति हुई है। हमने अपने परिवार के एक महत्वपूर्ण स्तंभ को खो दिया है ईश्वर पवित्र आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे और परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे। इस दुख की घड़ी में कायस्थ महासभा शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़ी है।

### कुजू : जनता मजदूर संघ की बैठक



कुजू। नयामोड़ स्थित जनता मजदूर संघ कार्यालय में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संघ के क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने किया। 5 मई को सीएमपीडीआई रांची में राष्ट्रीय कन्वेंशन में जनता मजदूर संघ के केंद्रीय महामंत्री सह जेबीसीसीआई मेंबर सिद्धार्थ गौतम, एवं हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) हरभजन सिंह सिद्धू शामिल होंगे। इसकी तैयारी को लेकर क्षेत्रीय कार्यालय यूनियन ऑफिस में एक बैठक की गई। बैठक में कुजू क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम रांची में भाग लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष उमेश प्रसाद साव, पुंडी सचिव ब्रह्मदेव राम, नंदकिशोर प्रसाद, राजकुमार महतो, शशि कुमार, अख्तर हुसैन, मेघलाल मंडल, अशु कुमार, कपिल मंडल, राजेंद्र महतो राजू आदि शामिल थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



भुरकुंडा (रामगढ़)। सेवा मंच ने रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह और सदस्यों ने लगभग 150 गरीब- जरूरतमंद महिला-पुरुष और बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, लालू उरांव, विजय राम, लखन राम, कारू यादव, सुकरा करमाली, महावीर घटवार, मो. शाहिद सहित कई लोगों का विशेष योगदान दिया।

### लपंगा में बच्चियों को मिला लहंगा



भुरकुंडा (रामगढ़)। लपंगा पंचायत अंतर्गत कोल कंपनी क्षेत्र में रविवार को सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से जरूरतमंद बच्चियों के बीच लहंगा सेट का वितरण किया गया। भाजपा भदानीनगर मंडल के सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली, मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर, महामंत्री राजेंद्र मुंडा द्वारा स्व. भुवाल प्रसाद एवं उर्मिला देवी की पुत्री सीतु कुमारी को भी उपहार स्वरूप लहंगा दिया। मौके पर विद्यासागर ओझा, गणेश करमाली, श्रवण ठाकुर, विवेक कुमार, चंदन कुमार, काजल कुमारी, राज गंझू सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। इधर 28 यूनिट स्थित नेहरू पुस्तकालय के समीप गिरवर साव की पुत्री ललिता कुमारी को भी यह उपहार भेंट किया गया।

### बोंगाबार में मंडा पूजा 12 मई को



कुजू। बोंगाबार मंडा टांड स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में रविवार को मंडा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रेमलाल महतो ने किया। बैठक में लोगों ने इस वर्ष भी मंडा पूजा की चर्चा की। छऊ नृत्य, बनस झूला, फुलखुंदी समेत अन्य धार्मिक अनुष्ठान को लेकर विचार विमर्श किया। 12 मई को आयोजित होने वाले मंडा पूजा को सफल बनाने के लिए कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष कमलनाथ पंडा, उपाध्यक्ष विश्वामित्र महतो, सचिव सुरेंद्र महतो, उप सचिव प्रेमलाल महतो, कोषाध्यक्ष प्यारेलाल महतो को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में फुलेश्वर महतो, तेजनारायण कुशवाहा, वीरेंद्र साव, महेश महतो, संतोष करमाली, दिनेश कुशवाहा, अशोक करमाली, बसंत प्रजापति, तिलेश्वर कुशवाहा आदि शामिल हैं।

### मांडू प्रखंड में लहंगा वितरित



कुजू। मांडू प्रखंड के कई पंचायत में सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से उपलब्ध कराए गए लहंगा का वितरण किया गया। कुजू पश्चिमी पंचायत के अनुराधा कुमारी माता उर्मिला देवी,ओरल पंचायत के रुनु देवी पिता सावन मुंडा, दयांती देवी पिता गोपाल नायक,मंझला चुंबा में कविता कुमारी पिता संतोष सिंह,बड़का चुंबा में चंदा कुमारी पिता शंभू राम को श्री राम लहंगा का वितरण किया गया। मौके पर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, विधानसभा मीडिया संसद प्रतिनिधि रीमा कुमारी उपस्थित थे।

# गोन्दलपुरा में उठी अस्मिता की आग

## आंदोलन जमीन से बढ़कर बना संस्कृति और अधिकार की लड़ाई

अभय सिंह



हजारीबाग। बड़कागांव का गोन्दलपुरा गांव आज केवल एक कोयला खनन परियोजना का विरोध नहीं कर रहा। यह गांव अब पूरे राज्य के लिए एक सवाल बन गया है। विकास की कीमत क्या होनी चाहिए? और क्या उसमें जन-सहमति, संस्कृति और संवेदनशीलता का स्थान है? साल 2023 में अदानी समूह को गोन्दलपुरा कोल ब्लॉक सौंपे जाने के बाद से इस गांव में जो हलचल शुरू हुई थी, वह अब जनचेतना की लहर बन चुकी है। जहां एक तरफ कंपनी विकास और रोजगार की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण कह रहे हैं कि यह जमीन नहीं, ज़िंदगी की लड़ाई है। धरना स्थल अब केवल विरोध का स्थान नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक मंच बन चुका है। यहां हर सुबह महिलाएं पारंपरिक गीतों और नृत्यों के साथ नारे लगाती हैं, जंगल हमारा है, धरती हमारी मां है। गांव की महिलाओं ने आंदोलन की अगुआई संभाल ली है। एक बुजुर्ग महिला कहती हैं कि पुरुष थकते हैं, तो हम संभाल लेते हैं। क्योंकि जंगल और खेत ने ही हमें जीना सिखाया है।

**संस्कृति:** ग्राम देवस्थलों, परंपराओं और आदिवासी त्योहारों पर संकट।

**भाषा:** क्षेत्रीय बोलियां और कहानियां खोने के कगार पर।

**समुदाय:** विस्थापन से सामाजिक ढांचा टूटने की आशंका।

कुछ दिन पहले उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में पुर्नवास समीक्षा समिति की बैठक हुई, जिसमें सांसद मनीष जायसवाल, विधायक रौशन लाल चौधरी, अडानी समूह के प्रतिनिधि और ग्रामीण जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

इस बैठक में विस्थापित क्षेत्रों के लिए स्मार्ट स्कूल, खेल मैदान, विश्वस्तरीय अस्पताल और अन्य सुविधाओं की मांग रखी गई। सांसद ने मुआवजा और जमीन की दर बढ़ाने की मांग की तथा स्थानीय लोगों को नौकरी में प्राथमिकता देने की बात कही। परंतु आंदोलनकारियों का स्पष्ट कहना है कि विकास का मतलब यह नहीं कि हमारी जमीन, परंपरा और भाषा छीन ली जाए।

**अब आंदोलन को मिल रहा है राज्यभर से समर्थन :** झारखंड के विभिन्न जिलों से सामाजिक संगठनों, क्षेत्रीय कलाकारों, कवियों और बुद्धिजीवियों का समर्थन गोन्दलपुरा पहुंच रहा है। एक स्थानीय पत्रकार कहते हैं कि गोन्दलपुरा अब झारखंड की अस्मिता का केंद्र बन गया है। यह सिर्फ विरोध नहीं, चेतना है। नतीजा क्या होगा? जब तक ग्रामवासियों की उनकी शर्तों पर, उनकी अस्मिता के सम्मान के साथ समाधान नहीं मिलेगा, यह आंदोलन थमने वाला नहीं। यह हमें याद दिलाता है कि किसी भी योजना की सफलता तभी संभव है, जब उसमें इंसानियत, इतिहास और जमीन की आत्मा को समझा जाए। गोन्दलपुरा की यह जंग न केवल झारखंड, बल्कि देशभर में चल रही प्राकृतिक संसाधनों की लड़ाइयों का आइना है। यह दिखाता है कि विकास की परिभाषा अब एकतरफा नहीं रह सकती।

### दलाल समझने की प्रवृति बनी आंदोलन की सबसे बड़ी बाधा

गोन्दलपुरा में दो साल से चल रहा आंदोलन साहसिक जरूर है, लेकिन अब तक अपेक्षित परिणाम नहीं ला पाया। आंदोलन की शुरुआत में ग्रामीणों ने स्थानीय पत्रकारों पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए उनका बहिष्कार कर दिया था। ग्रामीणों का मानना था कि कुछ पत्रकार कंपनियों से मिले हुए हैं और सच नहीं दिखाते। इसी रवैये के कारण कई पत्रकारों के साथ बदसलूकी हुई, जिससे मीडिया ने घटनास्थल से दूरी बना ली। लेकिन किसी भी जनआंदोलन के लिए मीडिया की भागीदारी बेहद जरूरी होती है, यही कमी आंदोलन को कमजोर करती रही। अब ग्रामीणों को भी यह समझ आने लगा है। स्थानीय पत्रकारों को दोबारा जोड़ा गया है और वे अब आंदोलन की खबरों को प्रमुखता दे रहे हैं। यही कारण है कि गोन्दलपुरा का आंदोलन अब फिर चर्चा में है।

# कोयले के कारोबार में चरही व मांडू में दलालों का जलवा

## करोड़ों के इस खेल में ऊपर तक सांठगांठ

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग/चरही। एक समय था जब कहा जाता था, कोयले की दलाली में मुँह काला होता है, लेकिन अब हकीकत कुछ और है। अब कोयले की दलाली में मुँह नहीं, जेबें लाल हो रही हैं, दौलत से, रसूख से और राजनीतिक संरक्षण से। हजारीबाग जिले के चरही, मांडू और आगों के इलाके इस समय कोयले की अवैध तस्करी के सबसे बड़े अड्डों में बदल चुके हैं, जहाँ हर रात कानून को ठेंगा दिखाकर दौलत का काला खेल खेला जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, इन इलाकों में एक संगठित सिंडिकेट सक्रिय है, जिसमें दलालों से लेकर फर्जी पत्रकार, स्वयंभू समाजसेवी और थाना स्टाफ तक की हिस्सेदारी है। हर दिन दर्जनों ट्रकों में अवैध कोयला लोड होकर निकलता है, और हर ट्रक के पीछे होती है नोटों की बरसात और साजिशों की चुप्पी। अंदरूनी खबरों की मानें तो इस सिंडिकेट से जुड़े कई चेहरों के पास बेनामी संपत्ति, लग्जरी गाड़ियां और शहर के पॉश इलाकों में मकान हैं। यदि इन पर रेड हो जाए, तो करोड़ों की संपत्ति और तस्करी का जखीरा सामने आ सकता है। सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि स्थानीय पुलिस के सूत्र इतने तेज हैं कि किसके घर में क्या पक रहा है, ये बता देते हैं। लेकिन उन्हें अब तक यह नहीं पता चल पाया कि इस रैकेट का असली मास्टरमाइंड कौन है, या शायद जानबूझकर पता नहीं चल रहा? क्योंकि कई नाम तो मीडिया रिपोर्ट्स में पहले ही आ चुके हैं।

कोई शक नहीं कि करोड़ों के इस खेल में बहुत ऊपर तक सांठगांठ है। सवाल यह नहीं कि जानकारी उपलब्ध नहीं है, सवाल यह है कि कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? क्या प्रशासन की चुप्पी किसी अदृश्य दबाव का संकेत है? अब वक्त आ गया है कि जांच एजेंसियां इस सिंडिकेट पर नकेल कसें और दिखाएं कि कानून की लाठी में दम अभी बाकी है। वरना चरही-मांडू जैसे इलाके धीरे-धीरे तस्करी के गढ़ बनते रहेंगे, और लोकतंत्र की नींव में कोयले की कालिख भरती रहेगी। जनता पूछ रही है कि किसकी जेब में बंधा है सिस्टम?

### संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस की बैठक

विष्णुगढ़। रांची के धुर्वा मैदान में 6 मई को संविधान बचाओ रैली की तैयारी को लेकर रविवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से प्रखंड पर्यवेक्षक शारदा रंजन दुबे के अलावा असगर अली शामिल हुए। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी व संचालन नारायण महतो ने किया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने महारैली की तैयारी को लेकर अपने विचार रखे। पर्यवेक्षक ने कहा कि जातीय जनगणना की घोषणा कांग्रेस पार्टी की बड़ी जीत है। पार्टी ने इसके लिए सड़क से सदन तक लंबी लड़ाई लड़ी। अब यह घोषणा सिर्फ घोषणा बनकर नहीं रह जाये, इसके लिए आंदोलन जारी रखना होगा।

प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि रैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई राष्ट्रीय नेतागण भाग लेंगे। इसमें सभी पंचायतों से बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करना है। बैठक में गुलाब राम, रामजन्म राय, मुखिया उत्तम महतो, अफरोज अंसारी, शिव प्रसाद लाहकार, कमरुल अंसारी, मो. आसिफ अंसारी, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, फिरोज अंसारी, दशमी कुमारी, त्रिवेणी मंडल व अन्य उपस्थित थे।

### कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दूबे का मनीष जायसवाल ने किया स्वागत



हजारीबाग। रविवार को कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दूबे का रामगढ़ में सांसद मनीष जायसवाल ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। उन्होंने मंत्री दूबे को अंगवस्त्र और फूल माला भेंट की तथा उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। दूबे रामगढ़ में एक विशेष कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे, जहाँ उन्होंने कोयला क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी साझा की। स्वागत करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, वरिष्ठ नेता कुटुं बाबू, रणजीत पांडे, छोटन सिंह, सरदार अनमोल सिंह, सुर्यवंश श्रीवास्तव, ऋषिकेश सिंह, शीतल सिंह, कुणाल दास, राजेश ठाकुर, मणिशंकर ठाकुर, मिथलेश मंडल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पतरातू में संविधान बचाओ रैली को लेकर बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 6 मई को रांची के धुर्वा स्थित पुराने विधानसभा मैदान में आयोजित संविधान बचाओ रैली की तैयारियों को लेकर रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अध्यक्षता सुजीत पटेल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला प्रभारी शांतनु मिश्रा उपस्थित थे। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए 6 मई को रांची के धुर्वा स्थित पुराने विधानसभा मैदान में आयोजित संविधान बचाओ रैली की तैयारियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर कांग्रेस जिला प्रभारी शांतनु मिश्रा ने बताया कि रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू समेत कई वरिष्ठ राष्ट्रीय नेता भाग लेंगे। उन्होंने रैली में भारी से भारी संख्या में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, चमन लाल, राज किशोर पांडेय, अनिल सिंह, अमित कुमार, अमर यादव, अजय पांडेय, प्रेम विश्वकर्मा, इकबाल हुसैन, प्रदीप साहू, विकृष्ण रजक, प्रकाश कुमार, खुशबू देवी, इशरत जहां सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद थे।

# लायंस क्लब ने शीतला देवी मंदिर में किया भंडारा

## सैंकड़ों गरीबों को कराया भोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत सैंकड़ों जरूरतमंदों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है। मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया कि लायंस क्लब समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगों को ध्यान में रखकर सामाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना बड़ा पुण्य का कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा ही कल्ब का उद्देश्य है, जो निरंतर जारी रहेगा। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, लायन विजयंत कुमार, लायन डॉ एमके मंजुल, सुबेदार एनएन यादव, लायन दीनबंधु सिंह, लायन विजय वर्णवाल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबु आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### ब्राउन शुगर की चपेट में हजारीबाग



हजारीबाग। हजारीबाग में एक खामोश तबाही जारी है, ऐसी तबाही, जो न बम से हो रही है, न गोली से, बल्कि एक पैकेट में बंधी उस जहर से जो ब्राउन शुगर के नाम से कुख्यात है। गांव से लेकर शहर तक, स्कूल से लेकर मोहल्लों तक, यह नशा पीढ़ियों को निगल रहा है और सिस्टम बेबस नहीं, बल्कि शायद सेट है। हजारीबाग जिले में ब्राउन शुगर की जड़ें गांव-गांव तक फैल चुकी हैं। दिपुगढ़ा, कोर्रा, पेलावल, बड़ी बाजार, खिरगांव, लाखे, बुच्चर टोली जैसे इलाकों में यह मौत का सौदा दिन-दहाड़े खुलेआम हो रहा है। नशे की गिरफ्त में गरीब तबके के बच्चे तक आ चुके हैं। इन माफिया युवाओं को पहले नशे का आदी बनाते हैं, फिर पैसों का लालच देकर उन्हें पेडलर में तब्दील कर देते हैं। इनसे जुड़ी घटनाएं जैसे चोरी, छिनतई, बलात्कार, हत्या और आत्महत्याएं अब आम हो चली हैं। इतना ही नहीं, देश में होने वाली कई आतंकी घटनाओं में भी इनका कनेक्शन सामने आता रहा है। इसके बावजूद सरकार, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी वर्ग की चुप्पी खतरनाक संकेत देती है। सूत्रों का दावा है कि इन इलाकों में कई फर्जी समाजसेवियों और स्थानीय पुलिस के कुछ अधिकारियों को इन पेडलर्स से मैनेज कर रखा है। हर महीने तय रकम पहुंचाई जाती है ताकि कोई सवाल न उठे, कोई कार्रवाई न हो। सिस्टम की ये खामोशी बताती है कि या तो वो बिक चुका है, या फिर उसे समाज के बच्चों की कोई परवाह नहीं। अब सवाल यह है कि क्या हम एक पूरी पीढ़ी को यूँ ही नशे की आग में जलते देखते रहेंगे? या कभी कोई ऐसा भी आएगा जो इस आग पर पानी फेकेगा, और उस सिस्टम को झकझोड़ेगा जो अब आँख, कान और जमीर तीनों बंद कर चुका है?

### एफआइआर के खिलाफ पत्रकार ने किया प्रदर्शन



हजारीबाग। हजारीबाग में रविवार को पत्रकारिता की गरिमा व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा को लेकर आवाज बुलंद हुई। रांची के पत्रकार कुमार कौशलेंद्र के खिलाफ स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी द्वारा की गई झूठी एफआईआर के विरोध में पत्रकारों ने समाहरणालय चौक पर काली पट्टी बांधकर जोरदार प्रदर्शन किया। आरोप है कि यह मामला सरकार की आलोचना को दबाने का कुत्सित प्रयास है। एफआईआर की चिंगारी उस वक्त भड़की जब पत्रकार के बहुचर्चित श्री श्वेबाकर में रिम्स के निदेशक डॉ. राजकुमार की बर्खास्तगी और हाईकोर्ट से बहाली के मुद्दे को उठाया गया। स्वास्थ्य मंत्री इससे बौखला गए और अपने सचिव के माध्यम से रांची के जगन्नाथपुर थाने में मानहानि का मामला दर्ज करवा दिया। हजारीबाग के पत्रकारों ने इस एफआईआर को मनगढ़ंत, असंवैधानिक और लोकतंत्र विरोधी बताया है। प्रेस क्लब ने कहा कि पत्रकार निधि है, लेकिन उन्हें अपने अधिकार लेने भी आते हैं। यदि मुकदमा वापस नहीं लिया गया, तो चरणबद्ध और उग्र आंदोलन होगा। विरोध प्रदर्शन में शामिल पत्रकारों ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि पूरे मीडिया जगत की आवाज है। राज्य भर के पत्रकार इस कार्रवाई से आक्रोशित हैं। यदि पत्रकारों की कलम को दबाने की कोशिशें जारी रहीं, तो सड़कों पर उतरकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए आंदोलन तेज होगा। हजारीबाग से उठी यह आवाज अब राज्यव्यापी आंदोलन की शक्ल ले रही है।

### यज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुये सांसद

कटकमदाग। रविवार को सांसद मनीष जायसवाल ने कदमा के शिवदयाल नगर स्थित त्रिदेव मंदिर में चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग लिया। यह आयोजन क्षेत्रवासियों की धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते हुए क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इसी दिन सांसद जायसवाल ने कटकमदाग प्रखंड के हाथामेढ़ी गांव में चल रहे श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भी भाग लिया। उन्होंने वहाँ एक बहन को शादी पूर्व शुभकामनाओं सहित लहंगा भेंट किया, जिससे स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। आयोजन स्थल पर अजय कुमार साहू, दीपक सिंह, सतपाल सिंह, विजय वर्णवाल, सुनील तिवारी, सुधीर चौधरी, राजेश सिन्हा, गोपाल गौर, सुधीर पांडेय, दीपक सिन्हा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इन आयोजनों में सांसद की उपस्थिति ने स्थानीय लोगों को गौरव की अनुभूति कराई। यज्ञ, भागवत कथा और प्राण प्रतिष्ठा जैसे आयोजनों से सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को बल मिल रहा है।

### भुरकुंडा में साहित्यिक संध्या कार्यक्रम



भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड राष्ट्रभाषा परिषद एवं वरिष्ठ नागरिक मंच भुरकुंडा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार देर शाम भुरकुंडा पंचायत भवन में साहित्यिक कार्यक्रम हुआ, जिसमें हिंदी एवं खोरठा के प्रख्यात कवि, साहित्यकार सह झारखंड राष्ट्रभाषा परिषद के महासचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर द्वारा स्वरचित दो नवीनतम हिंदी पुस्तक हाकली और फूल तथा गांधी मानस का भव्य लोकार्पण किया गया। डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है। कली और फूल भावनाओं की कोमलता को अभिव्यक्त करती है, गांधी मानस महात्मा गांधी के विचारों को आज की पीढ़ी से जोड़ने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य नई पीढ़ी को साहित्य और आदर्शों से जोड़ना है। झारखंड राष्ट्रभाषा परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष विनय कुमार चौहान ने कहा कि ये हमारे संस्था के लिए गौरव का क्षण है कि परिषद के महासचिव डॉ. गजाधर प्रभाकर महतो की लेखनी से खोरठा एवं हिंदी साहित्यिक क्षेत्र में नित्य नए उपलब्धियां मिल रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि श्री महतो द्वारा स्वरचित लगभग दो दर्जन खोरठा एवं हिंदी की पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। जिनमे कुछ झारखंड के पाठ्यक्रम एवं प्रतियोगी परीक्षाएं की तैयारियों में छात्रों के लिए सहायक सिद्ध हो रही है। समाजसेवी आरपी राणा ने उनकी साहित्यिक सफलता एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री महतो हमारे क्षेत्र के नायाब हीरा है, जिन्हें संजोकर रखने की जरूरत है। कार्यक्रम का समापन सम्मान पत्र वितरण एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में बिनय कुमार चौहान, आरपी राणा, डॉ. एनके सिंह, केपी मुखर्जी, परमजीत सिंह धामी, अजीम अंसारी, अशोक चौहान, प्रवीर कुमार चटर्जी, शशिकांत प्रसाद, आनंद बारला, रूपेश विश्वकर्मा, शिवशंकर सिंह, कैलाश राम, अशोक कुमार मिश्रा, नवीन कुमार सिंह, नित्यानंद पाठक, नईम खान, बबन मिश्रा, सुरेश महतो, विजय कुमार, रामआशीष यादव सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

## सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाये रखने के लिए प्रशासन का प्रयास जारी

# नगर परिषद् ने सड़क पर लगे दर्जनों वाहनों से वसूला जुर्माना

● शहर को व्यवस्थित रखने में शहरवासी अपना सहयोग करें : एसडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर को सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाये रखने के लिए लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार देर शाम से विशेष अभियान चलाया गया, यह अभियान शनिवार को भी जारी रहा। इस दौरान सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़ी दर्जनों बाइक को लॉक कर उनके मालिकों से जुर्माना वसूला गया। वहीं टोटो चालकों का भी चालान काटा गया। बताते चलें कि दो दिन में बाइक चालकों से आठ हजार, तो टोटो चालकों से 36 सौ रुपये जुर्माना वसूला गया। यही नहीं, अभियान के दौरान सड़क किनारे लगाये गये ठेलों को हटाया गया एवं चेतावनी दी गयी कि दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। वहीं गैर मजरूआ भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य को रोकने को लेकर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं शहर के गौशाला रोड स्थित डॉ. नरेश कुमार पंडित के अस्पताल के सामने जीएम जमीन पर हो रहे भवन निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश जारी किया गया है, अशोका होटल के पीछे बिना नक्शा स्वीकृति के बन रहे मकान के निर्माण कार्य को भी रोकने का निर्देश दिया गया, रांची-पटना रोड, सामंतो काली मंदिर के समीप बेलाटांड़ मौजा स्थित गैरमजरूआ खास जमीन (खाता सं0-31, प्लॉट सं0-22) पर अवैध रूप से निर्मित इमारत पर भी अंचल कार्यालय की ओर से नोटिस चिपकाया गया। इसमें जब तक भूमि से संबंधित राजस्व कागजात की जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक किसी प्रकार का निर्माण कार्य रोकने को कहा गया है यदि सूचना के बाद भी कार्य जारी रहा गया, तो संबंधित व्यक्तियों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। अभियान में नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार, राजस्व निरीक्षक शम्भू कुमार रजक, अभिषेक कुमार मेहता, अजीत कुमार, संतोष प्रसाद, जेई प्रदीप शर्मा, दुलारचंद यादव, सुदर्शन श्रीवास्तव, लखन सिंह, बलराम कुशवाहा, मिल्टन टंडन, बिमल शर्मा, मुकेश राणा समेत नप के होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### वज्रपात से एक बच्चे की मौत, दूसरा घायल



**इटखोरी (चतरा)।** थाना क्षेत्र के कनौदी गांव में शनिवार को वज्रपात से एक बच्चे की मौत हो गई और एक बच्चा घायल हो गया। मरने वाला बच्चा 15 साल का विकास कुमार था, उसके पिता का नाम अशोक भुइयां है। वहीं 13 साल का दीपक भुइयां, पिता कोमल भुइयां घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे पास के विष्णुपुर जंगल में घूमने गए थे। इसी बीच बारिश होने लगी तो वे एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। तभी उन पर वज्रपात हो गई। घटना के बाद गांव के लोगों ने दोनों बच्चों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर ने वहां विकास को मृत घोषित कर दिया और दीपक का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, उपप्रमुख संजय गुप्ता, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भरत साव और पंचायत के मुखिया संतोष राम अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली। प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा ने कहा कि सरकार की ओर से मृतक के परिवार को चार लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है और मृतक के परिवार के लोग रो-रोकर बेहाल हैं।

### होमगार्ड जवान की दुर्घटना में मौत, दी गई अंतिम सलामी



**इटखोरी (चतरा)।** थाना क्षेत्र के मोगला गांव के रहने वाले होमगार्ड जवान आदित्य हजाम की सड़क हादसे में मौत हो गई। रविवार को होमगार्ड जवान का शव उनके पैतृक गांव पहुंचा और पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। अंतिम संस्कार से पहले जवानों ने उन्हें सलामी दी और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान गांव में शोक का माहौल था और हर किसी की आंखें नम थीं। दरअसल आदित्य हजाम सिमरिया एसडीओ ऑफिस में ड्यूटी कर रहे थे। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे वे ऑफिस से बाहर निकल रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें रांची रिम्स रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। आदित्य हजाम के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। शव को सलामी देने वालों में सिमरिया एसडीओ सन्नी राज, इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, झारखंड रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आलोक रंजन, गृह रक्षक उपेंद्र कुमार, अशोक ठाकुर, सुबोध सिंह, युगेश कुमार समेत कई जवानों शामिल थे।

### लंबित आवासों पर सख्त रुख अपनाने को लेकर प्रशासनिक टीम ने किया स्थल निरीक्षण



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं अबुआ आवास योजना के तहत लाभान्वित लाभुकों द्वारा आवास निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर जयनगर प्रखंड प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। वहीं डीडीसी के निर्देश पर रविवार को बीडीओ के नेतृत्व में करियावां पंचायत क्षेत्र में स्थलीय निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने लाभुकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे तत्काल निर्माण कार्य में तेजी लाएं और समयसीमा के भीतर आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करें। जिन लाभुकों को प्रथम और द्वितीय किस्त की राशि जारी किए हुए 60 दिन से अधिक हो गए हैं फिर भी निर्माण कार्य लंबित है, ऐसे मामलों में लाभुकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण दल ने निर्माणाधीन आवासों की भौतिक प्रगति का अवलोकन किया और लाभुकों से सीधे संवाद स्थापित कर योजना की शर्तों और समयबद्धता के महत्व को समझाया। साथ ही तकनीकी गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया, जिससे निर्माण कार्य टिकाऊ और मानक अनुसार हो। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों ने टीम भावना से कार्य करते हुए यह सुनिश्चित किया कि कोई भी लाभुक योजना के लाभ से वंचित न रहे और योजना की विश्वसनीयता बनी रहे। मौके पर प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव, मुखिया, वार्ड सदस्य समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### सेवा भारती के सचिव सह पत्रकार आलोक सिन्हा का हृदय गति रुकने से निधन



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सेवा भारती के सचिव, दिशा के सदस्य, झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष व विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों से जुड़े 49 वर्षीय आलोक सिन्हा का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उन्होंने पिछले एक दशक में विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संगठनों के साथ-साथ पत्रकारिता जगत में एक मिसाल कायम की। उनके असामायिक निधन पर समाज के हर तबका के बीच शोक की लहर देखने को मिली। उनके निधन पर विधायक डॉ. नीरा यादव, पूर्व नप अध्यक्ष संतोष यादव, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, संजीव समीर, रमेश हर्षधर, पिंकू सहाय, चंदन चक्रवर्ती, राजेन्द्र मिस्टकार, सुनील यादव, दिलीप सिंह, अजय अग्रवाल, राकेश सिन्हा, बेलु सिन्हा, मनोज राणा, सिद्धि आचार्य, गोपाल कुमार गुतुल, उमाकांत सिन्हा, चंदन सिन्हा, बीरेंद्र सिंह, निरजंन सिन्हा, आलोक सिंह, कुमार रमेशम, मो सद्दाम, सद्दाम अंसारी, नरेंद सिंह चंदेल, भानु प्रताप सिंह, मुरली मोदी, अमित सुरुलिया, किशमिश, अजय शर्मा, पंकज भगत, नवीन तरवे, रितेश दुग्गड़, संजय मोदी, दिलीप वर्मा, विकाश कुमार, धीरेंद्र सिन्हा, चंदन सिंह, राकेश राजपूत, अजीत बर्णवाल सभी पत्रकार सहित सैकड़ों लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की है।

### बाल अधिकार महोत्सव सह वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम आयोजित



**मरकच्चो (कोडरमा)।** राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान द्वारा सिमरिया पंचायत भवन में बाल अधिकार महोत्सव सह वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, लैंगिक समानता और सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में न्याय और समान अवसरों का भी सशक्त संदेश दिया। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष तक के बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनकी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और समुदाय को बाल संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना था। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया एवं चोपनडीह के मुखिया पूनम कुमारी एवं सुनीता देवी उपस्थित हुए। इसके पश्चात् विभिन्न गांवों से आए बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पारंपरिक लोक नृत्य, समूह गीत और नुक्कड़ नाटक प्रमुख रहा। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह, यौन शोषण, साइबर अपराध, लैंगिक भेदभाव और शिक्षा से वंचना जैसे गंभीर मुद्दों पर संवाद एवं नुकड़ नाटक आधारित प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे प्रतिभागियों और दर्शकों में जागरूकता का संचार हुआ। मौके पर निर्भय कुल, रवींद्र, सुमंत कुमार, राजेन्द्र राम, सूरज, बेबी कुमारी, निशा कुमारी, रूबी कुमारी, गायत्री कुमारी, सरिता कुमारी, करिश्मा कुमारी, उषा कुमारी, पुतुल कुमारी एवं जिनातून प्रवीण आदि मौजूद थे।

### जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने खो-खो खेल में किया शानदार प्रदर्शन




**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस पब्लिक स्कूल डोमचांच ब्लॉक खो-खो संघ के द्वारा आयोजित खो-खो खेल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए उपविजेता रहा। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सह जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष राजकुमार मेहता, खो-खो संघ अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह, सचिव भीम गोस्वामी, जीएस पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर नितेश कुमार मौजूद रहे। वहीं अतिथि प्रदीप सिंह ने कहा कि शैलेंद्र सिंह के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम डोमचांच ब्लॉक में कराया जा रहा है, यह सराहनीय है। इस तरह के कार्यक्रम में यदि किसी तरह का सहयोग की जरूरत हो तो हम हमेशा तैयार हैं और बच्चों से यह कहा कि हमें हमेशा अपने लक्ष्य की तरफ ध्यान देना चाहिए और उस पर बराबर मेहनत करते रहना चाहिए। वहीं निदेशक नितेश कुमार ने कहा कि बच्चों के द्वारा बहुत ही अच्छा खेल का प्रदर्शन किया गया। इस तरह का आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी उनकी रुचि बनी रहती है। मौके पर हिमांशु शेखर, परमांशु कुमार, नीरज कुमार, पवन गोस्वामी, सोनू यादव, श्रवण कुमार मेहता, रामू कुमार, राजू रंजन सिंह, आकाश मेहता, अनिता कुमारी, मुकुल कुमार, जयप्रकाश मेहता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### श्री महेश एकेडमी में रिपोर्ट कार्ड का वितरण




**डोमचांच (कोडरमा)।** श्री महेश एकेडमी में सत्र 2024-25 के लिए सभी कक्षाओं नर्सरी से नवम् तक का अंतिम परीक्षाफल से संबंधित रिपोर्ट कार्ड का वितरण शनिवार को अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन में किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक मोहनलाल पांडेय ने की व संचालन निदेशक सुनील कुमार सिन्हा एवं प्राचार्या रीना दाराद ने किया। वहीं उत्कृष्ट परीक्षाफल वाले विद्यार्थियों को विशेष सम्मान सहित संबंधित कक्षा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्राप्तांक-पत्र छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सौंपा। वहीं प्राप्तांक-पत्र वितरण के बाद प्राचार्या ने उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों को नियमित उपस्थिति, सही समय पर सही पोशाक में उपस्थिति, विभिन्न गतिविधियों में छात्र-छात्राओं की सुनिश्चित भागीदारी और प्रत्येक दिन स्वाध्याय एवं गृह कार्य संपन्न करने पर विशेष परिचर्चा की। सम्मेलन में दर्जनों अभिभावक, शिक्षक मुकुल कुमार, नकुल पांडेय, संजय कुमार, रौशन कुमार, सौरव कुमार, शुभम कुमार, सूरज कुमार, सपना गुप्ता, निशा कुमारी, रिया कुमारी, साक्षी कुमारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### ग्रिजली कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आइक्यूएसी के तत्वावधान दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। वहीं प्रतियोगिता में दूसरे दिन विभिन्न खेलों जैसे शॉट पुट, चेस, कैरम आदि का आयोजन किया गया। जिसमें बालिका वर्ग शॉट पुट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रवीना कुमारी, द्वितीय स्थान दीप्ति कुमारी एवं तृतीय स्थान दीपा नाथ, बालक वर्ग शॉट पुट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रंजीत कुमार, द्वितीय स्थान सतीश कुमार एवं तृतीय स्थान रोहित कुमार रौशन, कैरम में बालक वर्ग में अमित कुमार एवं बालिका वर्ग स्मिता रंजन ने विजय प्राप्त की, लूडो में प्रथम स्थान दीप्ति कुमारी, द्वितीय स्थान दीपा नाथ एवं तृतीय स्थान द्रोपति कुमारी, चेस में अमित कुमार ने शानदार प्रदर्शन कर विजय हासिल की। वहीं प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने सभी खिलाड़ियों को उनके बेहतर प्रदर्शन की सराहना की एवं कहा कि खेलकूद मनोरंजन के साथ भविष्य निर्माण का सुनहरा अवसर प्रदान करती है, साथ ही राष्ट्र विकास में अहम भूमिका निभाती है। वहीं कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रशिक्षुओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीएड. सत्र 2024-26 के सभी प्रशिक्षु सहित सभी सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार सिन्हा, डॉ. पूजा कुमारी, मनीष कुमार सिंह, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास समेत सभी शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

## कोडरमा से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता संविधान बचाओ कार्यक्रम रांची में होंगे शामिल : भागीरथ

● संविधान बचाओ कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कोडरमा नगर पंचायत में जिला कांग्रेस ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में रविवार को समय 12:30 बजे कांग्रेस नगर पंचायत आवासीय कार्यालय में नगर अध्यक्ष राजू सिंह की अध्यक्षता में संविधान बचाओ कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान, विशिष्ट अतिथि कोडरमा नगर प्रभारी संजय सेठ मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि संविधान बचाओ कार्यक्रम को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है। जिसमें आगामी 6 मई को पुराने विधानसभा परिसर धुर्वा रांची में संविधान बचाओ कार्यक्रम का आयोजन होना है, जिसमें कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, झारखंड कांग्रेस प्रभारी राजू कुमार, सह प्रभारी झारखंड कांग्रेस सिरिबेला प्रसाद, झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अलावे अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहेंगे। साथ ही उन्होंने इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में नेता कार्यकर्ता शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आहवाहन किया है। वहीं नवनियुक्त कमेटी की सूची जिलाध्यक्ष एवं प्रभारी को सौंपा गया। मौके पर आशीष पांडेय, फैयाज अब्बू केसर, राम लखन पासवान, राजू सिंह, आशा देवी, बसंती देवी, पूजा कुमारी, सीता प्रसाद, उमाशंकर प्रसाद, लाल बहादुर, राजनीतिक पासवान, विवेक कुमार, सद्दाम हुसैन, जितेंद्र कुमार, धर्मेंद्र राम, आशा देवी, संजय कुमार, मो. इब्राहिम, अल्फाज तिर्की, मो. आफताब, सूरज सिंह, कुणाल सिंह, भीम साव के अलावा सैकड़ों के तादाद में नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सूरत के लिए सीधी रेल सेवा बहाल करने की मांग को लेकर कोडरमा में अनिश्चितकालीन धरना आज से

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा से सूरत तक सीधी रेल सेवा बहाल करने की वर्षों पुरानी मांग को लेकर अब जन आंदोलन तेज होने वाला है। इस मांग को लेकर आज कोडरमा रेलवे स्टेशन परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जायेगा, जिसमें कई सामाजिक संगठन भाग लेंगे। उक्त जानकारी पंडित दीनदयाल उपाध्याय विचार संघ युवा मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष गौतम पांडेय ने दी। गौतम पांडेय ने बताया कि कोडरमा, गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो समेत आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोग सूरत जैसे औद्योगिक शहरों में रोजगार के लिए जाते हैं, लेकिन कोडरमा से सूरत के लिए कोई सीधी रेल सेवा नहीं होने से यात्रियों को कई गाड़ियों व स्टेशनों पर परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि वर्षों से इस मुद्दे पर ज्ञापन, विरोध और अनुरोध किया गया, लेकिन रेलवे की ओर से कोई सार्थक पहल नहीं हुई। इस आंदोलन को व्यापक बनाने के लिए कई संगठन एकजुट हो चुके हैं। धरना में समस्त झारखंड समाज सेवा ट्रस्ट, कुशवाहा कल्याण सेवा ट्रस्ट, समस्त झारखंड राणा सेवा ट्रस्ट, वर्मा युवा मंडल ट्रस्ट, माहुरी सेवा ट्रस्ट, सुंडी चैरिटेबल्स ट्रस्ट, स्कॉट क्लब एवं यदुवंशी सेवा ट्रस्ट के कार्यकर्ता भाग लेंगे।

**शांतिपूर्ण आंदोलन पर कोई रोक नहीं : आरपीएफ**

कोडरमा आरपीएफ प्रभारी दीपक कुमार ने कहा कि अगर आंदोलन संविधान के दायरे में रहकर शांतिपूर्ण तरीके से होता है तो उसका स्वागत है, लेकिन अगर कोई असंवैधानिक गतिविधि या कानून व्यवस्था भंग करने की कोशिश करता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### अवैध गिट्टी लदा एक हाइवा व बालू लोड दो ट्रैक्टर जब्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** जिला खनन पदाधिकारी ने अभियान चला कर नवलशाही थाना भवन के समीप से बिना चालान के बोल्डर लदा एक हाइवा जब्त किया है। उक्त हाइवा गिरिडीह जिला से बोल्डर लोड कर रायडीह क्रशर मंडी की ओर जा रहा था। जांच के दौरान हाइवा चालक द्वारा बोल्डर से संबंधित किसी प्रकार का कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर हाइवा को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए नवलशाही थाना परिसर में रखा गया है। वहीं सीओ परमेश्वर कुशवाहा व थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह बिना चालान के गिट्टी लदा एक हाइवा व बालू लोड दो ट्रैक्टरों को जब्त किया। हाइवा सीमावर्ती गिरिडीह जिला से बोल्डर लोड कर नवलशाही की ओर जा रहा था चालान प्रस्तुत नहीं करने पर हाइवा को जब्त कर लिया गया है।

## डॉ. वीरेंद्र चिकित्सा के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में लहरा रहे सफलता का झंडा



**कोडरमा।** जिले के जाने माने चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र कुमार चिकित्सा के क्षेत्र के अलावा जिले में सांस्कृतिक, पर्यटन और कला के क्षेत्र में भी सफलता का झंडा लहरा रहे हैं। उनके परिश्रम और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण रंगमंच की दुनिया में कोडरमा का नाम राष्ट्रीय फलक पर छाने लगा है। दिल्ली में आयोजित 15वें दादा साहेब फाल्के फिल्म फेस्टिवल कार्यक्रम में न केवल राजवीर आर्ट्स के बैनर तले उनके द्वारा निर्मित भोजपुरी फिल्म 'प्यार से' और म्यूजिक एलबम 'देखो कहां से कहां आ गये' का चयन किया गया, बल्कि फेस्टिवल में भोजपुरी फिल्म 'प्यार से' को ऑफिशियल सेलेक्शन अवार्ड और म्यूजिक एलबम 'देखो कहां से कहां आ गये' को स्पेशल फेस्टिवल मेंशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान फिल्म और एलबम के निदेशक डॉ. वीरेंद्र कुमार और विपिन जाटे को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि भोजपुरी फिल्म 'प्यार से' का इसी साल जनवरी में जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में ऑफिशियल चयन किया गया था और फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया था। इसके पूर्व वर्ष 2023 में भी डॉ. वीरेंद्र के दो वीडियो एलबम को दादा साहेब फाल्के फिल्म फेस्टिवल अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि उनका मकसद कोडरमा और झारखंड में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देना है, जिससे कला और संस्कृति से जुड़े स्थानीय कलाकारों को नाम, काम और शोहरत मिले और उनकी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बने। देश और दुनिया को यह एहसास हो कि दृढ़ इच्छाशक्ति हो, तो छोटे से जिले से भी बेहतर कलाकर राष्ट्रीय स्तर पर उभर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या और घटते रोजगार के बीच रंगमंच की दुनिया में रोजगार की असीम संभावना है। फिल्म के साथ-साथ झारखंड के पर्यटन स्थलों को विकसित किया जाये, तो राज्य के युवाओं को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। राज्य और केंद्र सरकार को इस ओर गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है।

## सिमरिया बीडीओ ने संचालित योजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक, दिये निर्देश

# लंबित आवास योजनाओं को पूर्ण करें : चंद्रदेव प्रसाद

● अबुआ आवास योजना अंतर्गत लंबित किस्तों की अविलंब करें भुगतान

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में शनिवार को विभिन्न संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रोहन साव और संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने की।


बैठक में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कनिय अभियंता समेत सभी प्रखण्ड कर्मी उपस्थित हुए।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने 17 पंचायतों में क्रियान्वित मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, पेंशन, 15वें वित्त, कल्याण, आदिम जनजाति कल्याण, चापाकल मरम्मति, जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना) आदि कि क्रमवार समीक्षा की। इसके अलावा मनरेगा योजना अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना में गड्ढा खुदाई, एरिया ऑफिसर ऐप्प, मानव दिवस सृजन, मिटी मोरम पथ की स्वीकृति एवं भौतिक स्थिति, बिरसा कूप सिंचाई और संवर्धन योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016 से वित्तीय वर्ष 2023 तक की लंबित आवास योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिये।

अबुआ आवास योजना अंतर्गत लंबित किस्तों की भुगतान एवं 15वें वित्त योजना अंतर्गत जीपीडीपी, पंचायत समिति अंतर्गत योजनाओं की प्रविष्टि पंचायत, पंचायत सुदृढीकरण में प्राप्त राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने से संबंधित समीक्षा की गई। एरिया ऑफिसर ऐप में कम उपलब्धि वाले मनरेगा कनिय अभियंताओं एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 मे मनरेगा अंतर्गत लेबर बजट के अनुरूप मानव दिवस सृजन नहीं करने वाल पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया।

## महिला के खाते से 38 हजार की अवैध निकासी, बैंक और बीसी संचालक पर लापरवाही का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के मीरपुर निवासी पूनम कुमारी के बैंक खाते से कुल 38,000 रुपये की अवैध निकासी का मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार, यह निकासी उसकी जानकारी या अनुमति के बिना हुई है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि न तो उन्हें कोई कॉल आया और न ही उन्होंने किसी को बैंक संबंधी कोई जानकारी साझा की, फिर भी उनके खाते से पांच बार में यह राशि निकाल ली गई। पीड़िता ने बताया कि 22 अप्रैल को दो बार में 9,000 रुपये और 7,500 रुपये की निकासी हुई। इसके बाद 26 अप्रैल को 7,000 रुपये और 2 मई को पुनः 10,000 रुपये व 2,500 रुपये की निकासी हुई। इस प्रकार कुल 38,000 रुपये खाते से निकल गए, जिससे खाता पूरी तरह खाली हो गया। पीड़िता पूनम कुमारी ने 29 अप्रैल को ही बैंक ऑफ इंडिया की गोसाईडीह शाखा में इस संबंध में लिखित शिकायत दी थी। लेकिन शिकायत के बावजूद 2 मई को फिर से खाते से 12,500 रुपये निकाल लिए गए। पीड़िता का आरोप है कि बैंक मैनेजर और बीसी संचालक की लापरवाही के कारण इतनी बड़ी राशि निकली गई। पूनम ने बताया कि उनकी बहन की शादी है और इसी तैयारी के सिलसिले में जब वह बैंक जाकर स्टेटमेंट निकलवाईं, तब उन्हें निकासी की जानकारी हुई। इसके बाद वह तुरंत हंटरगंज थाना पहुंचीं और पुलिस से ठगी की रकम वापस कराने व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में जब शाखा प्रबंधक प्रिंस कुमार से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि महिला ने सिर्फ निकासी की जानकारी प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया था, न कि खाता फ्रीज करवाने के लिए। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध निकासी से संबंधित स्टेटमेंट वरीय अधिकारियों को भेज दिया गया है, लेकिन अभी तक मिनी स्टेटमेंट उपलब्ध नहीं हो पाया है। फिलहाल हंटरगंज थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पीड़िता ने ठगी गई राशि की वापसी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## स्पीड न्यूज

### सुड़ी समाज की बैठक में 25 मई को आम सभा करने का निर्णय



● 25 मई को नयी कमेटी का गठन को लेकर होगा चुनाव

गुमला। सुड़ी समाज गुमला की बैठक समाज के बस पड़ाव स्थित धर्मशाला में जिला अध्यक्ष सूरज कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय की जानकारी दी गयी। जिलाध्यक्ष और उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 25 मई रविवार को वर्तमान सत्र की आमसभा तय की गयी है। आमसभा में पूरे कार्यकाल का आय व्यय प्रस्तुत कर नई कमेटी के गठन हेतु चुनाव भी होगा। यह जानकारी सचिव संदीप प्रसाद ने दी। मौके पर संरक्षक विनय कुमार लाल, पूर्व अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, पंचू साहू, संजय कुमार, नंदकिशोर प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, मुकेश साहू, वसंत साहू, सुधीर कुमार, मिथलेश प्रसाद, गोपाल प्रसाद आदि मौजूद थे।

### मारवाड़ी समाज की बैठक में राजकमल राजगढ़िया की माता के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि



**गुमला।** मारवाड़ी समाज की बैठक रविवार को समाज के अध्यक्ष पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में सिसई रोड स्थित पोद्दार स्मृति भवन में हुई। बैठक में समाज के राजकमल राजगढ़िया की माता शारदा देवी के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि दी गई और मृतक की आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। बैठक में राज कुमार अग्रवाल, गोविंद खंडेलवाल, श्री कृष्णा नर्सरिया, बृज किशोर फोगला, दिनेश गाड़िया, पवन उदयपुरिया,आदित्य कुमार नर्सरिया, अमित कुमार साबू, संजय अग्रवाल, पवन कुमार शर्मा, संजय अग्रवाल, सुरेश फोगला, राजकुमार गाड़िया, अनिल कुमार अग्रवाल, अमित गाड़िया, जगदीश मालानी, हरि मालानी, मनीष शर्मा, अमित अग्रवाल, शंकर लाल जाजोदिया, प्रमोद कुमार गाड़ोदिया आदि उपस्थित थे।

### बेलागड़ा गांव में कुंआ में गिरने से वृद्ध महिला की मौत

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के बेलागड़ा ग्राम निवासी वृद्ध महिला सोमारी देवी की मौत कुंआ में डूबने से हो गई। घटना रविवार अहले सुबह की बतायी जा रही है। घटना के बाबत परिजन सुरेंद्र उरांव ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग साढ़े 5 बजे वह उठकर अपने कुंआ की ओर गयी तो देखा कि टॉर्च जल रहा है। टॉर्च जलते देखा वह कुएं के करीब पहुंचा तो देखा कि सोमारी देवी का शव कुंए के पानी के ऊपर तैर रहा है। सुरेंद्र ने घर वालों की इसकी सूचना दी। थाने को भी इसकी सूचना दी गई। जहां पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। इधर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। वहीं परिजन ने यह भी कहा कि सोमारी सुबह उठकर शौच के लिए निकली होगी और उक्त कुंआ में फिसल कर जा गिरी होगी। जिससे उसकी मौत हो गई।

### झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ पालकोट की बैठक आयोजित



● बैठक में बकाया मानदेय सहित विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा, काम नहीं होने पर 29 मई को डीएसई कार्यालय में ताला जड़ने का निर्णय

गुमला। पालकोट प्रखंड में झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन प्रखंड अध्यक्ष पुष्पा डांग व माधुरी देवी ने की। बैठक में प्रदेश कमिटी का फैसला को जिला में लागू करते हुए प्रखंड में भी प्रदेश कमिटी की सारे फैसले की सहमति बनी और स्कूल कमिटी बनाते हुए प्रखंड सम्मेलन करने की बात हुई। साथ ही बैठक में बकाया मनदेय भुगतान करने, 60 साल जिस रसोईया का हुआ है उनके परिवार के सदस्य को नहीं रखने पर, 2004 से जोड़कर वेतन नहीं दिया जाता और 15 दिन के अंदर समस्या का समाधान नहीं होता है तो 29 मई को जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में ताला जड़ने का निर्णय लिया गया। जिसकी सारी जबाव देही विभाग की होगी। बैठक मे सुभानी देवी, बिमला देवी, मालती देवी, बुधनी देवी, सोमारी देवी, बसंती किंडो सहित कई लोग शामिल थी।

# टीबी से ग्रसित महिला को परिजन अस्पताल में छोड़कर चले गये

## मिशन बदलाव सदस्यों के अस्पताल विजिट में सामने आया मामला, बीमारी से कराह रही है महिला

● दवा खिलाने के लिए भी महिला के साथ नहीं है कोई परिचित, मिशन बदलाव सदस्य कर रहे हैं महिला की सहायता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** टीबी बीमारी से ग्रसित घाघरा के छठ मुहल्ला निवासी 65 वर्षीय फुलमनी कुजूर को इलाज के नाम पर परिजनों ने सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कर छोड़ दिया है। जिसके कारण महिला को दवा खिलाने में भी अस्पताल के नर्सों को परेशानी उठानी पड़ रही है। महिला की स्थिति भी चिंताजनक है। इस बात का खुलासा मिशन बदलाव की जिला सचिव सय्यदा खातून व नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी वर्मा के सदर अस्पताल विजिट से हुआ। उन्होंने पाया कि सदर अस्पताल गुमला के रूम नंबर 224 के बेड नंबर 09 में फुलमनी कुजूर अकेली सोयी हुई है। नर्स ने उन्हें बताया कि महिला अकेली है और उनके परिजन यहां इन्हें एडमिट कर छोड़कर चले गए हैं। यह टीबी पॉजिटिव हैं। इनको दवा खिलाना अति आवश्यक है। क्योंकि यह बहुत ज्यादा ही बीमार हैं और इनको दवा



खिलाने के लिए इनके परिजन व सहिया की आवश्यकता है। अभी इनके पास कोई नहीं है। वृद्ध महिला को सांस लेने में भी तकलीफ है। फेफड़े में पानी भर गया है। वहीं मरीज फुलमनी कुजूर कई दिनों से भूखी है। वह कुछ खाने में असमर्थ है और फल खाने की ख्वाहिश जाहिर की तो मिशन बदलाव द्वारा फल और ब्रेड उपलब्ध कराया गया। घाघरा के छठ मुहल्ला निवासी फुलमनी कुजूर ने मिशन बदलाव की सदस्यों से सहायता की गुहार लगायी। साथ ही अपने परिजन से इलाज के लिए अस्पताल में मदद करने की अपील की। मिशन बदलाव सदस्यों ने कहा कि सही देखभाल से महिला के जीवन की रक्षा की जा सकती है। परिवार के सदस्य टीबी बीमारी फैल जाने के भय से महिला को छोड़कर चले गये हैं। मिशन बदलाव की ज्योति वर्मा ने कहा कि टीबी बीमारी हो तो कभी किसी को डरना नहीं चाहिए। जितना हो सके मदद करना चाहिए। टीबी बीमारी आज हो तो उसकी जान बचाई जा सकती है और जो परिजन छोड़कर भागे हैं, उनके लिए मिशन बदलाव सदस्यों ने कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस और उपायुक्त को संज्ञान लेने की जरूरत है। वहीं अस्पताल प्रबंधन से बातचीत कर बीमार महिला को खाने से लेकर हर चीज की व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# जिला प्रशासन ने नागरिकों से की सिकल सेल एनीमिया परीक्षण के लिए आगे आने की अपील

● गुमला जिला प्रशासन ने कुंडली मिलाओ ना मिलाओ, सिकल सेल जांच जरूर कराओ अभियान की शुरुआत की

● 31 मई तक जिले के सभी नागरिकों के स्क्रिनिंग का लक्ष्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला सिकल सेल रोग के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। यह जीन संबंधी रक्त विकार मुख्य रूप से क्षेत्र की आदिवासी समुदायों को प्रभावित करता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने इस गंभीर समस्या की रोकथाम और सही समय पर पता लगाने की आवश्यकता पर बल दिया है। रोग की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने सिकल सेल रोग से पीड़ित मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए पात्र घोषित किया है, ताकि वे आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा के हकदार बन सकें। सिकल सेल रोग लाल रक्त कोशिकाओं में हीमोग्लोबिन को प्रभावित करता है। जिससे तीव्र दर्द, अंगों का नुकसान और जीवन प्रत्याशा में कमी जैसी गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं हो सकती हैं। यह रोग खासकर उन इलाकों में अधिक देखा जाता है। जहां वंशानुगत विवाह (कानूनी विवाह) का चलन अधिक है। जैसे झारखंड के कई जिले। इस क्रम में गुमला जिला प्रशासन ने कुंडली मिलाओ ना मिलाओ, सिकल सेल जांच जरूर कराओ अभियान की शुरुआत की है, जो एसपीएमसीआईएल कोलकाता और स्वास्थ्य विभाग के बीच समन्वय के साथ संचालित हो रहा है। इसका उद्देश्य 0-40 वर्ष की उम्र के जिले की आबादी का लगभग 73% लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य है। गुमला जिले के लिए अनुमानित कुल 8,51,054 लोगों की जांच का लक्ष्य तय किया गया है। इस कड़ी में 2 फरवरी 2025 तक अब तक 7,04,736 व्यक्तियों की जांच हो चुकी है जो इस अभियान की प्रगति में उल्लेखनीय है। यह झारखंड के सभी अन्य जिलों से कहीं अधिक है। छुटे हुए सभी शेष नागरिकों से आग्रह है कि जिन्होंने अभी तक जांच नहीं कराई है। वे तुरंत अपने निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद्र या जिला अस्पताल में जाकर अपनी जांच करायें। जिला प्रशासन का मानना है कि समय पर निदान से सिकल सेल से प्रभावित समुदायों में इसके प्रभाव को कम किया जा सकता है। नागरिकों से अपील है कि वे इस स्वास्थ्य अभियान में भाग लेकर अपने और आगामी पीढ़ियों के स्वास्थ्य की रक्षा करें। हमारा लक्ष्य है कि 31 मई तक गुमला के हर योग्य नागरिक का सिकल सेल स्क्रीनिंग संपन्न कर लिया जाए। यदि हम ऐसा करने में सफल होते हैं तो गुमला शत प्रतिशत नागरिकों के स्क्रीनिंग करने वाला झारखंड का प्रथम जिला बन जाएगा।

### सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से तीन गांवों में लगा ट्रांसफॉर्मर : आलोक साहू

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से तीन गांव उदरंगी अंबा टोली में 63 के वी,सढाब्रेडूमरटोली में 25 केवी और तिगरा में 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू ने दिया। श्री साहू ने बताया कि इन गांवों में काफी दिनों से ट्रांसफार्मर खराब था जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। यहां के ग्रामीण सांसद से आकर मिले और जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किए थे। सांसद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन गांवों में शीघ्र ट्रांसफार्मर लगवाए। इन गांवों के ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर लगाने के लिए सांसद सुखदेव भगत का आभार प्रकट किया।

### आर्य समाज लोहरदगा की बैठक आयोजित



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा रांची के तत्वावधान में कमला देवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। जिसमें आर्य समाज लोहरदगा के पदाधिकारियों के साथ शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। बैठक में शांति आश्रम लोहरदगा की गतिविधि एवं झारखंड आर्य प्रतिनिधि सभा की भूमिका पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान आचार्य कृष्ण प्रसाद कौटिल्य ने की तथा संचालन सभा के उपमंत्री डॉ आचार्य अशोक ने किया। बैठक में सदस्यता अभियान में लोगों को शामिल करना, वेदों के प्रति जागरूकता, बच्चों में संस्कार का विकास करना, यज्ञ के प्रति लोगों में जागरूक करना आदि विषय पर विस्तृत चर्चा भी की गई। बैठक में सभा के मंत्री पूर्णचंद्र आर्य, आचार्य कृष्ण प्रसाद कौटिल्य, नीरज प्रसाद साहू, सत्येंद्र कुमार आर्य, विश्वनाथ वाचस्पति, हिमांशु कुमार, डॉ आचार्य अशोक, बरूण बिहारी, चंदन वर्मा, देशबंधु शास्त्री, लोकेश भूषण, उमेश कुमार साहू, विजय कुमार, विनय वर्मा, रितेश कुमार साहू, मनोज कुमार, बीरेंद्र कुमार आदि अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### सेवा भारती ने 151वां सप्ताह लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में लगातार 151वां सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल एवं सह सचिव संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 36 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन,यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी,वजन,हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल आदि की निशुल्क जांच की गयी। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि स्वस्थ शरीर रहने पर ही जीवन जीने का आनंद है। डॉक्टर कुमुद अग्रवाल इस शिविर में लगातार अपनी सेवा देते आ रहे हैं इनके द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य की जितनी सराहना की जाए कम है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि सेवा ही परमो धर्म है और हमें यहां आकर बहुत आनंद आता है। उन्होंने कहा कि अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहना चाहिए। सुखी जीवन स्वस्थ शरीर रहने से ही मिल सकता है। सह सचिव संजय चौधरी व सुबोध प्रसाद महतो ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ चेकअप करवा कर और यहां डॉक्टर से इलाज करवाते हुए उनकी सलाह से स्वस्थ हो रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती है।

### चैनपुर प्रखंड के कोएना गांव का अनुमंडल पदाधिकारी ने किया दौरा

● गांव में जादू टोना करने को लेकर हुआ था विवाद, जांच में पारिवारिक मामला सामने आया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर पूर्णिमा कुमारी ने रविवार को चैनपुर प्रखंड के बारीडीह पंचायत के कोएना गांव का दौरा किया। उक्त गांव में कुछ ग्रामीणों द्वारा कथित तौर पर टोले के ही किसी व्यक्ति पर जादू-टोना करने संबंधी शिकायत की गई थी। अनुमंडल पदाधिकारी के कोएना गांव में जाकर मामले की छानबीन करने के उपरांत ज्ञात हुआ कि यह पारिवारिक विवाद का मामला है और इस पारिवारिक विवाद को जादू-टोना से जोड़ दिया गया। इस मामले में एसडीओ चैनपुर ने रविवार सुबह ग्रामीणों के साथ बैठक की। वर्तमान में उक्त टोले में स्थिति सामान्य है।

बैठक के उपरांत एसडीओ चैनपुर ने उक्त टोले में भ्रमण कर वहां उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उक्त टोले में बोरिंग खराब है। जिसके कारण पेयजल की समस्या है। इसके साथ ही यहां बिजली की समस्या भी है। सोलर पैनल के जरिए बिजली उपलब्ध कराई गई है। लेकिन वर्तमान में वह सोलर पैनल खराब है। इसके अतिरिक्त यहां अबुवा आवास की भी जानकारी ली गई। बताया गया कि छूटे हुए लोगों का आवास हेतु सर्वे पूर्ण कर लिया गया है। भ्रमण उपरांत एसडीओ द्वारा पेयजल एवं बिजली की समस्या के लिए जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए गए। इस दौरान अंचल अधिकारी, एस आई, कुरूमगढ़, मुखिया, महिला पर्यवेक्षिका एवं ग्रामीण वहां उपस्थित थे।

### 8 मई को ऐतिहासिक होगा इंटक का महाधिवेशन : धीरज साहू

● इंटक महाधिवेशन कार्यक्रम में राज्य के कई मंत्री, विधायक एवं सांसद होंगे शामिल



**लोहरदगा।** झारखण्ड कांग्रेस के कद्दावर नेता सह छोटानागपुर बक्साईड एण्ड कोल वर्कर्स यूनियन के महासचिव पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने आगामी 8 मई 2025 को किस्को मिडिल स्कूल मैदान में होने वाले इंटक के महाधिवेशन को सफल बनाने के लिए दौरा तेज कर दिया है। धीरज प्रसाद साहू ने कहा है कि छोटानागपुर प्रमंडल के सभी मजदूर भाइयों, बहनों का महाजुटान आगामी 8 मई को किस्को मिडिल स्कूल मैदान में होगा जिसमें लगभग 30 से 40 हजार की संख्या में हमारे मजदूर भाई, बहन अपनी हक की आवाज को बुलंद करने के लिए एकत्रित होंगे। इस महाधिवेशन में झारखंड प्रदेश के टॉप सुपरस्टार नितेश कच्छप, पवन राय, हुलास महतो, चिंता देवी, सुमन गुप्ता, बसीर अंसारी एवं कयूम अब्बास आदि कलाकारों के द्वारा शानदार नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। इंटक के महाधिवेशन में झारखण्ड सरकार के कई मंत्री, विधायक एवं सांसद भी उपस्थित रहेंगे। इसलिए उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की जानकारी लेते हुए कई आवश्यक निर्देश भी दिए।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, किस्को बीस सूत्री के अध्यक्ष शामुल अंसारी, हातिम अंसारी,युवा नेता निश्चय वर्मा, रौनक इकबाल, अंसार अंसारी एवं कई कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### आंधी तूफान से उड़ा घाघरा के खपिया गांव में घर का छप्पर

● पीड़ित महिला ने कहा- मजदूरी कर घर बनाया था, उसकी आर्थिक स्थिति है खराब, प्रशासन करे मदद

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के डुको पंचायत के खपिया गांव में आंधी तूफान से महिला कुवारी देवी के घर का अस्बेस्टस हवा में उड़कर जमीन पर जा गिरा। जिससे अस्बेस्टस टूट गया। वहीं घर में रखे राशन के चावल भी भींग कर बर्बाद हो गये। इस संबंध में पीड़ित कुवारी देवी ने बताया कि तेज हवा आंधी बारिश के कारण उसके घर का अस्बेस्टस पूरी तरह उड़कर जमीन पर जा गिरा। इसके साथ ही घर में रखा खाने के राशन चावल भी पानी से भींग कर बर्बाद हो गए। इस घटना में लगभग 70 हजार रुपए से ऊपर का आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़िता ने अंचल प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। साथ ही बताया कि वह ईंट भट्ठा में मजदूरी कर कमाने गई थी। जिसके बाद ईंट भट्ठा से पैसे कमाकर लौटने के उपरांत घर बनाई थी। तेज आंधी बारिश के कारण पूरी अस्बेस्टस उड़ गया। उसने सहयोग की अपील भी की है।

### बारिश से गर्मी से मिली राहत तो फसलों को हुआ नुकसान

**गुमला।** रविवार की दोपहर अचानक तेज आंधी व बारिश से जिले का मौसम अनुकूल हो गया और लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। वहीं अचानक हुई बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। खेतों में लगे टमाटर, मकई, फुलगोभी, पत्ता गोभी, तरबुज सहित अन्य गरमा फसलों को नुकसान हुआ है। वहीं तेज आंधी ने कई घरों की छत्त के अस्बेस्टस उड़ा दिये। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। बारिश के साथ मेघ गर्जन से बिजली गिरने की भी आशंका बढ़ गई है। जिले के कई प्रखंडों में रविवार को काफी तेज बारिश हुई है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

● सड़क सुरक्षा थीम पर बच्चों ने की पेंटिंग, अभिभावकों से सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन की अपील की गई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सड़क सुरक्षा को लेकर रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के हॉल में बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता व अभिभावकों हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला परिवहन विभाग के द्वारा किया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा टीम के सदस्यों के द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। एसआईपी एबीएसीयूएस और सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा कक्षा 3 से 7 तक के बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की। जिसका थीम सड़क सुरक्षा था। गुमला के विभिन्न स्कूलों डॉन बॉस्को स्कूल, डीएवी स्कूल, नेट्रोडम स्कूल, शिशु मंदिर स्कूल और अन्य स्कूलों के लगभग 2000 बच्चों के साथ उनके परिवार के अभिभावक शामिल हुए। सभी अभिभावकों से सड़क सुरक्षा के थीम के विषय में बात की गई और गुमला को एक्सीडेंट से बचाने के लिए सभी को सड़क सुरक्षा निमयों का पालन करने की अपील की गई। जिसमें गाड़ी चलाने से पहले हेलमेट को नजरअंदाज नहीं करने की भी अपील की गई। एसआईपी एबीएसीयूएस के प्रतिनिधि ने सभी अभिभावकों से बच्चों के मोबाइल इस्लेमाल को लेकर भी जागरूक किया गया। मोबाइल एक नशा है जो बच्चों के फ्यूचर को खराब करता है। मोबाइल इस्तेमाल को लेकर कैसे बच्चों को बचाया जा सकता है इस विषय पर परिवार जनों को विशेष जानकारी दी और जागरूक किया। लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे उपकरणों के इस्तेमाल से दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में एसआईपी एबीएसीयूएस के प्रतिनिधि और सड़क सुरक्षा के प्रबंधक प्रभास कुमार, रोड इंजीनियरिंग एनलिस्ट प्रणय काशी और आई टी सहायक मंटू रवानी उपस्थित थे।

## जातीय जनगणना सामाजिक न्याय के लिए ऐतिहासिक कदम : आजसू

● केंद्र सरकार की ओर से जातीय जनगणना को मंजूरी देने के फैसला का किया स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला आजसू पार्टी ने केंद्र सरकार के द्वारा जातीय जनगणना करने की घोषणा का स्वागत किया है। इसे लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा कि आजसू पार्टी जाति जनगणना करने को लेकर हमेशा से वकालत करती आई है। झारखंड में जाति जनगणना करने को लेकर पार्टी मुख्यमंत्री का घेराव राज्यपाल से मिलकर मेमोरेंडम देने आदि सड़क से लेकर संसद तक मांग कर चुकी है। हमारे महाधिवेशन में भी इस मुद्दे पर कई बार जातीय जनगणना के पक्ष में अध्यादेश लाया गया था। जातीय जनगणना से सामाजिक रूप से देश के जातियों को जानने का अवसर प्राप्त होगा और उसी के हिसाब से उनके लिए नीति निर्धारित की जा सकती है। यह दूरदर्शी और भविष्य के भारत निर्माण की सोच वाली नीति होगी। जाति जनगणना इस देश की दशा और दिशा तय करेगी। आज बहुत सी पार्टी यह कहती फिर रही है कि हमारे दबाव में मोदी सरकार ने यह फैसला लिया है। परंतु उन्हें यह बताना चाहिए विशेष कर कांग्रेस को कि 1951 में जो जाति जनगणना हुई थी वह क्यों नहीं सार्वजनिक की गई और उसके बाद यह जातीय जनगणना क्यों बंद कर दी गई। जो पार्टियां श्रेय लेने की होड़ में लगी हुई हैं उन्हें अपने राज्यों में इसकी पहल तो करनी चाहिए थी, परंतु केवल अपने दावों से यह साबित करने में लगी हैं कि हमारे दबाव में केंद्र ने यह फैसला लिया है। हम उन सभी पार्टियों से मांग करते हैं जितने भी क्षेत्रीय पार्टी आज सत्ता में हैं, वह अपने राज्यों में पहले जातीय जनगणना कराकर वंचितों को लाभ दें। विशेष कर झारखंड में आदिम जनजातियों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों व पिछड़ों का आकलन कर उनके हिसाब से जो वंचित हैं उनके लिए नीति बननी चाहिए थी। परंतु आज झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी की सरकार के पास समुचित आंकड़ा भी उपलब्ध नहीं है और यह इसके लिए कोशिश भी नहीं कर पाए। आज राज्य में नगर पालिका का चुनाव सिर्फ ट्रिपल टेस्ट के कारण नहीं हो पा रहा है और सरकार इसके लिए कोशिश भी सही तरीके से नहीं कर रही है। हाई कोर्ट के बार-बार कहने के बाद भी यह सरकार इस पर ध्यान भी नहीं दे रही है और कांग्रेस इस सरकार में शामिल है। उनके युवा नेता हमेशा कहते हैं कि हम जाति जनगणना के पक्षधर हैं तो आज ट्रिपल टेस्ट झारखंड में नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है और इस टेस्ट के नहीं हो पाने के कारण पिछड़ों का आरक्षण तय नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण नगर पालिका नगर निगम का चुनाव पिछले 2 साल से स्थगित है इस सरकार को इस पर भी ध्यान देना चाहिए श्रेय लेने से अच्छा है कार्य करने पर ध्यान देना चाहिए।

मौके पर जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, जिला प्रवक्ता सागर वर्मा, केंद्रीय महासचिव अंजू देवी, केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, केंद्रीय सदस्य रामकुमार महतो, केंद्रीय सदस्य जहांगीर आलम, नगर कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता उपस्थित थे।

### जाति जनगणना की मंजूरी कांग्रेस की बड़ी जीत है : सुखैर भगत

● जिला कांग्रेस की जिला स्तरीय आहूत संविधान बचाओ रैली स्थगित

● 6 मई को रांची स्थित पुराना विधानसभा मैदान में संविधान बचाओ महारैली को लेकर बनाई गई रणनीति



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में हुई। इस बैठक में आगामी 6 मई को रांची स्थित पुराना विधानसभा मैदान में संविधान बचाओ महारैली को लेकर समन्वय समिति के सदस्यों, प्रखंड अध्यक्षों, एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों से आवश्यक विचार विमर्श किया गया। उक्त महारैली में लोहरदगा जिला से हजारों कांग्रेसी भाग लेंगे इसके लिए सभी को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। मौके पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि विगत दिनों केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा जाति जनगणना कराने का कैबिनेट से मंजूरी ली गयी यह कांग्रेस की बड़ी जीत है। निश्चित रूप से जाति जनगणना हो जाने से देश के करोड़ों लोगों को उनका अधिकार मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि रांची में संविधान बचाव महारैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा निर्देशित जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली जो 10 मई को निर्धारित थी उसे फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे, सेवा दल के प्रदेश महासचिव प्रदीप विश्वकर्मा, विशाल डुंगडुंग, अनीस अहमद, जुगल भगत, सत्यदेव भगत दिनेश गुप्ता,नन्दू शुक्ला, मोज्जमिल अंसारी समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## चंदवा में माओवादियों ने मचाया तांडव, सीएमपीडीआई कंपनी के साइट पर धावा बोलकर 6 वाहन, दो भूगर्भ जांच मशीन को फूंका

# दर्जनो की संख्या में आय नक्सलियों ने दिया घटना को अंजाम

- चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती तुरीसोत की घटना
- डीआईजी, एसपी पहुंचे घटना स्थल, ली घटना की जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददात**

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला पंचायत के सुदूरवर्ती तुरीसोत गांव में नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है, जहां कोयला, खनिज, संपदा, पानी आदि भूगर्भ संपदा की खोज को लेकर कोयला मंत्रालय के तहत 3 डी भूकंपीय और प्रतिरोधकता सर्वेक्षण का काम कर रही सीएमपीडीआई (सेंट्रल मन प्लैनिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड) कंपनी के तुरीसोत महुआ टांड़ वन क्षेत्र स्थित साइट पर धावा बोलकर 3 घंटे तक जमकर तांडव मचाया। इस दौरान कार्य में लगे कर्मियों को बंधक बनाकर भूगर्भ संरक्षण कर रही दो मशीन, दो ट्रक, दो बोलेरो व कैंपर वाहन को फूंक दिया। घटना शनिवार देर शाम करीब 5:00 बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना के बाद देर रात्रि से ही चंदवा व बालूमाथ पुलिस अलर्ट पर आ गई। चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार, बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी दलबल के साथ रात्रि में ही घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच की। घटना में संलिप्त नक्सलियों के घेराबंदी को लेकर इलाके में सर्च ऑपरेशन को तेज कर दिया। सूचना के बाद रविवार की सुबह जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव, पलामू डीआईजी वाईएस रमेश दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे व सीएमपीडीआई के कर्मियों एवं चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार से पूरी घटना की जानकारी ली। घटना में संलिप्त नक्सलियों ने धर पकड़ को लेकर नक्सलियों का विरोधी अभियान तेज करने का भी निर्देश दिया।


घटना स्थल का जायजा लेते एसपी।

### क्या कहते है पलामू डीआईजी

पलामू डीआईजी वाई एस रमेश ने मामले में बताया कि कोल टेस्टिंग को लेकर सीएमपीडीआई के द्वारा ड्रिलिंग का काम किया जा रहा है, इन्हीं के दो साइट पर नक्सलियों द्वारा हमला किया गया है। इस घटना में किस संगठन एवं दस्ते की संलिप्तता है, इसकी जांच करते हुए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, घटना संलिप्त नक्सलियों को जल्द ही दबोचने का प्रयास किया जाएगा।

### घटना की कहानी भुक्तभोगी की जुबानी



इधर मामले को लेकर प्रत्यक्षदर्शी गार्ड खेमन महतो ने बताया कि शनिवार की शाम जंगल की ओर से अचानक 8-10 की संख्या में अत्याधुनिक हथियारों से लैस नक्सली पुलिस वर्दी में आ धमके व काम में लगे सभी कर्मियों एवं मजदूरों को अपने कब्जे में लेकर सभी का मोबाइल छीन लिया। इसके बाद उन्होंने कहा कि किसकी इजाजत से जंगल में तुम लोग सर्वे का काम कर रहे हो यह कहते हुए सभी कर्मियों को एक साइड कर दिया व और कहा कि काम कैसे होता है अभी हम लोग करके दिखाते हैं यह कहते हुए एक-एक करके सभी वाहनों में तेल छिड़कर लाइटर से आग लगा दी। जब तक भूगर्भ सर्वेक्षण कर रही मशीन एवं मौजूद सभी वाहन पूरी तरह से जलकर जल का राख नहीं हो गए, तब तक नक्सली डेरा जमाए हुए थे। कर्मियों ने बताया कि घटना के वक्त मौजूद नक्सली अपने को माओवादी दस्ते का सदस्य बता रहे थे।



### क्या जिले में फिर से धमक दिखा रहे हैं माओवादी

विदित हो कि लातेहार जिले में एक बार फिर से माओवादी सक्रिय होते नजर आ रहे हैं। 30 अप्रैल को महुआडांड़ में सड़क निर्माण कार्य में लगी कंपनी के मुंशी की हत्या एवं 3 वाहनों में आग लगाने की घटना के महज 5 दिनों के अंदर जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में बड़ी वारदात को माओवादियों के हाथ होने की बात सामने आने के बाद कही न कही माओवादियों के बढ़ते कदम को ओर इशारा कर रही है।

**घटना के बाद सर्वेक्षण साइट पर कामकाज:** इधर नक्सली घटना के बाद तुरीसोत एवं आसपास चल रहे सीएमपीडीआई के साइट पर काम काज पूरी तरह से ठप हो गया है। कर्मी डर से या तो भाग गया हैं या फिर दुबक गए हैं। वहीं ग्रामीण भी घटना के बाद से सहमे हुए हैं, कुछ भी बोलने से परहेज करते दिखे।

## वीर कुंवर स्थान पर आंगनबाड़ी भवन बनाने को लेकर यादव समाज ने किया विरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र के चेताग ग्राम में वीर कुंवर स्थान पर नया आंगनबाड़ी भवन बनाने को लेकर यादव समाज की बैठक रविवार को यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह स्थान वीर कुंवर स्थान है यहां पर हम लोगों का दीपावली के समय वीर कुंवर पूजा प्रत्येक वर्ष पीढ़ी दर पीढ़ी होते आ रहा है। जहां हम लोगों का आस्था लकड़ी द्वारा बनाया गया। दर्जनों थम्ब स्थापित है। तथा इस स्थान पर दीपावली के दूसरे दिन गाय ढाड लगाया जाता है। ग्रामीणों ने बालूमाथ अंचलाधिकारी के नाम पर एक आवेदन लिखकर कहा कि हम लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो कथापि नहीं होने दिया जाएगा। लोगों ने एक स्वर में कहा कि अगर इस स्थान पर जबरन आंगनबाड़ी भवन बनाया जाता है तो हम लोग इसका पुरजोर विरोध करते हुए चरणबद्ध आंदोलन करेंगे एवं इसकी जिम्मेदारी अंचलाधिकारी एवं प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने आवेदन में कहां है कि पिछले कई वर्षों से जिस स्थान पर आंगनबाड़ी संचालित है उसी स्थान पर आंगनबाड़ी भवन बनाया जाए। जिसमे1किसी को कोई दिक्कत नही है। आवेदन की प्रतिलिपि बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी दी गई है। इस बैठक में संरक्षक बिहारी यादव, रंजीत कुमार, मनोज यादव, विजय कुमार यादव, रूपलाल यादव, आशीष कुमार, कुलदीप यादव, मनोज यादव, दीपक यादव, सुरेश यादव, सरजू यादव, रुपेश यादव, अनिल यादव, राजेंद्र यादव, समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## पठान टोला को मिली नई राह : विधायक रामचंद्र सिंह ने किया पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

- सड़क बनेगी तो बदलेगा गांव का हाल, विकास की लकीर गांव-गांव तक खींची जाएगी : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के छेंचा पंचायत में रविवार को एक नई उम्मीद की शुरूआत हुई, जब मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। उनके साथ जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर और बीस सूत्री अध्यक्ष सह अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी भी मौजूद थे। यह सड़क पीडब्ल्यूडी रोड से होकर पठान टोला होते हुए होरिलौंग तक बनेगी। इस अवसर पर पूजन-अर्चना और नारियल फोड़कर आधारशिला रखी गई। इस दौरान स्थानीय लोगों ने सड़क के किनारे पांच सौ मीटर गार्डवाल की अनदेखी पर नाराजगी जताई। विधायक रामचंद्र सिंह ने इस पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यह मामला मैंने खुद देखा है, डीपीआर में हुई चूक को लेकर जिले के उपायुक्त से बात कर अतिरिक्त राशि जुड़वाएंगे। जो कमी रह गई है, वह पूरी की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि मेरे लिए विकास केवल वादा नहीं, एक संकल्प है। हमारी सरकार गांव-गांव तक विकास की लकीर खींचने के लिए प्रतिबद्ध है। छेंचा पंचायत की हर जर्जर सड़क को दुरुस्त किया जाएगा। मेला टांड़ से मंजूरमरी, पंचायत भवन से अमाही टोला और पोस्ट ऑफिस से कोयल नदी तक की सड़कों का निर्माण कार्य या तो प्रगति पर है या जल्द शुरू होगा। संतोषी शेखर ने कहा कि इस सड़क की हालत बेहद खराब थी, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतें होती थीं। उन्होंने कहा कि यह सड़क बनने से लोगों को राहत मिलेगी और विकास की रफ्तार बढ़ेगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, युवा नेता विजय बहादुर सिंह, अजय चंद्रवंशी, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह, बिरेंद्र सिंह, अजीत गुप्ता, डा. मुश्ताक आलम, शहाबुद्दीन खां, बैरम खां, तौकीर खान, औरंगजेब खान, अलाउद्दीन खां, शिवानंद तिवारी, सफदर खान, श्याम बिहारी प्रसाद, अजय चंद्रवंशी, रविंद्र राम समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।


आधारशिला रखते विधायक रामचन्द्र सिंह।

## चंदवा पल्ली में धूमधाम से मना संत जोसेफ पर्व



**चंदवा।** चंदवा पल्ली में मसीह समुदाय के लोगों के द्वारा रविवार को संत जोसेफ पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर फादर माइकल की अगवाई में विशेष मिस्सा पूजा अनुष्ठान किया गया, जिसमें फादर फबियानुस सिंदुरिया, फादर अलफोंस, फादर मार्शल, फादर मरयानुस ने उनका साथ दिया। इस मौके पर मसीही समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए फादर माइकल ने कहा कि संत जोसेफ प्रभु येशु के पिता थे, इसकी मेहनत व ईमानदारी के कारण इन्हें मजदूरों का संरक्षक संत माना जाता है। हम सभी को संत जोसफ के बताए मार्ग पर चलकर आदर्श व पवित्र परिवार का निर्माण करना चाहिए। इसके पूर्व महिला संघ युवा संघ के सदस्यों के द्वारा सभी पिताओं का स्वागत पारंपरिक तरीके से स्वागत व माला पहना कर किया गया तत्पश्चात बैच लगाकर सभी पिताओं को सम्मानित भी किया गया। बता दे कि प्रत्येक वर्ष 1 मई को संत जोसेफ पर्व मनाया जाता है लेकिन इस वर्ष 1 मई गुरुवार को होने के कारण रविवार को उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैथोलिक सभा के सुमन सुनील सोरेंग, स्टेफन मिंज, विनय खलखो, कुलदीप लकड़ा, जगदीश एक्का, राजेश लकड़ा, सुधीर लकड़ा, अनूप, फिलिप बागे समेत कैथोलिक सभा के सदस्य, महिला संघ की बसंती कच्छप, सुषमा तिर्की, इलिसबा नाग, सुशीला सोरेन, सिस्टर नीलम, किरण लकड़ा, फतिमा एक्का, दोरोथिया खलखो, एंजेला सोरेन, फुलजेंसिया टोप्पो समेत सैकड़ो की संख्या में मसीही समुदाय के लोग योगदान दिया।


## जेकेएलएम पार्टी के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

लातेहार। सदर प्रखंड के होटवाग गांव में रविवार को जेकेएलएम पार्टी के जिला कार्यालय का उद्घाटन जेकेएलएम के पलामू प्रमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव व लातेहार युवा अध्यक्ष निशांत यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। नीरज यादव के नेतृत्व में कई दलों के दर्जनों कार्यकताओं ने पार्टी छोड़ कर जेकेएलएम का दामन थामा। सभी को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया गया। पप्पू यादव ने कहा कि टाइगर जयराम महतो के कार्यों से प्रभावित हो लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा की जयराम महतो हमेशा से झारखंडियत की बात करते हैं। उन्होंने हमेशा रोजगार व अधिकार दिलाने की आवाज उठाते रहते हैं। युवा जिला अध्यक्ष निशांत यादव ने कहा कि लातेहार में जयराम महतो की पार्टी से लगातार लोग जुड़ रहे हैं। उनका जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। मौके पर सचिव चंदन बड़ाइक, रविंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष रंजय यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आंधी-तूफान में गिरी जर्जर रेलिंग, दुकान क्षतिग्रस्त कोई हताहत नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** रविवार को दिन में 5 बजे के करीब तेज आंधी-तूफान के दौरान एक पुराने मकान की छत पर लगी जर्जर रेलिंग गिर गई, जिससे नीचे स्थित चाय की दुकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घटना के समय कोई व्यक्ति दुकान के भीतर नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह रेलिंग लंबे समय से खराब हालत में थी। स्थानीय दुकानदार अजय सिन्हा ने बताया कि इस संबंध में कई बार दुकान के सामने की मकान मालिक से मरम्मत कराने की गुहार लगाई गई थी, लेकिन हर बार बात टाल दी गई। अब जब रेलिंग गिर गई और उसकी दुकान पूरी तरह टूट-फूट गई है, तो दुकानदार ने प्रशासन से मुआवजे दिलाने की मांग की है। पीड़ित दुकानदार का कहना है कि वह दुकान से चाय बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। दुकान के क्षतिग्रस्त होने से उसकी रोजी-रोटी पर सीधा असर पड़ा है। बताया कि मैंने कई बार मकान मालिक से कहा था कि रेलिंग कभी भी गिर सकती है, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। अब नुकसान मुझे उठाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि इस इलाके में कई इमारतें जर्जर अवस्था में हैं, जिनकी समय पर मरम्मत नहीं कराई जाती, जिससे इस तरह की घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि वे ऐसे जर्जर भवनों की जांच करें और जरूरी कदम उठाएं। फिलहाल, घटना की सूचना प्रशासन को दे दी गई है।


रेलिंग गिरने से जर्जर हुआ दुकान।

### चपरी गांव में सरिता देवी का घर क्षतिग्रस्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के छेचा पंचायत के चपरी गांव में आई तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई, जिससे कई ग्रामीण प्रभावित हुए। इस प्राकृतिक आपदा में गांव की निवासी सरिता देवी का कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद परिवार किसी तरह रात गुजारने को मजबूर है और राहत की बाट जोह रहा है। घटना की सूचना मिलते ही हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा पार्टी के युवा प्रदेश सचिव अतुल सिंह चपरी गांव पहुंचे और मौके का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। अतुल सिंह ने कहा कि हम पार्टी गरीब और वंचितों की आवाज है। सरिता देवी जैसे जरूरतमंदों की पीड़ा को हम न केवल पंचायत और प्रखंड स्तर पर बल्कि जिला प्रशासन और राज्य सरकार तक पहुंचाएंगे। गरीबों की आवाज अब दबेगी नहीं। उन्होंने प्रखण्ड व जिला प्रशासन से तत्काल राहत की मांग की है। अतुल सिंह ने बताया कि हर साल प्राकृतिक आपदाएं ग्रामीणों को बेहाल कर देती हैं, लेकिन सरकारी सहायता समय पर नहीं मिल पाती। अतुल सिंह ने अधिकारियों से जल्द से जल्द सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की है।

## विकास विरोधी गिरोह पर कड़ी कार्रवाई करें पुलिस : प्रतुल


- सरकारी संपत्ति जलाने वाले देशद्रोहियों पर नकेल कसी जाए

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने चंदवा प्रखंड के चकला पंचायत के तुरी सोत गांव में बीते रात असामाजिक तत्वों के द्वारा भूर्गभ सर्वेक्षण कार्य में लगे अनेक वाहनों को जला देने की घटना की कड़ी निंदा की है। प्रतुल ने कहा कि झारखंड पुलिस और लातेहार पुलिस अविलंब इन विकास विरोधी गिरोहों पर नकेल कसे। प्रतुल ने कहा कि जिस तरीके से एक सरकारी उपक्रम के वाहनों को इस गिरोह ने जलाया है, इनके खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज कर अभियान चलाना चाहिए। प्रतुल ने कहा अब ऐसे गिरोह सिर्फ अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए कायरतापूर्वक रात के अंधेरे में घटना को अंजाम देते हैं और भाग खड़े होते हैं। प्रतुल ने कहा अब उग्रवाद पूरे देश में अंतिम सांसें ले रहा है। लातेहार पुलिस ने भी सीआरपीएफ के सहयोग से पिछले कुछ समय में उग्रवाद के खिलाफ बड़ी सफलताएं अर्जित की हैं। इसलिए अभी इन गिरोहों को अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए ऐसे ही छिप कर घटना को अंजाम देने की जरूरत आ गई है। प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार कृत संकल्पित है कि 31 मार्च,2026 तक उग्रवाद का पूरे देश से सामूल नाश किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय, झारखंड सरकार, सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस समन्वय बनाकर इन गिरोहों के खिलाफ अभियान चला रही है। प्रतुल ने कहा मूलवासी आदिवासियों का विकास अवरोध करने वाले ऐसे गिरोहों को विशेष ऑपरेशन चला कर समाप्त किया जाए।



## गुजरात काम करने गए मजदूर की मौत, परिजनों ने शव गांव लाने को लेकर लगाई मदद की गुहार



**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत जमीरा ग्राम से काम करने गुजरात गए मजदूर विनोद यादव पिता दशरथ यादव की आकस्मिक मौत बीते शनिवार को गुजरात के जिला भरूच, थाना दहेज अंतर्गत बगरा में हो गई है। वर्तमान में विनोद यादव का शव गुजरात के दहेज में ही पड़ा हुआ है। परिजन अर्थभाव में मृतकों के शव को पैतृक गांव लाने में असमर्थ है। परिजनों ने लातेहार विधायक प्रकाश राम, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव, जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं श्रम अधीक्षक से शव को वापस गांव लाने में मदद की गुहार लगाई। जिसके बाद प्रतुल शाह देव ने मामले को संज्ञान लेते हुए परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली व मामले में ट्वीट कर झारखंड एवं गुजरात के मुख्यमंत्री एवं लातेहार से शव वापस लाने में मदद की गुहार लगाई, जिसके बाद प्रशासन परिजनों से संपर्क स्थापित कर शव शव वापस लाने की कवायद में जुटी थी।

## ऑटो और सवारी गाड़ी की टक्कर में एक की मौत महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल



**सरयू।** लातेहार जिले के ओरिया और कोने के बीच खुटगड़ी गांव के समीप ऑटो और सवारी गाड़ी के टक्कर में एक 55 वर्ष के बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गया जबकि महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक जुनियर उरांव ने बताया कि गनेशपुर से लातेहार ऑटो में सवार होकर जा रहें थे इसी दौरान सवारी गाड़ी पीछेसे आ रही थी और खुटगड़ी गांव के पास साईड लेने के दौरान सवारी गाड़ी ने टक्कर मर दिया जिससे ऑटो पलट गई और ऑटो में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि एक बुजुर्ग का माथा में चोट लगने से मौत हो गया। वहीं मृतक बुजुर्ग का पहचान चोरहा पंचायत के अंतर्गत ग्राम चाचु गांव निवासी 55 वर्ष राजेंद्र सिंह पिता स्व मोती सिंह के रूप में हुआ है। बताया जाता है कि मृतक राजेंद्र सिंह शादी का निमंत्रण देने अपने रिश्तेदार के यहां जा रहा था इसी दौरान दुर्घटना का शिकार हो गया। वहीं तरवाड़ीह पंचायत के पुर्वे मुखिया जुलेश्वर लोहरा और ओरिया एवं कोने पिकेट के प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस के मदद से घायल और मृतक को सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

## अमित गुप्ता ने किया ब्राइट फ्यूचर स्कूल के हॉस्टल का उद्घाटन

**चंदवा।** नगर गांव में नगर मंदिर के पीछे रविवार को ब्राइट फ्यूचर स्कूल के हॉस्टल का उदघाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। उद्घाटन के मौके पर अमित गुप्ता ने कहा कि नगर जैसे ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय सुविधा युक्त शैक्षणिक माहौल देना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस हॉस्टल का लाभ गरीब तबके के बच्चों को मिलेगा, वर्तमान समय में जीवन की मूल पूंजी शिक्षा ही है।

## विधायक प्रकाश राम ने मोंगर पंचायत में सुनी जनसमस्याएं, मौके पर 75% समस्याओं का निपटारा

# जनता की तकलीफ अब फाइलों में नहीं, मैदान में हल होगी : विधायक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रकाश राम अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रविवार को जब मोंगर पंचायत के गांवों में पहुंचे, तो वहां सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि लोगों की आवाज और उम्मीद नजर आए। दिनभर चले इस जनसंपर्क अभियान में उन्होंने विशुनपुर, केडू, हरखा, घुटुआ सहित कई गांवों का दौरा किया और हर गांव में एक ही मंत्र दोहराया आप बताइए, समाधान मैं करूंगा। गांव-गांव घूमकर विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। कहीं पीने के पानी की कमी थी, तो कहीं सिंचाई का अभाव। सड़क, नाली और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग भी सामने आई। लोगों ने हाथों में आवेदन थमाया और विधायक ने उसी वक्त फोन पर अफसरों से बात कर 75 फीसदी समस्याओं का समाधान मौके पर ही करा दिया। बाकी मामलों पर उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि समाधान में देरी बर्दाश्त नहीं होगी।

### जनता ने जो जिम्मेदारी दी है, मैं उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रहा हूं

विधायक प्रकाश राम ने आगे कहा कि जनता ने मुझे जो भरोसा और जिम्मेदारी दी है, मैं उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि केंद्र में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी सरकार के नेतृत्व में देशभर में विकास की एक नई लहर चली है। हर घर जल, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने गांवों की तस्वीर बदली है। मैं चाहता हूं कि लातेहार के हर गांव तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचे और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इसके लिए पूरी निष्ठा के साथ लगे हुए है।

### समस्या के समाधान की जिम्मेवारी मेरी है : प्रकाश राम

विधायक राम ने कहा कि जनता ने मुझ पर भरोसा कर विधान सभा भेजा है। ये सिर्फ पद नहीं, सेवा का संकल्प है। आपकी समस्याएं मेरी प्राथमिकता हैं। हर जरूरतमंद मुझ तक बेहिचक पहुंचे, समाधान की जिम्मेदारी मेरी है। भाजपा नेता पवन कुमार ने जानकारी दी कि ग्रामीणों से मिले कुल आवेदनों में से अधिकांश मामलों का तुरंत निपटारा कर दिया गया है। इस दौरान राजेंद्र प्रसाद पिंटू, रजक देवेंद्र राम, विनोद उरांव, अजय प्रसाद, संत गुप्ता, विशाल चंद्र शाहू, अजय पांडे, मंडल अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, आनंदी सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## मेरे पसीने से ईमान की खुशबू आती है, मैं मजबूर नहीं मजदूर हूँ :गंगेश

**बोकारो।** सभी मजदूरों एवं कामगारों ने एकमत से बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन की आलोचना करते हुए कहा कि बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ के द्वारा दिये गये 20 सूत्री मांगों पर अगर प्रबंधन ने अविलंब गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया तो संघ आने वाले दिनो में धरना प्रदर्शन या हड़ताल करने पर मजबूर हो जायेंगे। संघ कार्यालय में संपन्न कार्यशाला कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तारकेश्वर महतो तारा बाबू ने मजदूरों के अधिकार व भूमिका की चर्चा की। संघ के महामंत्री सुमन सिंह ने कार्यशाला में श्रमिकों के हित एवं अधिकार की विस्तार से चर्चा की। संघ की संयुक्त महामंत्री आशा देवी ने बोकारो प्लांट प्रबंधन के द्वारा अपने ही कामगारों एवं मजदूरों के शोषण को रेखांकित किया। संघ के मीडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि- मेरे पसीने से ईमान की खुशबू आती है, कौन कहता है कि मैं मजबूर हूँ? मैं मजदूर हूँ। कार्यक्रम में मजदूरों पर कविता एवं गायन का भी आनंद श्रोताओं ने लिया।

## कसमार सीओ को विवादित भूमि का 07 मई को मापी कराने का निर्देश

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बोकारो ने कसमार अंचलाधिकारी को बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ का चौड़ीकरण हेतु विवादित भूमि मौजा बगदा के पंचाट सं 74 के खाता सं 66 व प्लॉट सं० 1616 रकवा 1.493 एकड़ भूमि का मापी सुनिश्चित करने को कहा है। इस बाबत जारी पत्र में जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने लिखा है कि बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ का चौड़ीकरण हेतु विवादित भूमि मौजा बगदा के उक्त भूमि पर खतियानी रैयत एवं केवालाधारी (पंचाटी) के बीच अधिग्रहित रकबा में आपसी विवाद होने के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो रक्तवीर परिवार ने चास स्थित केएम मेमोरियल ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 13 रक्तवीरों ने रक्त दान किया। इस मौके पर संस्था के सचिव बिनय कुमार ने अपना 12 वाँ रक्तदान किया। विनय कुमार ने कहा कि गर्मियों के दिन में ब्लड सेंटरो की हालत नाजुक हो जाती है। रक्त की कमी हो जाती है जिससे जरूरतमंदों को समय पर ब्लड उपलब्ध नहीं हो पाता है। हमारी संस्था समय समय पर रक्तदान शिविर लगाती रहती है एवं जरूरतमंदों की सहायता करती रहती है।

## भाजपा नेता विक्रम ने चास थाना प्रभारी से की मुलाकात

**बोकारो।** बोकारो जिलान्तर्गत चास थाना में पहली महिला थाना प्रभारी सुषमा कुमारी की पदस्थापना हुई है। भाजपा नेता विक्रम कुमार महतो शिव शंकर राय भरत भूषण आदि ने उनसे औपचारिक मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया। भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि विक्रम कुमार महतो शिव शंकर राय भरत भूषण आदि ने चास थाना में महिला थाना प्रभारी की नियुक्ति से महिलाओं में विशेष रूप से न्याय एवं निर्भयता का वातावरण विकसित होने की आशा व्यक्त की।

## आधार पंजीकरण/अपडेट हेतु 17 मई 2025 तक आयोजित होंगे विशेष शिविर

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव ने सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं शिविर के माध्यम से शत प्रतिशत आधार पंजीकरण अथवा अपडेट कराना सुनिश्चित करने को कहा है। जिले के विभिन्न बैंकों व बीडीओ ऑफिस एवं पोस्ट ऑफिस में (रविवार एवं अवकाश के दिनों को छोड़कर) विशेष शिविर आयोजित होगा। सरकार द्वारा संचालित अबुआ आवास पीएम आवास मनरेगा इत्यादि महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लेने के लिए लाभुकों के पास आधार का होना अनिवार्य है।

# बीएसएल का अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी

### शंका है - झुग्गियों में बांग्लादेशी तो नहीं?





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग के अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के तहत बोकारो निवास के समीप नव निर्मित शौचालय आदि को ढाह दिया गया। नगर सेवा के डीजीएम श्री कर्नल शेखावत की अगुवाई में सुरक्षाकर्मियों की टीम ने नए बनाये जा रहे निर्माण की दीवार व छत को गिरते हुए आगे ऐसा न करने की हिदायत भी दी।

श्री शेखावत ने उन झुग्गियों के निवासियों से आधार कार्ड मांगा तो किसी ने दिखाया तो कोई भाग चला और किसी ने अनुपलब्धता को स्वीकार किया। उन झुग्गियों में रहनेवालों के बांग्लादेशी होने की आशंकाओं की चर्चा पूरे शहर में है। प्रशासन द्वारा जांच के बाद बांग्लादेशी होने की स्थिति स्पष्ट होगी। परंतु अवैध रूप से बीएसएल की जमीन का अतिक्रमण कर अवैध रूप से बिजली एवं पानी का उपयोग करने के विषय पर तो कोई संदेह नहीं है। बोकारो शहर के लगभग सभी सेक्टरों के समीप ऐसी झुग्गी झोपड़ीनुमा कॉलोनी मौजूद हैं। फिर प्रबंधन व प्रशासन क्यों मौन है?

बीएसएल प्रबंधन व जिला पुलिस एवं जिला प्रशासन को परस्पर समन्वय स्थापित कर अवैध झुग्गियों अवैध बिजली और अवैध पानी के उपयोग पर सख्ती बरतते हुए लगातार संज्ञान लेना चाहिए। सभी झुग्गीवासी एक जैसे नहीं- कहीं बेबशी है- तो कहीं शौक- तो कहीं अपराध- तो कहीं संरक्षण- तो कहीं है सहजता से मुफ्तखोरी की मानसिकता।

प्रबंधन व प्रशासन द्वारा मात्र खानापूर्ति करने की नीति व्यवहारतः व आंशिक रूप से एवं फाइलों में पूर्णतः दर्ज करना एक तरह से इसे बढ़ावा देना साबित होता है। इन अवैध निवासियों को वोट बैंक के राजनीतिबाज तथा किसी भ्रष्ट पदाधिकारी का संरक्षण मिलने की पुष्टि होने पर उनके खिलाफ भी समुचित दंडात्मक निर्णय व्यवहारतः लिया जाना चाहिए। अतिक्रमण उन्मूलन की कड़ी में सेक्टर-3 ई में आवास संख्या 97 के आगे बने अवैध निर्माण को सुरक्षा कर्मियों की टीम ने गिरा दिया।

# तेनुघाट डैम सुदृढ़ीकरण योजना का शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**तेनुघाट कोर्ट।** जल संसाधन विभाग द्वारा तेनुघाट बांध की सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के लिए डीएसआरपी 2021 की अनुशंसा पर आधारित कार्यों की शुरूआत हो गई है। रविवार को झाड़ी कटिंग, बोल्डर पिचिंग, नाली सफाई, ग्रास पिचिंग और सौंदर्यकरण कार्यों का विधिवत शिलान्यास राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया। तेनुघाट बांध के सुरक्षा मापदंडों को पूरा करने के लिए विभिन्न कार्यों का शुभ शिलान्यास किया। मौके पर माननीय मंत्री जी का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डैम के सम्पूर्ण विकास के हमारे लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में सुरक्षा मापदंडों को स्थापित करने के लिए किया गया यह शिलान्यास ऐतिहासिक है।

# सेक्रेड हर्ट स्कूल ने जीता क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का खिताब

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित स्व प्रशांत मुखर्जी मेमोरियल क्रिकेट लीग टूर्नामेंट संपन्न हुआ। टूर्नामेंट का फाइनल मैच स्थानीय एटीम क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को सेक्रेड हार्ट स्कूल बनाम प्लस टू सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जिला स्कूल के बीच खेला गया।

टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी प्लस टू सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जिला स्कूल की टीम ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 166 रनों का लक्ष्य विरोधी टीम को दिया। कप्तान नीरज कुमार ने 5 चौकों एवं 4 छक्कों की मदद से 31 गेंदों में 56 रन बनाए। सेक्रेड हार्ट स्कूल की ओर से गेंदबाजी करते हुए कप्तान प्रत्यूष आर्नोल्ड टुडू ने 3 विकेट हासिल किया। जवाबी पारी में खेलने उतरी सेक्रेड हर्ट स्कूल की टीम ने 19.5 ओवरों में ही पांच विकेट के नुकसान पर 168 बना लक्ष्य हासिल कर लिया। यह श्रृंखला पांच विकेट से सेक्रेड हर्ट स्कूल की टीम ने जीत कर खिताब अपने नाम किया। सेक्रेड हार्ट स्कूल की ओर से खेलते हुए कप्तान प्रत्यूष अरनोल टुडू ने 10 चौकों एवं 2 छक्कों की मदद से 43 गेंदों में नाबाद 75 रन बनाए।



विजेता टीम को पुरस्कृत करते संघ सचिव

## कार व हाईवा की टक्कर, दंपति समेत तीन घायल, एक नाजुक

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के नागलभांगा मोड़ के पास रविवार दोपहर को भीषण सड़क हासदा हुई। हादसा हाइवा और कार के भिड़ंत होने से हुई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिसमें से एक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। मौके पर पहुंची शिकारीपाड़ा पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी शिकारीपाड़ा लाया। जहां प्राथमिक इलाज कर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए दुमका रेफर कर दिया है। घायलों का नाम प्रभाकर चौधरी, ललन कुमार, सोनी देवी बताया गया। एक अन्य व्यक्ति जिसे आंशिक चोट आई है। आंशिक रूप से घायल राजेश कुमार साह है। यहां बताते चले कि पिछले कुछ दिनों में सड़क दुर्घटना में इजाफा हुआ है।

# आंदोलनकारियों का धरना प्रदर्शन जारी

### लगातार 29 हफ्ते से स्थानीय लोग कर रहे आंदोलन, प्रशासन मौन

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** कोयला डंपिंग यार्ड हटाने की मांग कर रहे आंदोलनकारियो ने अब प्रशासन को उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। आंदोलनकारी लगातार 29 हफ्ते से आंदोलन कर रहे रसिकपुर और आसपास के ग्रामीणों ने पुनः रविवार को धरना प्रदर्शन कर बीजीआर कंपनी और सरकार को घेरा। आंदोलनकारियों ने कहा कि दुमका रेलवे स्टेशन से हर हाल में कोयला डंपिंग यार्ड को हटाना पड़ेगा। लोगों ने कहा कि कोयला के डस्ट से होने वाले प्रदूषण का असर अब आम लोगों के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव डाल रहा है। जिसके कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। साथ ही पर्यावरण पर भी इसका बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ रहा है।



कोयला डंपिंग यार्ड हटाने की मांग को लेकर धरना पर बैठे स्थानीय लोग

गौरतलब है कि पिछले तीन साल से रसिकपुर और आस-पास के ग्रामीण स्थानीय प्रशासन को कोयला डंपिंग यार्ड हटाने का मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके बावजूद शासन-प्रशासन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। आंदोलनकारियों ने कहा कि अब पानी सिर से ऊपर चढ़ चुका है। कोयला डंपिंग यार्ड यहां से हर हाल में अन्यत्र शिफ्ट होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इस मामले में गोड्डा के सांसद और संसद भवन में राष्ट्रीय अंर्तराष्ट्रीय मुद्दों पर बेबाक बोलने वाले डॉ निशिकांत दुबे ने भी स्थानीय लोगों को यह भरोसा दिलाया था कि हर हाल में 2024 के अंत तक दुमका रेलवे स्टेशन से कोयला डंपिंग यार्ड को हटावाया जायेगा। लेकिन उनका वादा भी वादा ही रह गई। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में काफी रोष है। यही नहीं स्थानीय लोगों ने डीआरएम, आसनसोल को लिखित आवेदन देकर यहां से कोयला डंपिंग यार्ड को बंद करने की मांग की।

## नॉक आउट नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट उद्घाटन

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिला के शिकारीपाड़ा प्रखण्ड अंतर्गत गंद्रकपुर पंचायत के गमरा गांव में गमरा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित एक दिवसीय नॉक आउट नाइट क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन शनिवार रात को हुआ। टूनामेंट का उद्घाटन शिकारीपाड़ा के विधायक आलोक कुमार सोरेन ने फीता काट और बल्लेबाजी कर किया। साथ ही मौके पर खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर उनकी हौसला अफजाई करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, खेल नियोजन नीति एवं राज्य सरकार की विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना की ओर अग्रसर करता है। इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलता है और वे भविष्य में राज्य और देश का प्रतिनिधित्व करता है।

# पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक को किया गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** महगामा बीती रात्रि में पुलिस अधीक्षक गोड्डा अनिमेष नैथानी को गुप्त सूचना मिली की एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ एक मोटरसाईकिल पर भगैया से धमड़ी की तरफ आ रहा है। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार भगैया धमड़ी मार्ग में एंटी क्राईम चेकिंग लगाया गया। एंटी क्राईम चेकिग प्रारंभ की गई।

तत्पश्चात संदिग्ध व्यक्ति आता दिखा पुलिस टीम को देखकर मोटरसाईकिल छोड़कर रात्रि का लाभ उठाकर भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस बल द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया। जांच के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिन्दा गोली बरामद किया गया जिसे विधिवत जप्त करते हुये पकड़े गये व्यक्ति अक्षय कुमार मंडल को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में मेहरमा थाना कांड संख्या 67/25 सुसगत धाराओं में दर्ज की गयी। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अक्षय कुमार मंडल उर्फ अक्षय कुमार, उम्र 20 वर्ष, पिता टुकेश्वर महतो उर्ष टुकन मंडल, सा० धमड़ी, थाना मेहरमा, जिला गोड्डा के रूप में हुई। जांच अभियान के दौरान एक देसी कट्टा एवं एक जिन्दा गोली, एक टी०भी०एस० कंपनी का अपाची मोटरसाईकिल रजिस्ट्रेशन न०- जेएच17 एए8689, एक वन प्लस मोबाईल फोन को जब्त किया गया। वहीं छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक सौरभ कुमार ठाकुर, थाना प्रभारी मेहरमा थाना, पुलिस अवर निरीक्षक सत्यदीप मेहरमा थाना, पुलिस अवर निरीक्षक ब्रह्मा सिंह, मेहरमा थाना, सहायक अवर निरीक्षक सहदेव प्रसाद, मेहरमा थाना, आरक्षी/239 गोबिन्द चौधरी मेहरमा थाना के रिजर्व गार्ड, आरक्षी/506 अफसर हुसैन मेहरमा थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षकों को प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें पूर्णतया तैयार किए जाने के निमित्त डीपीएस बोकारो में मूलभूत चरण की राष्ट्रीय पाठ्यचर्या विषय पर सीबीएसई पटना उत्कृष्टता केन्द्र की ओर से शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित की गई। एकदिवसीय इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम में विद्यालय के दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। रिसोर्स पर्सन के रूप में डीएवी सेक्टर-6 की प्राचार्या अनुराधा सिंह और होली क्रॉस स्कूल बोकारो की वरिष्ठ शिक्षिका पूजा सिंह मौजूद रहीं। मुख्य प्रशिक्षिका अनुराधा सिंह ने विद्यार्थियों की मूलभूत अवस्था में उनकी देखरेख और उनकी दबावरहित शिक्षा आदि के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि आज अत्याधुनिकता और दिखावे की अंधी होड़ में माता-पिता अपने बच्चों पर उनकी उम्र और जरूरत से कहीं अधिक बोझ थोप दे रहे हैं जो उनके बचपन को छीन रहा है। ऐसे में शुरूआती कक्षाओं के शिक्षकों की भूमिका उनके खोते हुए बचपन को बचाने से लेकर भविष्य का नेतृत्वकर्ता तक तैयार करने में काफी महत्वपूर्ण है। श्रीमती सिंह ने व्यावहारिक उदाहरणों के साथ प्रशिक्षण सत्र को काफी रोचक बना दिया। उन्होंने शिक्षकों का अभिभावकों के साथ बेहतर समन्वयन सीखने वालों के प्रकार उम्र के हिसाब से विद्यार्थियों के कौशल-विकास विद्यालय में सुरक्षा व स्वच्छता बच्चों को स्वस्थ भोजन उन्हें अच्छी नींद उनके दिमागी विकास के विभिन्न पहलुओं आदि के साथ-साथ शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय मिशन निपुण भारत बच्चों के पंचकोशीय विकास आदि पर भी बिन्दुवार जानकारी दी। दूसरी रिसोर्स पर्सन पूजा सिंह ने भी बच्चों को सिखाने पढ़ाने और उनके खेलकूद के पैटर्न में बदलाव की जरूरत बताई। दोनों रिसोर्स पर्सन का स्वागत पौधा भेंटकर किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने अपने संबोधन में कार्यशाला के विषय को भारतीय शिक्षण-व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव व 21वीं सदी के अनुरूप कौशल-विकास तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में काफी महत्वपूर्ण बताया। कार्यशाला के दौरान संबंधित विषय पर शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों में भी भाग लिया और अंत में मूल्यांकन सत्र से इसका समापन हुआ।




एक नजर में

# नौ दिवसीय श्रीश्री 1008 शिव महारूद्र यज्ञ को लेकर भव्य कलश व शोभा यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगंगटी (गोड्डा)।** प्रखंड क्षेत्र के चांदपुर ग्राम स्थित काली मंदिर के निकट प्रारंभ होने वाले नौ दिवसीय श्री श्री 1008 महारूद्र यज्ञ और शिव महापुराण कथा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान रथ, झंडा, बैनर, ढोल, बाजे, 1001 कलश यात्रियों के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। यज्ञ स्थल परिसर से कलश शोभा यात्रा प्रारंभ हुई जो चांदपुर, बगात खुटहरी, तरवरवा, मानगढ़ होते हुए मैनाचक पहुंची और फिर वहां के स्थानीय तालाब में कलश में जल भरा गया। जल भरने के बाद मैनाचक गांव के बीच रास्ते से चांदपुर मार्ग होते हुए वापस कलश यात्रा यज्ञमंडप स्थल पहुंची जहां धार्मिक आस्था, विश्वास, विधि, विधान, वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश की स्थापना की गई और फिर पूजा पाठ प्रारंभ किया गया। कलश शोभा यात्रा में यज्ञाचार्य राम भरोसे त्रिपाठी जी महाराज, कथावाचक लखन जी महाराज, यज्ञ समिति के सभी पदाधिकारी सदस्य चांदपुर, बगात खुटहरी, तर रवरवा के सभी नवयुवक, बुजुर्ग, गणमान्य, शिक्षाविद, किसान, मजदूर, युवती, महिलाएं, बच्चे साथ-साथ चल रहे थे।विभिन्न प्रकार की धार्मिक गीतों पर आनंदमय पूर्वक कलश यात्री के साथ-साथ सभी श्रद्धालु हर्षोल्लास के साथ झूमते ताली बजाते कलश यात्रा में चल रहे थे। बीच-बीच में नवयुवक लोग बैंड बाजा की धुन पर नृत्य भी करते थे। कलश यात्रा के दौरान विभिन्न गांव के श्रद्धालुओं द्वारा पांच जगह पर शुद्ध मीठा पेयजल, नींबू पानी, शरबत आदि की व्यवस्था कलश यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए की गई थी। जिसका की कुछ श्रद्धालुओं ने लाभ भी उठाया। यज्ञ परिसर में मेला भी लग चुकी है। मेले में तारामाछी, झूला, काठघोड़ा, रेल इंजन आ चुका है। बच्चों के मनोरंजन का सामान, खिलौना, श्रृंगार, जलपान, मिष्ठान, धार्मिक पुस्तक, तस्वीर आदि की दुकान भी सजी है। मेले, यज्ञ पंडाल और कथा पंडाल परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल आदि की व्यवस्था की गई है। नवयुवक और सभी ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्था के प्रति भी जागरूक चाकचौबंद है। इस चांदपुर गांव में यज्ञ होने से ठाकुर गंगटी और मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों का माहौल भक्तिमय हो गया है। चांदपुर गांव दिग्घी पंचायत के साथ-साथ निकटवर्ती ठाकुर गंगटी और मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायत के दर्जनों गांव के हजारों श्रद्धालु इस यज्ञ में सहयोग कर रहे हैं। कलश यात्रा यज्ञ मंडप परिसर में पहुंचते ही इंद्र भगवान की दया भी बरस चुकी हल्की-फुल्की से माध्यम वर्षा भी दिन के 12 बजे के बाद इलाके में होने लगी। जिससे कि श्रद्धालुओं में यह उत्साह भर गया कि उनके द्वारा किया गया कलश यात्रा और यज्ञ शुभ संकेत और सफलता की ओर जा रहा है।

# फुसरो मे केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** फुसरो बाजार में पाकिस्तान के आतंकवादियों ने जो भारत के लोगों के साथ और हमारे जवान के साथ किया उसके खिलाफ हमारे फुसरो बाजार के युवको और व्यवसायियो ने मिलकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही केंद्र सरकार से आतंकियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की, ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृति ना हो। जहां दो मिनट का मौन धारण कर मारे गये पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों ने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कहा कि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को समूल नष्ट कर दिया जाए।

# पेज एक का शेष

## भारत ने चिनाब...

लेकिन बागलीहार और किशनगंगा बांध लंबे समय से दोनों देशों के बीच विवाद का कारण रहे हैं। पाकिस्तान ने बागलीहार बांध को लेकर विश्व बैंक में मध्यस्थता की मांग की थी, जबकि किशनगंगा बांध के कारण नीलम नदी पर असर पड़ने की वजह से कानूनी और कूटनीतिक विवाद हुआ। दोनों बांध भारत को पानी के बहाव को नियंत्रित करने की ताकत देते हैं, जिसे भारत अब अपने हित में इस्तेमाल कर रहा है। वहीं कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिए झेलम नदी का पानी रोकने की प्लानिंग चल रही है। इससे पड़ोसी मुल्क की हालत खराब हो गयी है।

## कड़ी सुरक्षा के...

इसमें फिजिक्स और केमिस्ट्री में 45-45 और बायोलॉजी से 90 सवाल पूछे गये। इस साल से ऑप्शनल सवालों को हटा दिया गया था। परीक्षा में तीन घंटे का समय दिया गया, जो दोपहर दो बजे से शाम 05 बजे तक चला, पिछले साल परीक्षा के लिए तीन घंटे बीस मिनट का समय दिया गया था। इस बार हजारीबाग जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। प्रश्न पत्र निर्धारित लॉकर से कड़ी सुरक्षा के बीच विभिन्न परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया गया। सावधानी बरतते हुए छात्रों को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया गया। हजारीबाग की डीसी नैंसी सहाय ने विभिन्न परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण इस दौरान किया। उन्होंने बताया कि सभी नियमों का पालन करते हुए परीक्षा संपन्न कराया गया। हजारीबाग में कुल आठ परीक्षा केंद्र थे, सभी पर सीसीटीवी कैमरे की नजर थी। **जमशेदपुर में शांतिपूर्ण रही परीक्षा :** लौहनगरी जमशेदपुर में नीट यूजी परीक्षा के लिए कुल आठ सेंटर थे, जहां 3 हजार से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू कर दी गयी थी। उपायुक्त ने बताया कि सभी केंद्रों पर व्यापक व्यवस्था की गयी थी। छात्र रविवार सुबह 11:00 बजे एग्जाम सेंटर में पहुंचे और 2:00 बजे से एग्जाम शुरू हुआ, जो शाम 5:00 बजे एग्जाम खत्म हुआ।

## इसीआइ की बड़ी पहल...

इसीआईएनइटी वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट ऐप, सीविजिल , सुविधा 2.0, ईएसएमएस, सक्षम और केवाईसी ऐप जैसे मौजूदा ऐप को शामिल करेगा। ईसीएनईटी से लगभग 100 करोड़ मतदाताओं और पूरे चुनावी तंत्र को लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे 10.5 लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त लगभग 15 लाख बूथ लेवल एजेंट (बीएलए), लगभग 45 लाख मतदान अधिकारी, 15,597 सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ), 4,123 ईआरओ और देश भर के 767 जिला चुनाव अधिकारी (डीईओ) शामिल हैं। इसे सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 36 सीईओ, 767 डीईओ और उनके राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 4,123 ईआरओ को शामिल करने वाले एक विस्तृत परामर्श अभ्यास और ईसीआई द्वारा समय-समय पर जारी किए गए चुनावी ढांचे, निदेर्शों और पुस्तिकाओं के 9,000 पृष्ठों वाले 76 प्रकाशनों की समीक्षा के बाद विकसित किया जा रहा है।

स्पीड न्यूज

### रूस के विजय दिवस में शामिल होंगे जिनपिंग



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग मॉस्को में विजय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए सात से 10 मई तक रूस की राजकीय यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि चीनी राष्ट्रपति की यात्रा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर हो रही है। जिनपिंग और पुतिन ने नए युग में चीन-रूस संबंधों को जटिल बाहरी वातावरण के बावजूद हमेशा आगे बढ़ने के लिए निर्देशित किया है। प्रवक्ता ने कहा कि शी राजकीय यात्रा के दौरान चीन-रूस संबंधों पर राष्ट्रपति पुतिन के साथ रणनीतिक वार्ता करेंगे।

### नेतन्याहू ने रद्द की अजरबैजान की यात्रा

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अजरबैजान की अपनी यात्रा स्थगित कर दी है। इजरायल के प्रधानमंत्री के कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। पीएमओ की ओर से जारी बयान में बताया गया कि नेतन्याहू की पांच दिवसीय यात्रा बुधवार को शुरू होने वाली थी। बयान में कहा गया, ''गाजा पट्टी और सीरिया में घटनाक्रमों और व्यस्त राजनीतिक तथा सुरक्षा कार्यक्रम के कारण प्रधानमंत्री ने अजरबैजान की अपनी यात्रा को अगली तारीख तक स्थगित करने का फैसला किया है।

### कोटा में नीट अभ्यर्थी ने की आत्महत्या

**कोटा।** मध्य प्रदेश की एक नीट अभ्यर्थी ने कोटा में अपनी परीक्षा से एक दिन पहले आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी रविवार को दी। कोटा पुलिस के अनुसार, मेडिकल की छात्रा शनिवार रात कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के पार्श्वनाथ विहार इलाके में अपने कमरे में पंखे से लटकी मिली। छात्रा मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले की रहने वाली थी और पिछले कुछ सालों से कोटा के पार्श्वनाथ विहार में परिवार के साथ रह रही थी।

### सीतारमण एडीबी की बैठक में शामिल होंगी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 58 वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के अधिकारियों के भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ इटली के मिलान गयी हैं। यह बैठक चार से सात मई 2025 तक चलेगी। इन बैठकों में एडीबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल, एडीबी सदस्यों के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान भाग लेंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री वार्षिक बैठक के मुख्य कार्यक्रमों जैसे गवर्नर्स के बिजनेस सेशन, गवर्नर्स प्लेनरी सेशन में भाग लेंगी।

### यूपी : पुलिस मुठभेड़ में इनामी बदमाश घायल

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के चौक कोतवाली थाना क्षेत्र में तीन भाइयों को गोली मारने वाले शातिर बदमाश से हुई पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी बदमाश शेरु को दोनों पैरों में गोली लगने से घायल हो गया। मुठभेड़ में पुलिस का सिपाही भी घायल है। पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है।

### राजद के मंसूबे पर कांग्रेस ने फेरा पानी : डॉ. सुमन

**पटना।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि कांग्रेस ने राजद के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। सुमन ने रविवार को कहा कि राजद की छटपटाहट के बावजूद कांग्रेस तेजस्वी यादव को बिहार में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। पिछले माह बिहार में इंडिया गठबंधन समन्वय समिति का संयोजक का तेजस्वी को संयोयक बना कर कांग्रेस ने राजद के मंसूबे पर पानी फेर दिया है।

# योगगुरु बाबा शिवानंद का 128 वर्ष की उम्र में निधन

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा शिवानंद के निधन पर जताया शोक

एजेंसी

**वाराणसी।** प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु और पद्मश्री सम्मानित बाबा शिवानंद का शनिवार रात स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते निधन हो गया। वे वाराणसी के बीएचयू अस्पताल में भर्ती थे। बाबा के शिष्यों का दावा है कि उनकी उम्र 128 वर्ष थी। बाबा शिवानंद को 30 अप्रैल को कुछ स्वास्थ्य परेशानियों के चलते बीएचयू अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने शनिवार देर रात अंतिम सांस ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा शिवानंद के निधन पर शोक जताया। अपने एक्स अकाउंट पर पीएम मोदी ने लिखा कि योग साधक और काशी निवासी शिवानंद बाबा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। योग और साधना को समर्पित उनका जीवन देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। योग के जरिए समाज की सेवा के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित भी किया गया था। शिवानंद बाबा का शिवलोक प्रयाण हम सब काशीवासियों और उनसे प्रेरणा लेने वाले करोड़ों लोगों के लिए अपूरणीय क्षति है। मैं इस दुःख की घड़ी में उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं।



बाबा शिवानंद से बात करते पीएम मोदी। (फाइल फोटो)

**2022 में मिला था पद्मश्री**

21 मार्च 2022 को बाबा शिवानंद को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया था।

जब सफेद धोती-कुर्ता पहने हुए, 125 वर्ष के बाबा शिवानंद मंच पर पहुंचे, तो उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को प्रणाम किया। यह दृश्य भावुक कर देने वाला था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपनी कुर्सी से उठकर हाथ जोड़कर उन्हें झुककर प्रणाम किया। राष्ट्रपति कोविंद ने भी उन्हें सम्मानपूर्वक अपने हाथों से उठाया था।

**बचपन में ही माता-पिता का हुआ था निधन :** बाबा शिवानंद का जन्म 8 अगस्त 1896 को तत्कालीन पूर्वी बंगाल (अब बांग्लादेश) के सिलहट जिले में हुआ था। जब वे सिर्फ 6 वर्ष के थे, तभी भुखमरी के कारण उनके माता-पिता का निधन हो गया था। इसके बाद ओंकारानंद नामक संत ने उन्हें अपनी देखरेख में लिया और उन्हें आध्यात्मिक शिक्षा और अनुशासन की राह पर चलाया।

संयमित जीवनशैली ही लंबी उम्र का रहस्यः शिवानंद ने अपना जीवन त्याग, संयम और योग साधना में समर्पित कर दिया था। वे हर दिन सुबह 3 बजे उठते थे, योगाभ्यास करते और अपने सारे कार्य स्वयं करते थे। उनका भोजन बहुत साधारण था-सिर्फ उबला हुआ खाना, और वह भी आधा पेट। वे गर्मियों में एसी और सर्दियों में हीटर का प्रयोग नहीं करते थे, बल्कि जमीन पर चटाई बिछाकर लकड़ी के तकिए पर सोते थे।

**कभी नहीं पड़े बीमार :** शिष्यों के अनुसार बाबा शिवानंद ने कभी कोई बीमारी नहीं झेली। वर्ष 2019 में कोलकाता और चेन्नई स्थित अपोलो अस्पतालों में जब उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया, तो उन्हें पूरी तरह स्वस्थ पाया गया था।

योगी ने दी श्रद्धांजलि : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने बाबा शिवानंद के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि काशी के प्रसिद्ध योगगुरु पद्मश्री स्वामी शिवानंद जी का निधन अत्यंत दुःखद है। योग क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है। आपकी साधना और योगमय जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा है। बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को मोक्ष प्रदान करें।

### इमरान व बिलावल का अकाउंट ब्लॉक

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार पाकिस्तान के खिलाफ लगातार सख्त रुख अपनाती हुई नजर आ रही है। इसके अलावा, सरकार देश के खिलाफ जहर उगलने वाले पाकिस्तानी नेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट्स को भारत में बैन कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के 'एक्स' अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है। भारत में इमरान खान और बिलावल भुट्टो के एक्स को सर्च करने पर अकाउंट की प्रोफाइल पिक्चर और कवर इमेज ब्लैंक नजर आ रही है। इससे पहले, पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार के एक्स अकाउंट को भी भारत में बैन कर दिया गया है।

# देश जैसा चाहता है, वैसा ही दिया जायेगा जवाब


## प्रधानमंत्री मोदी में जोखिम उठाने की क्षमता है : राजनाथ

**पाकिस्तान की कायराना हरकत है और पहलगाम आतंकी हमले को कभी नहीं भूलेगा भारत**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत मंडपम में आयोजित संस्कृति जागरण महोत्सव में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह पाकिस्तान की कायराना हरकत है और देश इस हमले को कभी नहीं भूलेगा।

उन्होंने कहा कि जैसा देश चाहता है, वैसा ही जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में जोखिम उठाने की क्षमता है और वे जानते हैं कि कब और कैसे निर्णय लेना है। उन्होंने कहा कि एक रक्षा मंत्री के रूप में मेरा कर्तव्य है कि मैं हमारे जवानों के साथ मिलकर देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूं। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश की ओर आंख उठाने वालों को माकूल जवाब दिया जाएगा। हमारी सरकार और नेतृत्व इसके लिए पूरी तरह तैयार है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के वीर जवानों पर हमले का बदला लेने की बात कही थी। अब रक्षा मंत्री की यह टिप्पणी इस बात की पुष्टि करती है कि भारत जल्द ही



बड़ा कदम उठाने जा रहा है। रक्षा मंत्री ने देश की सांस्कृतिक विरासत और सनातन धर्म की महत्ता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि संत सुधांशु जी महाराज जैसे तपस्वी संत इस देश की संस्कृति को संरक्षित करने का महान कार्य कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि आज की युवा पीढ़ी तकनीकी युग में भी सत्संग और पूजा-पाठ की ओर आकर्षित हो रही है, जो अत्यंत सकारात्मक संकेत है। उन्होंने साधु-संतों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार सैनिक राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार साधु-संत संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत की रक्षा करते हैं। उन्होंने भारत को वीरों की भूमि बताते हुए कहा कि यह देश तपस्या करना भी जानता है और आवश्यकता पड़ने पर तलवार चलाना भी।

### अमृतसर में दो जासूस गिरफ्तार, लीक कर रहे थे सेना की जानकारी



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर में सैन्य छावनी क्षेत्रों और वायुसेना अड्डों की संवेदनशील जानकारी और तस्वीरें लीक करने में कथित भूमिका को लेकर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने रविवार को बताया कि अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने जासूसी के खिलाफ एक अभियान के दौरान पलक शेर मसीह और सूरज मसीह को शनिवार को गिरफ्तार किया। डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में उनके अमृतसर केंद्रीय कारागार में बंद हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्टू के जरिए पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों से संबंध होने का पता चला। डीजीपी ने कहा कि जांच आगे बढ़ने के साथ ही और भी अहम खुलासे होने की संभावना है।

# सिंगापुर के पीएम होंगे लॉरेंस वोंग

**कोरोना काल में बने थे देश के हीरो, उस समय थे वित्त मंत्री**

एजेंसी

**सिंगापुर।** सिंगापुर में शनिवार को हुए आम चुनाव में पीएपी की बड़ी जीत के बाद लॉरेंस वोंग प्रधानमंत्री चुन लिए गए हैं। प्रधानमंत्री के तौर पर वोंग ने ली ह्सियन लूंग की जगह ली है, जो दो दशक तक देश के पीएम रहे हैं। वोंग राजनीति में आने से पहले सिविल सेवक और अर्थशास्त्री रहे हैं। 52 साल के वोंग को कोविड-19 महामारी के दौरान काफी तारीफ मिली थी। उस समय वित्त मंत्री के रूप में उनके काम को सराहना मिली थी। सिंगापुर को कोविड के मुश्किल समय से निकालने में वोंग अहम चेहरा और हीरो थे। सिंगापुर चुनाव में जीत के हीरो बने लॉरेंस वोंग ने अमेरिका से अर्थशास्त्र की पढ़ाई की है। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन-मैडिसन और



यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन से डिग्री हासिल की है। हार्वर्ड कैनेडी स्कूल से पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में भी उन्होंने मास्टर डिग्री ली है। वोंग ने 2011 में राजनीति में कदम रखा था और 14 साल में वह शीर्ष पर पहुंचे हैं। वह संस्कृति, राष्ट्रीय विकास और वित्त मंत्री के रूप में काम कर चुके हैं।

# मानसून से पहले हो सकता है पाक के खिलाफ एक्शन

- सैन्य कार्रवाई के समय को लेकर अटकलें शुरू
- 1965 का युद्ध मानसून के बीच शुरू हुआ था
- काम बहुत बड़ा है और समय कम : पीएम मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकियों और उनके आकाओं को खत्म करने के लिए सरकार की ओर से उच्च स्तर पर संकल्प दिखाने के बाद सैन्य कार्रवाई के समय को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं। इस सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान काम बहुत बड़ा है और समय कम के भी निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। पुराने युद्धों के अनुभवों के आधार पर सैन्य ऑपरेशन मानसून के दौरान होने की उम्मीद नहीं की जा रही है। यानी इसे मानसून से पहले जून तक ही पूरा करना होगा। आजादी के 78 सालों में भारत ने अपनी ओर से एक सैन्य कार्रवाई शुरू की थी, जिसमें पाकिस्तान को हराकर बांग्लादेश को आजाद कराया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मार्च में सेना को सैन्य अभियान शुरू करने को कहा था, लेकिन तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल मानिक शॉ ने साफ कर दिया था



कि सैन्य तैयारी की जरूरत और मानसून को देखते हुए यह नौ महीने के बाद ही शुरू हो पाएगा। प्रधानमंत्री समय कम वाले बयान को इससे जोड़कर देखने पर मानसून के पहले सैन्य ऑपरेशन को पूरा करने की संभावना ज्यादा दिख रही है। पुरानी लड़ाई में देखें तो सिर्फ 1965 का युद्ध मानसून के बीच शुरू हुआ था। यह अगस्त में शुरू हआ था और मानसून के बीच ही सितंबर में खत्म हो गया। इसमें पाकिस्तान की बुरी हार हुई थी।

### हरकी पैड़ी में अनंत अंबानी, राधिका संग किया गंगा पूजन



**हरिद्वार।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के पुत्र अनंत अंबानी रविवार को पत्नी राधिका अंबानी के साथ हरिद्वार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हरकी पैड़ी पर विधिविधान से गंगा पूजन कर मां गंगा का आशीर्वाद लिया। हरकी पैड़ी पहुंचने पर गंगा सभा की ओर से अध्यक्ष नितिन गौतम व महामंत्री तन्मय वशिष्ठ के नेतृत्व में तीर्थपुरोहितों ने अनंत अंबानी का स्वागत किया। उन्हें गंगाजली, चुनरी व प्रसाद भेंट किया गया।अनंत अंबानी को देखने और उनके साथ फोटो व वीडियो बनाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान हरकी पैड़ी पर उनके सुरक्षा कर्मी उन्हें घेरे रहे।

# बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुले

## चारधाम यात्रा पूर्ण रूप से हुआ शुरू

एजेंसी

**बद्रीनाथ।** गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वप्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार सुबह छह बजे विधिवत रूप से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। छह माह के शीतकालीन अवकाश के बाद कपाट खुलने की इस पावन घड़ी में देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भारी उत्साह और आस्था के साथ भाग लिया। बद्रीनाथ के कपाट खुलने के साथ ही चार धाम बद्रीनाथ केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की यात्रा विधिवत रूप से शुरू हो गई है। चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना, और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच खोले गए। इस दौरान भगवान बद्रीनाथ की उत्सव मूर्ति को विशेष श्रृंगार के साथ मंदिर गर्भगृह में विराजमान किया गया। पुजारियों और तीर्थ पुरोहितों की उपस्थिति में यह अनुष्ठान संपन्न हुआ।

कपाट खुलते ही मंदिर परिसर जय बद्री विशाल के नारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने दर्शन के



लिए लंबी कतारों में खड़े होकर भगवान विष्णु के इस दिव्य स्वरूप का प्रथम दर्शन प्राप्त किया। इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट तथा टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय भी मौजूद थे। कपाट खुलने के दौरान पूरा वातावरण ढोल-नगाड़ों व सेना के बैंड की मधुर धुन और हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं के जय बदरी विशाल के जयकारों से भक्तिरस से सराबोर हो उठा।

### अमेरिका का नया शहर होगा स्टारबेस




**मैकएलेन।** अमेरिका के टेक्सास में उस जगह को एक शहर घोषित किया गया है जहां उद्योगपति एलन मस्क की रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स स्थित है और इसे स्टारबेस नाम दिया गया है। स्टारबेस को औपचारिक रूप से शहर घोषित करने के लिए वहां रहने वाले लोगों के एक छोटे समूह के बीच मतदान कराया गया जिसमें इस प्रस्ताव को एकतरफा मंजूरी मिल गई। यहां रहने वालों में ज्यादातर लोग मस्क की कंपनी के कर्मचारी हैं। कैमरून काउंटी निर्वाचन विभाग द्वारा ऑनलाइन जारी परिणामों के अनुसार, इस प्रस्ताव के पक्ष में 212 वोट पड़े जबकि इसके खिलाफ छह वोट पड़े। मस्क ने अपने सोशल मंच एक्स पर खुशी जाहिर करते हुए एक पोस्ट में कहा कि यह अब वास्तव में एक शहर बन गया है। स्टारबेस स्पेसएक्स रॉकेट कार्यक्रम का प्रक्षेपण स्थल है।

# सात कंपनियों का मार्केट कैप 2.31 लाख करोड़ बढ़ा

## शेयर बाजार समीक्षा

**रिलायंस, एचडीएफसी बैंक, एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआइ, इन्फोसिस और आईटीसी की मार्केट वैल्यू बढ़ी**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में सामूहिक रूप से 2.31 लाख करोड़ रुपये (2,31,177.3 करोड़ रुपये) की बढ़ोतरी हुई। स्थानीय शेयर बाजार में सुधार के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा लाभ में रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,289.46 अंक या 1.62 प्रतिशत के लाभ में रहा। गुरुवार को महाराष्ट्र दिवस के मौके पर शेयर बाजार बंद रहे थे। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 1,64,959.62 करोड़ रुपये बढ़कर 19,24,235.76 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 20,755.67 करोड़ रुपये बढ़कर 10,56,029.91 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 19,381.9 करोड़ रुपये बढ़कर 10,20,200.69 करोड़ रुपये रही। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 11,514.78 करोड़ रुपये बढ़कर 14,73,356.95 करोड़ रुपये पर और इन्फोसिस का 10,902.31 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 6,25,668.37 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 2,502.82 करोड़ रुपये बढ़कर 5,38,294.86 करोड़ रुपये हो गई। एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 1,160.2 करोड़ रुपये बढ़कर 7,14,014.23 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 15,470.5 करोड़ रुपये घटकर 5,50,726.80 करोड़ रुपये रह गई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 1,284.42 करोड़ रुपये घटकर 12,45,996.98 करोड़ रुपये रह गया।



**सेंसेक्स पिछले हफ्ते 1289 अंक उछला**

भारत और पाकिस्तान के बीच बचे तनावपूर्ण स्थिति के बीच विदेशी निवेशकों की लिवाली के बल पर शेयर बाजार बीते सप्ताह भी तेजी में रहा। अगले सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों से बाजार की चाल तय होने का अनुमान है। सेंसेक्स शुक्रवार को समाप्त सप्ताह के दौरान 1289.46 अंकों या 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,501.99 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 307 अंकों की बढ़त के साथ 24,346.70 पर बंद हुआ।